रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 28 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 41 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### अमन सिंह की याचिका पर सुनवाई अब 4 को



**बिलासपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह की याचिका पर हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई। एसीबी की ओर से शासन ने जवाब पेश किया। लेकिन बहस अधूरी रही। अब मामले की अगली सुनवाई 4 अक्टूबर को होगी। दरअसल, रायपुर के कांग्रेसी नेता विकास शर्मा ने अमन सिंह और यास्मीन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए 2 साल पहले ए सीबी और ई ओ डब्ल्यू में शिकायत की थी। एसीबी और ईओडब्ल्यू ने कार्यवाही शुरू की तो इसके खिलाफ अमन सिंह और यास्मीन सिंह ने हाईकोर्ट में वीअलग-अलग याचिकाएं लगाईं। प्रारंभिक सुनवाई में ही हाईकोर्ट ने दोनों के खिलाफ 'नो कोर्सिव स्टेप' यानी किसी भी प्रकार के दंडात्मक कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

### रोजगार में 29 प्रतिशत की वृद्धि

**नयी दिल्ली।** संगठित एवं असंगठित क्षेत्र की दस से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाली गैर कृषि इकाईयों में अप्रैल से जून 2021 की तिमाही के दौरान वर्ष 2013-14 के बाद से अनुमानित तीन करोड़ आठ लाख लोगों को रोजगार मिला है और इसमें 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को यहां 10 से अधिक लोगों को रोजगार देने वाली गैर कृषि इकाईयों में रोजगार सर्वेक्षण की पहली रिपोर्ट (अप्रैल से जून 2021) जारी की और कहा कि सरकार के प्रयासों से अब रोजगार सर्वेक्षण की रिपोर्ट नियमित रुप से प्रत्येक तिमाही में जारी होगी।

### विदेश व्यापार नीति की अवधि 31 मार्च तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने नयी विदेश व्यापार नीति अगले वित्त वर्ष से लागू करने की घोषणा करते हुये आज कहा कि वर्तमान नीति की अवधि 31 मार्च 2022 तक बढ़ा दी गयी है। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित वाणिज्य सप्ताह का समापन करते हुये कहा कि वर्तमान नीति को अब 31 मार्च 2022 तक बढ़ा दिया गया है। नयी नीति नये वित्त वर्ष से लागू की जायेगी।

# जशुपर कलेक्टर कावरे हटाए गए

## दिव्यांग बच्चियों से दुष्कर्म मामले पर सरकार सख्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर/जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पायनियर इम्पैक्ट

प्रशिक्षण केन्द्र में दिव्यांग बच्चियों के साथ दुष्कर्म तथा छेड़छाड़ मामले में सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए जशपुर कलेक्टर की छुट्टी कर दी है। सीएम भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षकों को शासकीय छात्रावास के निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। वहीं जशपुर जिले में घटी अप्रिय घटना में कड़ा रुख अपनाते हुए तुरंत एफआईआर के निर्देश भी दिए गए हैं। महादेव कावरे की जगह रितेश अग्रवाल को नया कलेक्टर बनाया गया है। आपको बता दें कि जशपुर में हुई दिव्यांग बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटना को राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने प्रमुखता से उठाया था, राज्य सरकार ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए बड़ी कार्यवाही की है। तो वहीं सरकार ने दूसरा बड़ा फेरबदल बलरामपुर-रामानुजगंज में किया है कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल को हटाया गया है।


दिव्यांग बच्चियों से दुष्कर्म, जशपुर में उबाल
भाजपा का आरोप– मामले में पर्दा डाल रही सरकार
पायनियर लगातार
शराब के नशे में केयर टेकर और चौकीदार ने दिव्यांग केंद्र में नाबालिक बच्चियों से किया दुष्कर्म
डीएमसी के घर ड्यूटी करता केयर टेकर
डीएमसी के खिलाफ एफआईआर पर अड़ी बीजेपी
फांसी की उठ रही मांग

### एसडीएम की भी छुट्टी

राज्य सरकार ने जशपुर जिले की घटना को काफी गंभीरता से लिया है। जशपुर कलेक्टर महादेव कावरे को हटाए जाने के बाद जिले के एसडीएम की भी छुट्टी कर दी है। रामामेश्वरनाथ पांडेय संयुक्त कलेक्टर जशपुर को बलरामपुर-रामानुजगंज का संयुक्त कलेक्टर, रवि राही अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी को कांकेर संयुक्त कलेक्टर, ज्योति बबली कुजूर अनुविभागीय अधिकारी जशपुर को मंत्रालय में अपर सचिव एवं चेतन साहू अनुविभागीय अधिकारी पत्थलगांव को बलरामपुर-रामानुजगंज में डिप्टी कलेक्टर के रुप में नवीन पदस्थापना दी गई हैं।

चंद्रवाल को पंडो जनजाति के लोगों के अतिक्रमण तथा तोड़फोड़ को लेकर पैदा हुए विवाद के चलते हटाए जाने की बात समाने आ रही है। चन्द्रवाल की जगह कुंदन कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज का नया कलेक्टर बनाया गया है। तीसरा बड़ा फेरबदल करते हुए राज्य सरकार ने राजेन्द्र कटारा को बीजापुर का नया कलेक्टर बनाया है।

# अचानकमार टाईगर रिजर्व एक बार फिर सुर्खियों में
## सरकारी दर से 80-90 फीसदी कम में टेण्डरों की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < मुंगेली /लोरमी
www.dailypioneer.com




अचानकमार टाईगर रिजर्व जहाँ कभी आग लगने, लकड़ी तस्करी, जानवरों का शिकार तो कभी एटीआर में रहने वाले ग्रामीणों के उपर तानाशाही को लेकर चर्चा में आते रहते है लकिन इस बार एटीआर कार्यालय में कुछ लग ही कारानामा सुनने को मिल रहा है अपनी कारगुजारियों को लेकर सुर्खियों में रहने वाला अचानकमार टाइगर रिजर्व एक बार फिर सुर्खियों में है इस बार सुर्खियों की वजह बना है एटीआर में होने वाले निर्माण कार्यों के लिए आमंत्रित निविदा मे सरकारी दरों से 80 से 90 फीसदी कम दरों के टेंडर को स्वीकृति प्रदान किया गया है जो एक आश्चर्यजनक है। गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में मिट्टी खुदाई हेतु जेसीबी एवं ट्रैक्टर की निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमे जेसीबी की खुदाई एवं परिवहन की सरकारी दर 154.70 पैसे निर्धारित की गई थी लेकिन वही मिली जानकारी के अनुसार निविदा प्रक्रिया जिसमे 80 प्रतिशत कम 29.49 पैसे की निविदा में न्यूनतम राशि भरी गयी है, इसी प्रकार ट्रेक्टर समतलीकरण में भी 80 प्रतिशत कम 210 रुपये, ट्रेक्टर परिवहन में 0-5 किमी में 45 रूप्ये, 5-10 किमी में 79 रूप्ये की दर, 10-15 किमी में 89 की दर से राशि डाला गया है जो कुल में भी क्रमशः 45,79,89 रुपये की न्यूनतम राशि भरी गई है जोकि निर्धारित दर से 90 प्रतिशत कम है। निविदा में डाले गये इस दर को सुनकर चौक जाते है सभी के मन में एक सवाल उठ रहा है कि इतने कम दर में कैसे काम किया जा सकता है। गौरतलब है कि शासकीय दर से इतने कम प्रतिशत में भरे गए निविदा को स्वीकृति मिलना कई गम्भीर सवालों को जन्म देता है, जिसमे सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि शासकीय दर का निर्धारण विशेषज्ञों के द्वारा होता है। जिसमे 20 से 25 प्रतिशत राशि कम या ज्यादा हो सकती है लेकिन इतना भारी अंतर के निविदा की स्वीकृति शासकीय दर निर्धारकों के सामने चुनौती पेश कर रहे है सीधे शब्दों में कहें तो ठेकेदार शासकीय निर्धारित दर से 80 से 90 फीसदी कम दर पर काम करने को तैयार है। वही आपको बता दे निविदा में जो दर डाला गया है वो घंटे के हिसाब है समतलीकरण ट्रैक्टर के द्वारा किया जाता है तो ट्रैक्टर प्रति धण्टे में करीब 3 से 4 लीटर डीजल लेती है और अभी डीजल की कीमत आसमान छु रही है 97 रूप्ये के आसपास डीजल की कीमत है उस हिसाब से अगर 210 रूपये प्रति धण्टे के हिसाब से ट्रैक्टर से कार्य किया जाता है तो डीजल की पूर्ति नहीं हो पायेगी फिर ऐसे क्या जादू की छड़ी है जिससे इतनी कम राशि में कार्य किया जा सकता है यह एक सोचनीय व बहुत ही गंभीर बात है या फिर निविदा में जो राशि डाला गया है 80 से 90 प्रतिशत कम वह 30 वर्ष पुराने व्यय की सोच में इस प्रक्रिया को सोच में लाकर किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर पायनियर टीम के द्वारा एटीआर डीएफओ सत्यदेव शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन मामले को लेकर शर्मा बचते नजर आए। उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# सबको सस्ता इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मोदी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, महिलाओं और मध्यम वर्ग को सस्ता और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि देश में एक समावेशी और समग्र स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार किया जा रहा है। मोदी ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की तीसरी वर्षगांठ पर ऑनलाइन आयोजित एक कार्यक्रम में 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' का लोकार्पण करते हुए कहा कि इससे देश भर की स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्पताल, चिकित्सक, फार्मेसी, दवा की दुकान और मरीज एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगे। प्लेटफार्म से देश के दूरदराज के हिस्सों में भी नागरिकों को वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों से परामर्श मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल से चल रही स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का अभियान आज नए चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम एक मिशन शुरू कर रहे हैं जिसमें भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत समग्र और समावेशी स्वास्थ्य मॉडल पर काम कर रहा है। यह मॉडल स्वास्थ्य देखभाल और बीमारी के मामले में आसान, किफायती और सुलभ उपचार पर जोर देता है। स्वास्थ्य शिक्षा में सुधारों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सात-आठ साल पहले की तुलना में अब भारत में बहुत अधिक संख्या में डॉक्टर और समान चिकित्सा जनशक्ति तैयार की जा रही है। देश में एम्स और अन्य आधुनिक स्वास्थ्य संस्थानों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है और हर तीन लोकसभा क्षेत्रों में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का काम चल रहा है।

# भारत की भौगोलिक विविधताएँ दुनिया के पर्यटकों को करती आकर्षित : बिरला

**नयी दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भौगोलिक विविधताएँ पूरी दुनिया से पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। श्री बिरला ने सोमवार को विश्व पर्यटन दिवस के पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'समावेशी विकास के लिए पर्यटन' में कहा कि कोविड का प्रकोप कम होने के बाद भारत में पर्यटन क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। सामूहिक और प्रतिबद्ध प्रयासों से हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में उभरे। श्री बिरला ने कहा, ÷जिस प्रकार हमने सामूहिक प्रयासों से कोविड-19 का मुक़ाबला किया है, उसी सामूहिक शक्ति और समन्वित प्रयासों से हम अपनी अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।÷ उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटन क्षेत्र अर्थव्यवस्था और रोजगार के ग्रोथ इंजनों में से एक है, इसलिए, इस क्षेत्र के आगे विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है । भारत में पर्यटन की अपार संभावनाओं के बारे में श्री बिरला ने कहा कि हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भौगोलिक विविधताएँ पूरी दुनिया से पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। भारत में पर्यावरण, आध्यात्मिक, शिक्षा और चिकित्सा पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। भारत की घरेलू और विदेश नीति से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल वातावरण मिला है। हमारा लक्ष्य भारत को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन डेस्टिनेशन बनाना है । पर्यटन स्थलों को पर्यटकों के अनुकूल बनाने के अधिकतम प्रयास किए जाने चाहिए । श्री बिरला ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों का उपयोग किए जाने पर जोर दिया।

# धर्मांतरण का 70 प्रतिशत कारण राजनीतिक दलों की विफलता 30 प्रतिशत विदेशी ताकतों की भूमिका : स्वामी निश्चलानंद

- राजनीति के नाम पर सिर्फ उन्माद तंत्र, शासन की दिशाहीनता धर्मांतरण का मुख्य कारण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



धर्मांतरण का 70प्रतिशत कारण राजनीतिक दलों की विफलता और 30प्रतिशत विदेशी ताकतों की भूमिका है। शासन की दिशाहीनता धर्मांतरण का कारण है। क्रिश्चन तालिबानी शासन में धर्मांतरण करवाने के लिए नहीं जा सकते हैं। यह बात जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने कही। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अपने बेबाक अंदाज में प्रदेश में गर्म धर्मान्तरण के मुद्दे पर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अगर किसी समस्या के कारण धर्मांतरण है, तो सामाजिक और राजनीतिक संस्थानों की तरफ से उसका हल क्यों नहीं किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के सामने कोई टिक नहीं सकता है। एक समय के बाद जो धर्मांतरण करवा रहे हैं, जिनका धर्मांतरण हुआ है, वो आने वाले समय में हिन्दू ही होंगे। पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि राजनीति के नाम पर सिर्फ उन्माद तंत्र है। कोई भी राजनीतिक दल प्रदेश में ऐसा नहीं है, जो सत्ता लोलुपता और लालच से मुक्त हो। 98प्रतिशत चुनाव में हथकंडों से जीतते हैं, उन्हें राजनेता नहीं कहा जा सकता। वहीं किसान आंदोलन पर उन्होंने कहा कि देश में किसानों के नाम से बहुत से प्रधानमंत्री आए हैं। लेकिन सत्ता में आने के बाद सब भूल जाते हैं। किसान भी दिशा हीन हो रहे हैं। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरी की मौत पर शंकराचार्य ने कहा कि जो भी हुआ वह दुखद है। चाहे जिस भी कारण से हो। फिलहाल, जांच चल रही है। इस पर ज्यादा नहीं बोलूंगा। यही कहूंगा कि संत समाज को धर्म के ठेकेदारों से दूर रहना चाहिए। इसके साथ छत्तीसगढ़ में शराबबंदी पर स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि इस दिशा में सरकार के साथ समाज को भी सोचना होगा। गोवंश पर बोले गो तस्करी पर लगाम लगनी चाहिए। गो हत्या बंद होनी चाहिए।

## किसानों ने जगह -जगह शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की

# 3 नये कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के 'भारत बंद' को मिला समर्थन

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन में शामिल स्वराज इंडिया के अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि भारत बंद को अधिकांश राज्यों से अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। यादव ने कहा कि किसान जगह - जगह शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, केरल, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में किसानों का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। वे किसान मोर्चे के शांतिपूर्ण 'भारत बंद' आह्वान का पालन करते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों में जगह- जगह धरने -प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आंदोलनकारियों से एक बार फिर शांतिपूर्ण तरीके से धरना- प्रदर्शन कर अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

विभिन्न राज्यों के किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मेरठ के भाटीपुरा चौराहा पर शांतिपूर्ण तरीके से किसानों ने चक्का जाम किया। हरियाणा के बहादुरगढ़ (टिकरी बॉर्डर) धरना स्थल और सोनीपत में रेल यातायात बाधित किए जाने की सूचना है। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा कई जगहों सड़क एवं रेल मार्गों पर प्रदर्शन तथा धरना देकर यातायात बाधित करने की खबरें मिली हैं। पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में हवाई अड्डे के बाहर किसान धरने पर बैठे हैं। पंजाब के गुरूदासपुर में कई स्थानों पर यातायात बाधित करने की सूचना है। श्री यादव ने एक बार फिर कृषि कानूनों को जनविरोधी करार देते हुए इसे देश हित में तत्काल वापस लेने की मांग केंद्र सरकार से की है । साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी होने तक किसानों के आंदोलन जारी रहेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा इस बात पर एकमत हैं।

### पूरा देश किसानों के साथ, कृषि कानून वापस लें मोदीः प्रियंका



नये कृषि कानूनों के विरोध में किसान संगठनों के भारत बंद का समर्थन करते हुये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिये लागू किये गये कृषि कानूनों के विरोध में पूरा देश अन्नदाताओं के साथ खड़ा है। श्रीमती वाड्रा ने सोमवार को ट्वीट किया खेत किसान का,मेहनत किसान की, फसल किसान की लेकिन भाजपा सरकार इन पर अपने खरबपति मित्रों का कब्जा जमाने को आतुर है।

### किसान नेता राकेश टिकैत छत्तीसगढ़ में करेंगे महापंचायत



किसान नेता राकेश टिकैत आज छत्तीसगढ़ के राजिम में महापंचायत करेंगे। जानकारी अनुसार यहां आयोजित जनसभा में मेघा पाटकर सहित अन्य नेतओं के भी शामिल होने की खबर है। इस अवसर पर राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर के प्रमुख किसान नेताओं के जुटने की संभावना है। किसानों की बड़ी संख्या को लेकर पुलिस और प्रशासन ने एक दिन पहले ही बंदोबस्त को दुरूस्त कर लिया है। आयोजकों का दावा है कि महापंचायत में प्रदेश से तकरीबन 40 से 50 हजार लोग जुटेंगे। वहीं कार्यक्रम के लिए मंडी परिसर के शेड में 40 फीट लंबा और तकरीबन 20 फीट चौड़ा मंच तैयार किया गया है। आयोजन में प्रमुख रूप से टिकैत के साथ दर्शनपाल सिंह, योगेन्द्र यादव, युद्धवीर सिंह, डॉ. सुनीलम, बलदेव सिंह सिरसा, बलवीर सिंह के शामिल होने की सूचना है।

# वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा ने उत्तर प्रदेश में बनाए नए मंत्री : मयावती

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि भाजपा ने जातिगत आधार पर सिर्फ वोट बैंक को साधने के लिए नए मंत्री बनाए हैं। मायावती ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि भाजपा ने कल उत्तर प्रदेश में जातिगत आधार पर वोटों को साधने के लिए जिनको भी मंत्री बनाया है, बेहतर होता कि वे लोग इसे स्वीकार नहीं करते,क्योंकि जब तक वे अपने-अपने मंत्रालय को समझकर कुछ करना भी चाहेंगे, तब तक यहाँ चुनाव आचार संहिता लागू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि पिछड़े समाज के विकास तथा उत्थान के लिए अभी तक वर्तमान भाजपा सरकार ने कोई भी ठोस कदम नहीं उठाये हैं, बल्कि इनके हितों में पूर्व की बसपा सरकार ने जो भी कार्य शुरू किये थे, उन्हें भी अधिकांश बन्द कर दिया गया है। इनके इस दोहरे चाल-चरित्र से इन वर्गों को सावधान रहने की सलाह है। मायावती ने उत्तर प्रदेश की सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार पूरे साढ़े चार वर्षों तक यहाँ के किसानों की घोर अनदेखी करती रही व गन्ना का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया, जिस उपेक्षा की ओर सात सितम्बर को बसपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मेरे द्वारा इंगित किया गया। अब चुनाव से पहले इनको गन्ना किसान की याद आई है, जो इनके स्वार्थ को दर्शाता है।

# अपराधों को लेकर प्रदेश सरकार को बृजमोहन अग्रवाल ने कठघरे में खड़ा किया

## शर्मनाक है कि दिव्यांग बच्चियों के साथ सरकारी संरक्षण में दुष्कर्म

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों को लेकर प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया है. पूर्व मंत्री ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसी काम में गम्भीर नहीं है। किसी भी सरकार के लिए ये शर्मनाक है कि दिव्यांग बच्चियों के साथ सरकारी संरक्षण में दुष्कर्म हो.

प्रदेश में हाल ही में घटित अपराधों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक दम्पत्ति की हत्या लैलूँगा में हो गई, परिवार के लोग कहते हैं कि एक करोड़ रुपए की चोरी भी हुई. शंकरनगर में छेड़छाड़ हो रही है. जो सरकार सामान्य अपराधों को रोकने में सक्षम नहीं वह नक्सलवाद को लेकर कितनी गम्भीर होगी। इसके साथ ही बृजमोहन ने धान की बर्बादी पर भी भूपेश सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ख़रीदी केंद्रों में पाँच



हज़ार करोड़ का धान बर्बाद हो गया है। सरकार अपनी गलती नहीं सुधार रही. सेलरी बाँटने के लिए भी लोन लेना पड़ रहा है।


### धर्मांतरण पर बीजेपी सीएम हाउस के साथ ही थानों का करेगी घेराव

धर्मांतरण को लेकर बीजेपी मंगलवार को बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है, बीजेपी सीएम हाउस के साथ ही थानों का भी घेराव करेगी। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कल होने वाले बीजेपी के विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा कि धर्मांतरण को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकलेंगे. अगर सरकार धर्मांतरण के ख़िलाफ़ कार्रवाई नहीं करेगी तो जनता करेगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को चेताते हुए कहा कि धर्मांतरण राज्य में क़ानून व्यवस्था का बड़ा मामला बनेगा इसे सरकार को समझना चाहिए।

### किसानों के भारत बंद पर कांग्रेस के साथ ही नक्सलियों के समर्थन पर सवाल

किसानों के भारत बंद के आह्वान पर नक्सलियों और कांग्रेस के समर्थन पर पूर्व कृषि मंत्री ने निशाना साधा है। बृजमोहन ने कहा कि इससे अंदाज़ा लगा सकते हैं कि सरकार क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या को लेकर बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल नहीं होते. कुछ लोगों की ज़िद का परिणाम किसान आंदोलन है. आम किसानों का इससे कोई लेना देना नहीं. देश के सीमित हिस्सों में यह आंदोलन चल रहा है। केन्द्र सरकार के तीनों कृषि कानून के खिलाफ किसानों का आंदोलन पिछले 10 महीनों से लगातार जारी है। आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की मौतें भी हुई है। किसानों के भारत बंद के आह्वान पर देश के कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने अपना समर्थन दिया था. किसानों के इस बंद का नक्सलियों ने भी समर्थन किया था।

### मुख्यमंत्री ने राजा राममोहन राय की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत, क्रांतिकारी समाज सुधारक, विचारक, शिक्षाविद राजा राममोहन राय को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है । बघेल ने कहा है कि राजा राम मोहन राय ने समाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास का पुरजोर विरोध किया । उन्होंने समाज में महिलाओं की दशा सुधारने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कई प्रयास किये। उनकी आवाज से भारत ने आधुनिकता की राह पकड़ी। उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

# मोदी सरकार के किसान विरोधी बिल के खिलाफ पूरा देश एकजुट : कांग्रेस

## मोदी भाजपा सदन में आंकड़ों की अकड़ में किसानों को कमजोर समझने की भूल कर रही

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के तीन काले कृषि कानून को वापस लेने की मांग को लेकर किसान संगठनों के भारत बंद को कांग्रेस ने समर्थन किया। पूरे प्रदेश में किसानों का समर्थन प्राप्त हुआ। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा हम दो और हमारे दो के नीति के तहत लाई गई तीन काले कृषि कानून का सबसे पहला विरोध सदन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने किया। कांग्रेस के द्वारा सदन में किसानों, आम उपभोक्ताओं के लिए उठाई गई आवाज आज देशभर में गूंज रही है। देशभर के किसान तीन काले कानून के खिलाफ खड़े हुए और बीते 10 माह से दिल्ली की सीमा में आंदोलन कर काले कृषि कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है केंद्र में बैठी मोदी



भाजपा सरकार किसानों की मांगों को अनसुना कर रही है और सदन में आंकड़ों की अकड़ में किसानों को कमजोर समझने की भूल कर रही है। भाजपा नेताओं को यह बात याद रखनी चाहिए कि किसान एक उंगली से मतदान कर केंद्र में बैठी सरकार बदलने की क्षमता रखते हैं। मोदी सरकार किसानों को लाठी, बंदूक और जेल की सलाखों की भय दिखाना बंद करें। हठधर्मिता त्यागे और किसानों के द्वारा की जा रही मांग को तत्काल पूरा करें। देश में जहां-जहां भी भाजपा की सरकारें हैं वहां के किसान आर्थिक रूप से तंगहाली के दौर से गुजर रहे हैं उनके उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा है। बिजली बिल, पानी, खाद की गंभीर समस्या है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 15 साल तक छत्तीसगढ़ में रमन भाजपा की सरकार रही है जिन्होंने किसानों से किए वादे को पूरा नहीं किया। किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने काम नहीं किया। बीते 7 साल में मोदी सरकार है और किसान विरोधी कार्यों में लगी हुई है। वादाखिलाफी करना भाजपा का चरित्र है। चंद उद्योगपतियों के लिए समर्पित मोदी भाजपा की सरकार के नीति में किसान, मजदूर, आम उपभोक्ता का हित नहीं लिखा हुआ है। भाजपा के नेता किसानों की बात सुनने के बजाय आंदोलन में शामिल किसानों को आतंकवादी, नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग और मवाली तक बोल चुके हैं।

## कोरोना में मृत लोगों के आत्मा की शांति के लिए श्रीमद् भागवत का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना में मृत आत्माओं की शांति और मोक्ष की प्राप्ति के लिए पितृपक्ष में श्रीमद् भागवत और ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है. इसका आयोजन लोक कल्याण एवं सद्भावना समिति द्वारा भनपुरी में किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत गीता का आयोजन 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक रखा गया है. इसका समय दोपहर 3 बजे से संध्या 6.30 बजे तक रखा गया है. भागवत गीता के कथावाचक पं. विनोद बिहारी गोस्वामी हैं। इसका स्थान पाटीदार भवन, भनपुरी रायपुर तय किया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान में विधायक अजय चंद्राकर के दिशा निर्देश में भाजपा मंडल मेघा के द्वारा युवा मोर्चा के नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा समर्पण कार्यक्रम के तहत आज रक्तदान कर इस कार्यक्रम को संपन्न बनाया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जागेंद्र साहू भाजपा मंडल महामंत्री संतोष सोनी सहित सूर्यकान्त साहू पंकज राठी रामकृष्ण साहू देवनाथ साहू देवाआशीष साहू खिलेंद्र पटेल साथियों ने रक्तदान किया। उक्त कार्यक्रम में श्याम साहू भाजपा मंडल मेघा प्रभारी,चेतन साहू सह मंडल प्रभारी जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा धमतरी, होरीलाल




साहू, विजय यदु मंडल अध्यक्ष दव्य मेघा मगरलोड, धर्मेंद्र कुमार साहू जिला सह संयोजक आईटी सेल धमतरी,सोमनाथ निषाद उपसरपंच सहित युवा मोर्चा मंडल के कार्यकर्ताओं कल्याण सिह शुभम शर्मा डोमेनद्र सिन्हा प्यारेलाल दुर्गेश तुलेश राजेश केवल डोमेनद्र सरद तोरण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन आप सभी का आभार धन्यवाद-भाजपा मंडल मेघा, भाजयुमो मंडल मेघा आईटी सेल मंडल मेघा बालाजी ब्लड सेंटर रायपुर इस केप में जिस जिस स्टाफ का योगदान थाए वो इस प्रकार- डॉक्टर अनुभव चंद्रकार, ब्रजेश चौबे टेक्निकल सुपरवाइजर, शशिकान्त सुक्ला टेक्नीशियन,रोशन साहू, खगेश्वर यादव, नर्सिंग स्टॉप एवं स्टूडेंट ।

# एनसीईआरटी ने अटकाई छत्तीसगढ़ के डेढ़ लाख बच्चों की किताबें

■ वोकेशनल कोर्स के लिए 28 करोड़ का बजट फिर भी पढ़ाई बाधित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में वोकेशनल (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) पढ़ाई के नाम पर बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आलम यह है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) से किताबों की साफ्ट कापी नहीं मिलने से बच्चों को किताबें नसीब नहीं हो पाई हैं। एक तरफ प्रदेश के हर जिले में बच्चों के लिए वोकेशनल कोर्स पढ़ाने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ पहले से ही चल रहे वोकेशनल कोर्स के बच्चों को स्कूली शिक्षा सत्र शुरू होने के चौथे माह भी डेढ़ लाख बच्चों को किताबें नसीब नहीं होने से सवाल खड़े हो गए हैं।समग्र शिक्षा की ओर से संचालित इन कोर्स के लिए छत्तीगसढ़ को केंद्र से 28 करोड़ रुपये मिलते हैं। प्रदेश में 546 स्कूलों में कक्षा नौवीं से 12वीं तक बच्चों को वोकेशनल पढ़ने के लिए विकल्प दिया जाता है, ताकि वे स्कूली शिक्षा के साथ-साथ ही स्वरोजगार या रोजगार के काबिल हो सकें। हर कक्षा में आठ ट्रेड में पढ़ाई हो रही है। ऐसे में सभी कक्षाओं के लिए 32 किताबें अभी तक नहीं छप पाई हैं।

**नहीं मिली साफ्ट कापी :** नई शिक्षा नीति में भी बच्चों को वोकेशनल कोर्स से जोड़ने के लिए सिफारिश की गई है। समग्र शिक्षा के अधिकारियों का कहना है कि इन कोर्स के लिए पाठ्यक्रम की संरचना का निर्माण भोपाल स्थित पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान करता है। वहीं से किताबें अपडेट होकर नहीं मिली हैं। जब तक संस्थान से पुस्तकों की साफ्ट कापी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, तब तक उनका यहां प्रकाशन नहीं हो पाएगा।

किताबें अब तक नहीं मिली है यह मेरे जानकारी में नहीं है, इसकी जांच करा लेता हूं।
**- डा. आलोक शुक्ला,** प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा छत्तीसगढ़

हमने किताबों के लिए पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान को कई बार पत्र लिखा है, अभी साफ्ट कापी नहीं मिली है।
**- अजय देशपांडे,** प्रभारी, वोकेशनल कोर्स, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़

हम पाठ्यक्रम बनाते हैं। 152 किताबों पर काम कर रहे हैं। 50 किताबों की साफ्ट कापी दिल्ली भेज चुके हैं, जो प्रिंटिंग स्टेज में हैं। ये किताबें एक सत्र के लिए नहीं हैं। हम पांच साल से लगातार काम कर रहे हैं। प्रिंटिंग और किताबें भेजने का काम दिल्ली से होता है। कोरोना की वजह से देरी हुई है।
**- राजेश पी . खम्बायत,** संयुक्त संचालक, एनसीईआरटी एवं क्षेत्रीय निदेशक, पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान भोपाल

### कर्मचारी चयन आयोग में ऑनलाइन परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर तक

रायपुर। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यार्थी 25 नवम्बर 2021 तक आयोग की वेबसाइट (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉट एसएससीडॉटएनआईसीडॉटइन) पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि 28 नवम्बर 2021 निर्धारित की गई है। यह परीक्षा आगामी वर्ष 2022 के माह जनवरी-फरवरी में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में 'ऑनलाइन' आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क 100 रूपए देय होगा। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग, वीजा, मास्टर कार्ड, क्रेडिट का डेबिड कार्ड से किया जा सकता है। इसके अलावा भारतीय स्टेड बैंक की शाखाओं में एसबीआई चालान जनरेट करके भी शुल्क का भुगतान कर सकते है।

## मैट्स विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्यूज़ एंकरिंग एंड मॉडर्न मीडिया विषय पर आयोजित इस सेमिनार के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं एंकर दीपक डोभाल थे। दीपक डोभाल पिछले करीब 15 सालों से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं। और इस वक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जाने माने एंकर के रूप में पहचान बनाए हुए हैं। दीपक राज्य सभा टीवी के अलावा कई निजी चैनल्स को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुकें हैं । और वर्तमान में मुंबई स्थित एक बिजनेस चैनल साथ जुड़े हुए हैं। उन्हें एंकरिंग के साथ साथ दुनिया के सबसे उंचे रणक्षेत्र सियाचीन से लेकर भारत के आखिरी छोर कन्याकुमारी तक से रिपोर्टिंग का अनुभव है। फ़िलहाल दीपक टीवी



पत्रकारिता के साथ साथ उभरते एंकर्स को ट्रेनिंग देने का काम भी कर रहे हैं। वेबीनार में दीपक ने एंकरिंग और पत्रकारिता के क्षेत्र में भाषा की अहमियत को बताया। उनका कहना था कि भाषा में शब्द चयन, उच्चारण, स्थापन के महत्व को बताया। इसके साथ ही पिच, पॉज और माड्यूलेशन के विशेष महत्व को बताया. उनका कहना था कि, एक एंकर को इन चीजों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## प्रदेश में उद्योग लगाने राजस्थान के उद्यमियों ने दिखाई रुचि

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने जयपुर के होटल मेरियट में पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ एक औद्योगिक परिचर्चा में छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक नीति के तहत दी जा रही विभिन्न छूट और रियायतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस परिचर्चा में उपस्थित उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाने के लिए रुचि दिखाई। जयपुर में आयोजित परिचर्चा में सोलर मशीन मैनुफैक्चरिंग, इथेनॉल, प्लास्टिक उद्योग सहित विभिन्न उद्योगों के उद्यमी अंशु गुप्ता, गणेश अग्रवाल, मनीष गुप्ता, सुमेर सिंह शेखावत, अमित चौधरी, लक्ष्मीकांत जाजोदिया तथा 50 से भी अधिक उद्योगपति शामिल हुए। इन उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ के डेलीगेशन से चर्चा कर छत्तीसगढ़ में निवेश हेतु अपनी रुचि भी दिखाई। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव




मनोज कुमार पिंगुआ ने औद्योगिक नीति के प्रावधानों, विशेष प्राथमिकता क्षेत्र को दिए जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। प्रबंध संचालक सीएसआईडीसी पी. अरुण प्रसाद, अपर संचालक उद्योग प्रवीण शुक्ला, आलोक त्रिवेदी, ओएसडी तथा ओ.पी. बंजारे ने भी उद्योगपतियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के राजस्थान चेप्टर के चेयरमैन दिग्विजय डाबरिया, को चेयरमैन सुनील दत्त गोयल तथा रेजिडेंट डायरेक्टर आर के गुप्ता विशेष रुप से उपस्थित थे।

## इंटरनेट गवर्नेंस फोरम की सयुक्त राष्ट्र में युवा राजदूत बनी पूर्णिमा तिवारी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंटरनेट गवर्नेंस फोरम सयुक्त राष्ट्र 2021 का आयोजन 6 दिसंबर 2021 से 10 दिसंबर 2021 तक पोलैंड के केटोवाइस में किया जा रहा है । जिसमें विश्व के 193 देशों में से 30 लोगों का चयन हुआ है । जिसमें से एक हैं छत्तीसगढ़ की पूर्णिमा तिवारी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए युवा राजदूत के तौर पर शामिल हो रही हैं। पूर्णिमा तिवारी ने इसका श्रेय अपना अपने माता-पिता , परिवार तथा अपने शिक्षकों को दिया। पूर्णिमा ने सेंटर फॉर कल्चर , मीडिया एंड गवर्नेंस,



जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली से मीडिया गवर्नेंस का कोर्स किया है । उन्होंने कम्युनिकेशन के क्षेत्र में काम किया है । वर्तमान में वह समुदायों में डिजिटल मीडिया साक्षरता के विषय में जागरूकता फैलाने की दिशा में काम कर रहीं हैं । हाल ही में इन्होने यूनेस्को - ए पी आयी सि यु के प्लेटफार्म द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट मनन में भी इसी विषय पर व्याख्यान दिया है । संयुक्त राष्ट्र के इस मंच के जरिये वह विकाशील देशों में मौजूद डिजिटल डिवाइड की चुनौती का समाधान निकालने का प्रयास करना चाहती हैं।

## वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 में संरचनाओं के निर्माण से 12.69 लाख हेक्टेयर भूमि के उपचार का मिलेगा लाभ

# कैंपा : 50 लाख से अधिक भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का हो रहा निर्माण : अकबर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के वनांचल में नरवा विकास योजना के तहत काफी तादाद में कार्य कराए जा रहे हैं। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के तहत प्रदेश के वन क्षेत्रों में स्थित नालों में कैम्पा मद की वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 के भाग- एक तथा दो के तहत अब तक 30 लाख 60 हजार भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 20 लाख 20 हजार संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद





अकबर ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि भू-जल संरक्षण संबंधी इन संरचनाओं के निर्माण से 12 लाख 69 हजार हेक्टेयर भूमि के उपचार का लाभ मिलेगा

राज्य में कैम्पा मद के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 160 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि से 1 हजार 829 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में भू-जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। इन संरचनाओं के पूर्ण होने पर 4 लाख 84 हजार 281 हेक्टेयर भूमि उपचारित होगी। इसी तरह वर्ष 2020-21 भाग- एक तथा दो के अंतर्गत 398 करोड़ 29 लाख रूपए की राशि से 4 हजार 160 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है। इनके निर्माण से 7 लाख 85 हजार 146 भूमि उपचारित होगी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इनमें वन वृत्तवार वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 भाग- एक तथा दो के अंतर्गत दुर्ग में 505 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में 4 लाख 28 हजार 521 तथा बिलासपुर में 1517 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में 14 लाख 75 हजार 341 भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इसी तरह वन वृत्त रायपुर में 847 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 4 लाख 89 हजार 449, जगदलपुर में 617 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 8 लाख 16 हजार 689, सरगुजा में 1140 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 9 लाख 96 हजार 494 तथा वन वृत्त कांकेर के अंतर्गत 816 किलोमीटर लम्बाई के विभिन्न नालों में 4 लाख 73 हजार 790 एवं वन प्राणी वृत्त के अंतर्गत 547 किलोमीटर लम्बाई के नालों में 4 लाख 00 हजार 312 भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है

## 'सक्षम' ने मनाई अष्टावक्र जयंती



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

विख्यात मुनि,विद्वान अष्टावक्र की जयंती पर सक्षम रायपुर टीम ने कार्यक्रम आयोजित किया,जिसमे रायपुर के दिव्यांग जनों को पुरुस्कृत किया गया । ज्ञात हो कि अष्टावक्र ऋषि जन्म से अस्थि विकलांग होने के वावजूद ,कुछ वेद,अष्टवक्र गीता आदि की रचना की,राजा जनक के गुरु रहे, ऋषि ने विकलांग होने के वावजूद इतनी महान रचना ,ग्यान प्राप्त किया, और आज हजारों साल बाद भी उनकी मिसाल देकर दिव्यांगों को प्रोत्साहित किया जाता है, यह कर्यक्रम सुंदर नगर स्थित कोपलवानी संस्था, में आयोजित हुआ,मुख्य अतिथि कन्हैयालाल अग्रवाल, (प्रांतीय संगठन सचिव कांग्रेस)ने सम्बोधित करते हुए 'सक्षम' के कार्य और प्रयासों की सराहना की,इस कार्यक्रम में दिव्यांग होकर भी अच्छा काम करने वाले, हार न मानने वाले दिव्यांगों में कविता पाठक,(बैंक ऑफ बडोदा) ,नरेंद्र साहू (टपरी कैफे,शंकर नगर, राजेश अशरानी एवम चन्द्रिका अशरानी (सोशल वेलफेयर हेल्पलाइन),संजय अग्रवाल को उनके कार्यो को प्रोत्साहित करते हुए पुरुस्कृत किया गया । इस अवसर पर पार्षद अमर बंसल,पार्षद मृतुन्जय दुबे,पूर्व पार्षद आरती उपाध्याय ,विनय भार्गव (ग्वाला) उपस्थित रहे।

# 11 मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम सीपीआई ने दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद सुकमा के सचिव रामासोढ़ी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आज विभिन्न मांगों के तहत हम राष्ट्पति के नाम कलेक्टर सुकमा को केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि संबंधित अध्यादेश वापस लिए जाने एवं हमारी अन्य मांगे को पूरे किए जाने के संबंध ज्ञापन दिया है। केंद्र सरकार द्वारा किसानों मजदूरों व गरीब जनता को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। आज किसानों द्वारा किए जाने वाले आंदोलन के 300 दिन पूरे हो चुके हैं । लेकिन केंद्र में बैठी सरकार को कोई असर नहीं हो रहा है। सरकार किसानों व जनता की मांगों नहीं मान रही है दूसरी तरफ हमारे अधिकारों के लिए जो 29 श्रम कानून बनाए गए थे उन्हें इस सरकार द्वारा निरस्त किया जा रहा है, एवं इनके बदले मात्र 04 लेबर कोड बना दिए गए हैं, श्रम कानून के बदलाव होने से हम सभी श्रमिकों का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है।आने वाले समय में हम सब सरकार तथा पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनकर रह जाएंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा आज पूरे देश में सरकारी उपक्रमों का निजीकरण किया जा रहा है यह देश व प्रदेश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है ,महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है डीजल पेट्रोल व रोजमर्रा की सामग्रियों के दाम आसमान छू रहे हैं ,इसलिए तीन काले कृषि कानूनों को रद्द किया जाए, कृषि उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी वाला कानून बनाने, बिजली संशोधन बिल 2020 को वापस लिया जाए, चारों श्रम कानून को तत्काल निरस्त किया जाए , सरकार के द्वारा उपक्रमों को निजीकरण करना बंद किया जाए ,नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण का फैसला वापस लिया जाए ,फर्जी मामले में जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों को निःशर्त रिहा किया जाए ,शासकीय नौकरी के भर्तियों में स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता दी जाए, आदिवासी क्षेत्रों में पांचवी अनुसूची एवं पेसा कानून का पूर्णतया पालन किया जाए,बैलाडीला उत्तर ब्लाक के ए एवं बी खदान के ई-टेडर को तत्काल निरस्त किया जाए ,बोधघाट बिजली परियोजना को ग्राम सभा की अनुमति के बिना शुरू न किया जाए ,रोजगार गारंटी योजना का मजदूरी भुगतान नगद किया जाए, आदिवासी सुकमा जिले में गांवों से 10-20 किमी.दूरी पर बैंक स्थापित है। मजदूरी कोई और करता है बैंक में किसी और के नाम से राशि जमा होता है बैंक में मिलान करते सालों गुजर जाता है। लेकिन मजदूरी नहीं मिलता है।आज भी इस जिले में करोड़ों रुपए भूगतान होना शेष है मजदूर परेशान होकर काम करना नहीं चाहते हैं इन समस्त मांगो को पूर्ण करने हेतु राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है।

# कोयलीबेड़ा में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंच के बैनर तले एकजुट हुए



पायनियर संवाददाता कोयलीबेड़ा
www.dailypioneer.com

कोयलीबेड़ा में 18 पंचायत के पिछड़ा वर्ग समुदाय के ग्रामीण एक जुट हुए व अपने हक अधिकार के लिए संगठन के रूप में कार्य करने की बात कही। बैठक के दौरान कोयलीबेड़ा ब्लॉक इकाई का गठन सर्व सम्मति से जगन्नाथ साहू व राकेश गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें चार संरक्षक के रूप में पुसउ राम पटेल,लछिन्दर बघेल,शिवन पटेल व रबिन्द्र पटेल । अध्यक्ष के रूप में जिरामतरई निवासी अमृत जैन, तीन उपाध्यक्ष सुरेश साहू (चिलपरस), हरेंद्र नाग (सिकसोड़), रामनाथ यादव (उदनपुर), सचिव नियत श्रीवास (कोयलीबेड़ा), सह सचिव गौतम निषाद (कोयलीबेड़ा), कोषाध्यक्ष श्रवण यादव (कोयलीबेड़ा), महिला कार्यकारिणी में - सुगन्धि पटेल (कन्दाड़ी), बेला निषाद (कोयलीबेड़ा), दुलसा पटेल (कोयलीबेड़ा) बनाये गए। नव नियुक्त पदाधिकारीयों को तिलक वंदन कर नियुक्ति मि बधाई दी गयी व आगामी दिनों में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंच को मजबूत करते हुए ग्राम स्तर पर जिम्मेदारी सौंपते हुए अपने हक अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने की बात कही गयी है। मुख्य रूप से पिछड़ावर्ग को जनसंख्या अनुपात में जातिगत जनगणना न होने के कारण आरक्षण नही मिलने की बात पर शुरू होगी व आगामी दिनों में चरणबद्ध तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन के मार्ग पर चलते हुए अपने हक अधिकार को हासिल करने की बातों पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में कोयलीबेड़ा क्षेत्र के सैकड़ों की सँख्या में ग्रामीण मौजूद रहे साथ ही बड़ी संख्या में नारी शक्तियों ने भी हिस्सा लिया।

# बीजापुर के दुर्गम क्षेत्रों में अब आसानी से बनेंगे आधार कार्ड

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर बस्तर अंचल के बीजापुर जिले में ग्रामीणों के लिए आधार कार्ड बनाने हेतु विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन और चिप्स के द्वारा ग्रामीणों को आधार कार्ड तेजी से उपलब्ध कराने के लिए 40 आपरेटरों की नियुक्ति की गई है। चिप्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी समीर विश्नोई ने बताया कि बीजापुर जिले के अनेक दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में ग्रामीणों के पास आधार कार्ड नहीं होने के कारण अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में कठिनाईयां आ रही थी। ग्रामीणों को अधार कार्ड बनाने के लिए जगदलपुर अथवा तेलंगाना के वारंगल जिले में जाना पड़ता था। जिला प्रशासन और चिप्स के द्वारा ग्रामीणों की इस समस्या के निराकरण के लिए आधार कार्ड बनाने के लिए आपरेटरों की नियुक्ति की गई है। बीजापुर कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने बताया कि नए आपरेटरों की भर्ती के बाद बीजापुर के दुर्गम क्षेत्रों आकलंका, पिनकोंडा, पोंदूम, बड़ेतुंगली, मिरतुर, कुटरु, गोमला, मनकेली, रेड्डी, गंगालूर, चेरपाल, बासागुड़ा, तारलागुड़ा, बारेगुड़ा व संड्रा में आधार कार्ड तैयार कराने का काम आसानी से हो सकेगा। इन स्थानों पर आधार कार्ड बनाने के लिए आपरेटरों को कम्प्यूटर सिस्टम एवं आधार किट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## कमिश्नर ने किया गिरदावरी का निरीक्षण

**कांकेर।** बस्तर संभाग के कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र द्वारा तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम भैंसमुंडी पटवारी हल्का नंबर 27 एवं ग्राम कच्चे पटवारी हल्का नंबर 01 में गिरदावरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार मोहित साहू, राजस्व निरीक्षक त्रिलोक ठाकुर, हल्का पटवारी गणेशा गोटा, संगीत पाले, रामेश्वर हिचामी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। गिरदावरी निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री चुरेन्द्र ने हल्का पटवारियों को नियमित रूप से बी-1 का वाचन करवाने और प्रति तीन माह मे ग्राम चौपाल करवाने का निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम चौपाल में नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश दिये। ग्राम कच्चे के कुंती बाई पति अंकालू राम उर्वशा का पूर्व खाता विभाजन के अनुसार काश्त नहीं किये जाने कुंती बाई के द्वारा बताये जाने पर फसल कटाई के पश्चात राजस्व अभिलेख के अनुसार सही कब्जा बताने के लिए हल्का पटवारी गणेशा गोटा को कमिश्नर द्वारा निर्देशित किया गया।

# भालूओं के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के ओरछा विकासखण्ड मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर बीहड़ जंगलों में बसा ग्राम बड़े परलनार के जंगल में एक ग्रामीण पर दो भालूओं ने हमला कर दिया । भालूओं के हमले से ग्रामीण बुरी तरह जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10.00 बजे ओरछा परलनार में निवास रत पिड़के हलामी उम्र 45 पिता मिड़यि हलामी अपनी भांजी बालों उसेंडी के साथ खेत में मिर्ची तुड़ाई करने गया हुआ था।इसी दौरान अचानक दो भालूओं ने पिड़के हलामी पर हमला कर दिया ।पिड़के काफी देर तक भालूओं के हमले से जुझता रहा ।अपने मामा को भालूओं से लड़ता देखकर भांजी बालों ने दौड़कर गांव के लोगों को घटना की सुचना दी जिसके बाद करीब 15 ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे , परन्तु ग्रामीणों के पहुंचने के पहले ही मिड़यि दोनों भालूओं से किसी तरह जान बचा कर घर की तरफ दौडने लगा। तभी ग्रामीणों ने देखा कि मिडिया गंभीर रूप से घायल हो चुका है। ग्रामीणों ने घायल को कांवड़ की मदद से गुदाड़ी तक लाकर 108 में काल कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर संजीवनी108 वाहन चालक रवि कश्यप व ईएमटी कमला पोयाम ने तुरंत गुदाली पहुंचकर घायल ग्रामीण को 108 वाहन की मदद से उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओरछा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

## अतिसंवेदनशील क्षेत्र ग्राम पीरनार में 30 ग्रामीणों को लगाया गया टीका

**किरंदुल।** कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने एवं संक्रमितों की संख्या में कमी लाने हेतु शासन द्वारा जोरों से टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बता दें अतिसंवेदनशील घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत हिरोली के पीरनार में आज 30 ग्रामीणों को कोरोना की टीका लगाई गई। जिसकी जानकारी सुपरवाइजर राजेश बेहेरा ने मीडिया को दी। इस टीकाकरण कार्यक्रम में मनीषा देहारी,मीना बैध, प्रभाती एवं शमीम रजा का सहयोग रहा।



# सुकमा पुलिस ने मनकापाल में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



जिला पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम (नई सुबह, नई शुरुवात ) अभियान के तहत ग्राम मनकापाल में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शिविर में पहुंचे ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर किया गया दवाई वितरण । ग्राम मनकापाल व आस - पास क्षेत्र के ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य लाभ । जिला सुकमा में सुन्दरराज पी . पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) के मार्गदर्शन एवं सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक सुकमा (छ.ग.) के निर्देशन पर चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरुवात के तहत थाना गादीरास क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मनकापाल में जिला प्रशासन के सहयोग से स्वास्थ्य पण्डूम (स्वास्थ्य शिविर) का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य शिविर में ग्राम मनकापाल व आस-पास के लगभग 500 की संख्या में ग्रामीण आये । सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर उन्हें दवाइयाँ मुहैया कराया गया तथा स्वास्थ्य शिविर में कैम्प मनकापाल में पदस्थ जवानों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया । स्वास्थ्य शिविर में आये सभी ग्रामीणों को सुकमा पुलिस द्वारा भोजन करवाया गया एवं साथ ही साथ ग्रामीणों को नक्सलियों के बहकावे मे नही आयें एवं जो समाज की मुख्य धारा से भटक गये है वे मुख्यधारा से जुड़कर सुकमा के विकास में भागीदार बनने हेतु समझाईस दिया गया । इस कार्यक्रम में निरीक्षक रितेश यादव थाना प्रभारी गादीरास, उनि. दीपक ठाकुर डीआरजी कमांडर, उनि . हुबलाल चंद्राकर डीआरजी कमांडर, उनि. भीमार्जुननाथ ताण्डी डीआरजी कमांडर , एसटीएफ सीसी. अयोध्या सिंह बनाफर तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टरों की टीम व डीआरजी व एसटीएफ के जवान उपस्थित रहें ।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी पीछे से टक्कर



पायनियर संवाददाता अंतागढ़
www.dailypioneer.com

बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने अन्तागढ़ पुल के पास पीछे से टक्कर मारी, जिसमे मोटरसाइकिल में सवार गम्भीर रूप से घायल सुखदेव उइके तथा संतु राम मंडावी को अन्तागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिकी उपचार के लिए भर्ती किया गया। मोटरसाइकिल में सवार संतु राम मंडावी, सुखदेव उइके व लालू राम उइके ग्राम दुग्गपराली से स्टेट बैंक अन्तागढ़ आये हुए थे जो वापस गुड़ाबेड़ा जा रहे थे जिन्हें अज्ञात वाहन ने अन्तागढ़ पुल के पास पीछे से टक्कर मारी तथा टक्कर मारने के बाद फरार हो गया, घायलों को जिला अस्पताल काँकेर रिफर किया गया घायल सुखदेव उइके दुग्गापराली तथा संतु राम मंडावी गुड़ाबेड़ा का निवासी बताया जा रहा है। वहीं अज्ञात वाहन का पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पूरा मामला अन्तागढ़ थाना क्षेत्र का है।

# आगामी 48 घण्टे में भारी बारिश की संभावना

- आपात स्थिति से निपटने दूरभाष नम्बर जारी
- जिला प्रशासन की अपील - आपदा की स्थिति में दूरभाष पर करें सम्पर्क

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार, मौसम विज्ञान केन्द्र उष्ण कटिबंधीय चक्रवात नई दिल्ली से 26 सितम्बर 2021 को प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अवदाब उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित हैं।

इस गहरे अवदाब का अगले 12 घंटे में और प्रबल होकर एक चक्रवाती तूफान के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इसका प्रभाव मुख्य से दक्षिण छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है। इसके कारण जिले में भारी से अतिभारी वर्षा हो सकती है। साथ ही बहुत ही तेज हवा चलने की संभावना रहेगी।

उपरोक्त दृष्टिकोण से आगामी 48 घण्टे में अति भारी वर्षा अथवा चकवाती तूफान की संभावनों को देखते हए जिला प्रशासन सुकमा द्वारा आम नागरिकों से जर्जर भवनों, झोपड़ियों, विद्युत पोलों, सूखे खड़े पेड़ों आदि से दूर रहने की अपील की गई है।

यदि आपका घर असुरक्षित हैं, तो चक्रवात आने से पहले किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। टूटे हुए बिजली के खम्भों, तारों व दूसरी नुकीली चीजों से बचें, दरवाजे व खिड़कियां बंद रखे। मवेशियों व पशुओं की सुरक्षा के लिए उन्हें बांध कर न रखें। नदियों, जलाशयों में न जावे ।

किसी भी प्रकार की आपात स्थिति निर्मित होने पर जिला कार्यालय के कण्ट्रोल रूम दूरभाष नम्बर 07864-284012 पर तथा तहसील छिन्दगढ क्षेत्र हेतु मोबाईल नम्बर 7000298003, तहसीलदार कोण्टा क्षेत्र हेतु मोबाईल नम्बर 7489117113 तथा तहसीलदार सुकमा 9399903009 मोबाईल नम्बर पर तत्काल अवगत करावें।

SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)

APPOINTMENT

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.

## अनुसूचित क्षेत्र का विकास सरकार चाहती है तो अन्तागढ़ को जिला बनाए : मूलनिवासी आदिवासी समाज

# आदिवासी समाज ने ब्लाक स्तरीय गायता जोहारनी कार्यक्रम में सर्वसम्मति से अन्तागढ़ को जिला बनाने प्रस्ताव पास किया

पायनियर संवाददाता अन्तागढ़
www.dailypioneer.com




ब्लॉक स्तरीय गायता जोहारनी का आयोजन आदिवासी समाज के द्वारा रविवार को अन्तागढ़ के गोंड़वाना समाज भवन में धूमधाम से मनाया गया। अन्तागढ़ ब्लाक के सातों परगना के गायता, मांझी, मुखिया बच्चे, बूढ़े, महिला,पुरुष नवजवान बड़ी संख्या में गायता जोहारनी कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे।

समाज के युवक,युवतियों के द्वारा सामाजिक पोषक में सभी का तेलचावल से टिका लगा कर स्वागत किया जा रहा था। गायता जोहारनी कार्यक्रम की शुरुआत बुढ़ापेंन की अर्जी,नए फसल चढ़ा कर शुरू किया गया। गायता जोहारनी कार्यक्रम में ब्लाक के सभी गायता,मांझी ,पंच सरपंच मुखिया लोगो का सिर पर पागा बांध कर उनका स्वागत किया गया।समाज के नए पदाधिकारियों का भी शपथ ग्रहण समाज के प्रमुखों के बीच मे कराया गया। वही अनुसूचित क्षेत्र के विकास के लिये अन्तागढ़ को जिला बनाने की मांग पिछ्ले डेढ़ महीने से चल रही है जिसका समर्थन आदिवासी समाज प्रमुखता से कर रही है।और गायता जोहारनी कार्यक्रम में समाज के प्रमुखों,गायता,पेटल, माझी,पंच सरपंच के सर्व सम्मति से अन्तागढ़ को जिला बनाने की मांग का प्रस्ताव पारित कर प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल महोदया के नाम अन्तागढ़ अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया।

# इलेक्ट्रानिक्स बाजार की बिजली हुई गोल रिटेल काउंटर ने 75 फीसदी घटाई खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कोरोना काल में आ रही तीसरी नवरात्रि से भी इलेक्ट्रिक गुड्स बिजनेस को खास उम्मीद नहीं है। रियायतों के बीच ,गुजरे गणेश पर्व में उठाव शून्य पर जाता देख, नवरात्रि के लिए रिटेल काउंटरों ने महज 25 फ़ीसदी ही खरीदी की है। इससे आगे की खरीदी की हिम्मत अब उनमें नहीं है। एक के बाद एक जमीन पर आ चुके कारोबार में इस समय इलेक्ट्रिक गुड्स बिजनेस का नाम इसलिए लिया जा रहा है क्योंकि गणेश पर्व पर इसे कोई राहत नहीं मिली। पंडालों को अनुमति देने में जैसी शर्तें रखी गईं, उसने समितियों को भी ढेर कर दिया। ऐसी ही स्थितियां, दुर्गोत्सव में भी बनती दिखाई देती हैं। वैसे अभी गाइडलाइन जारी नहीं हुई है। इंतजार के बीच खबर आ रही है कि इलेक्ट्रिक गुड्स मार्केट ने रिस्क नहीं लेते हुए औपचारिक खरीदी की है।



**खरीदी शून्य पर :** आगत नवरात्रि, बीते बरस की ही भांति जमीन पर जाती नजर आती है क्योंकि होलसेल मार्केट से महज 25 फीसदी की ही खरीदी रिटेल काउंटरों ने की है। गणेश पर्व में शून्य खरीदी के बाद, नवरात्रि के लिए उठाव से हाथ खींच लिया गया है। लॉकडाउन जैसी स्थितियां भले ही नहीं हैं लेकिन पूजा पंडालों के लिए बनाए गए नियम अभी भी प्रभावी हैं।

**25 फ़ीसदी पर सिमटा :** गणेश और नवरात्रि पर्व के बाद रामलीला और अंत में दीपावली जैसे बड़े पर्व पर छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक गुड्स का बाजार आमतौर पर लगभग 10 करोड़ का रहता आया है। इस बार यह घटते-घटते महज 20 से 25 लाख रुपए पर आ चुका है। जैसी स्थितियां दिखाई देती हैं उसे देखते हुए उठाव की उम्मीद करना इस क्षेत्र ने छोड़ दिया है।

**यह बिल्कुल नहीं :** इलेक्ट्रिक गुड्स मार्केट में बीते डेढ़ साल से डी जे सिस्टम की ना तो पूछ-परख हो रही है, ना ही खरीदी की जा रही है। कोविड-19 के नियम तो हैं ही, इसके अलावा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और केंद्रीय पर्यावरण एवं प्रदूषण निवारण मंत्रालय की भी सख्त नजर इस बार है। पुराने उपकरण के साथ, काम या ऑर्डर की तलाश इस बाजार को भी है। कहा जा सकता है कि यह बाजार शून्य पर आ चुका है।

**उम्मीद केवल यहां :** नवरात्रि पर दुर्गा पंडालों की जगह घरेलू खरीदी की और ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए रिटेल काउंटरों ने झालर की ही बिक्री पर फोकस किया हुआ है। सावधानी इतनी कि इसमें भी ज्यादा कीमत की जगह क्रय शक्ति के भीतर आने वाली झालर ही उपलब्ध हो रही है। इस क्षेत्र से भी ज्यादा की उम्मीद नहीं है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने दुनिया को समाज के लिए एक नई दिशा दी : शर्मा

■ दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 105वीं जयंती के अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ एवं विधायक शिवरतन शर्मा ने ग्राम सिंगारपुर, दतरेंगी, देवरी, तरेंगा एवं भाटापारा नगर के गुरुनानक वार्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने दुनिया को समाज के लिए एक नई दिशा दी। जब पूंजीवाद, साम्यवाद और समाजवाद अपने उद्देश्यों में विफल हो रहे थे वह लोगों को राहत पहुंचाने में असफल हो रहे थे, ऐसे समय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का मूल मंत्र दिया, जिसमें समाज के सबसे निचले तबके के सबसे नीचे के व्यक्ति का विकास ही विकास का मूल मंत्र था। शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ही एक ऐसे युगदृष्टा थे जिनके द्वारा रोपित किया गया विचार आज हिंदुस्तान के आम जनता के जीवन में एक नई क्रांति ला रही है। एक भाजपा कार्यकर्ता होने के नाते मुझे गर्व है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन एवं अंत्योदय की विचारधारा को मोदी जी की केंद्र सरकार साकार कर रही है। जिसके परिणाम स्वरूप आम जनता के जीवन में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। पंडित जी के दर्शन के अनुसार ही गरीबों को मकान, शुद्ध पेयजल, घर-घर बिजली, 5 लाख तक का इलाज, किसानों को सम्मान निधि यह सभी योजनाएं प्रारंभ की गई है। इन योजनाओं से प्रदेश के सबसे नीचे तबके के लोगों के जीवन में जो बदलाव आ रहा है यही बदलाव भारत के विकास के लिए कारगर बदलाव है। उक्त कार्यक्रमों में मण्डल अध्यक्ष डब्लू ठाकुर, रामु साहू, महामंत्री पवन वर्मा, प्यारे रजक, बहोरिक यदु, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सतीश सोनी, सुनन्द मिश्रा, भाटापारा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश मिश्रा, दसरथ आडिल, भुखन यदु, सुकलहा साहू, गोविंद सोनी, आत्मा राम देवांगन, फागु ध्रुव, दिलीप चक्रधारी, धनेश साहू, सेवक साहू, प्रमोद निषाद, सुनील यदु, शिव साहू, देउक लाल बांधे, टीका साहू, पाहरू राम वर्मा, हेमराम वर्मा, योगराज वर्मा, सुरेश वर्मा, नवल वर्मा सहित बड़ी संख्या में सभी स्थानों पर कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सुंदर ध्रुव बने छग सर्व आदिवासी समाज भाटापारा के अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छ.ग सर्व आदिवासी समाज जिला ईकाई बलौदाबाजार के तत्वावधान में ब्लॉक इकाई भाटापारा का चयन मनोनयन भाटापारा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिटकुली में आयोजित की गई थी। जिसमें भाटापारा क्षेत्र के सर्व आदिवासी समाज उपस्थित होकर एक मत एक विचार से समाज के प्रति समर्पित व निष्ठावान सैकड़ों कार्यकर्ता के बीच से भाटापारा क्षेत्र के आदिवासी समाज के लिए हर क्षेत्र निपूर्ण अपने मुख्या सुन्दर लाल ध्रुव शिक्षक को अध्यक्ष का ताज दिया गया एवं उपाध्यक्ष देव कुंजाम, बालाराम मरकाम, सचिव सुशील धुव, कोषाध्यक्ष बुध राम ध्रुव, सह सचिव विदेशी राम, देवकुमार छेदैहा तथा कार्यकारिणी सदस्य लोकेश मंडावी, कार्तिक नेताम, दशरथ नेताम, बिशरू ध्रुव, समेलाल ध्रुव, लकेश्वर, आदि पदाधिकारियों की नियुक्ति समाज के द्वारा किया गया। अंत में नवनियुक्त अध्यक्ष के द्वारा समस्त आदिवासी समाज में अपना विचार प्रकट किया जिससे समाज उत्तरोत्तर प्रगति कर सकें। मंच का संचालन छ.ग सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव उदय नेताम ने किया तथा जिला अध्यक्ष दौलत कुंजाम के द्वारा समस्त आदिवासी समाज के विकास एवं संगठन मजबूत व विस्तार करने पर बल दिया गया तथा मुख्यरूप से समाज प्रमुख नारायण नेताम, नरेश नेताम, चतुर नेताम, इतवारी राम, रामकुमार मंडावी, विषय कुमार, लक्ष्मण नेताम, उदल नेताम, हनुमंत मंडावी, गौकरण छेदैहा, राजपाल, सीताराम, गजेन्द कतलम, नंदकुमार, लतेल राम नेताम, रामकिशुन, कुमार धुव, भूषण पोर्ते, महेन्द्र नेताम, नितेश कुंजाम उपस्थित थे।

# नुआखाई मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शिशुपाल पर्वत के नीचे सामाजिक भवन पुजारीपाली में जिलास्तरिय नुआखाई मिलन एवं सामाजिक सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें प्रतिभावान छात्र छात्रओ तथा उत्कृष्ट साहित्यकार कार्यकर्ता गायक वादक एवं जनप्रतिनिधियो का सम्मान किया एवं गाड़ा समाज द्वारा 10 सूत्री मैंगो को लेकर किस्मत लाल नन्द सरयपाली विधायक को जिलाध्यक्ष खुश राम मुखर्जी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया जिस पर विधायक महोदय के द्वारा शिशुपाल पर्वत के पास गाड़ा समाज की सामुदायिक भवन निर्मान के लिये 10 लाख रुपये देने कि घोशना कि। मुख्यातिथि किस्मत लाल नन्द सरायपाली विधायक एवं अनु.जाति विकास अधिकरन छ.ग. शासन, विशेष अतिथि माननीय राम लाल चौहान प्रान्ताध्यक्ष छ.ग. प्रदेश गाड़ा समाज, मोहन कुलदीप जिला उपाध्यक्ष छ.ग. प्रदेश गाड़ा समाज, नीरा चौहान पूर्व सदस्य अनु.जाति आयोग छ.ग., जयंती चौहान जनपद सदस्य, दुगली बाई तान्दी उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस छ.ग., सरस्वती चौहान पूर्व जिला पन्चायत सदस्य, दिपाजंली तरुन हरवंश जनपद सदस्य, दिनता कुम्हार पूर्व सरपन्च, उधो नन्द जनाब खान, परेश्वर सिंह रॉय विधायक प्रतिनिधि, बलराम भोई छुईपाली ब्लॉक अध्यक्ष, जीतेन्द्र सिदार भंवरपुर ब्लॉक अध्यक्ष, राम नारायण आदित्य सरायपाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष एवं गाड़ा सामाजिक कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर हुए विभिन्न खेलों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पूर्व वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में किया गया। इस अवसर पर महिला एवं पुरूष वर्गो में 500 मीटर सामान्य चाल, 50 मीटर दौ?,मटका फोड़, कुर्सी दौड़ जैसे विभिन्न मजेदार खेल आयोजित की गयी। इस दौरान शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

खेल प्रतियोगिता में विजयी हुए खिलाड़ियों को पुरुस्कृत भी किया गया। महिला वर्ग में 500 मीटर सामान्य चाल एवं 50 मीटर दौड़ में प्रथम लगनी पारधी,द्वितीय जानकी साहू हुए एवं कुर्सी दौड़ में जानकी साहू प्रथम एवं लगनी पारधी को द्वितीय स्थान मिला। इसी तरह पुरूष वर्ग में मटका फोड़ में इंदु पंजवानी,500 मीटर सामान्य चाल में पहला वेदराम, दूसरा छग्गर राम साहू एवं तीसरा नारायण चंद्राकर को स्थान मिला इसी तरह 50 मीटर दौड़ में प्रथम नारायण चंद्राकर,द्वितीय भूषण बंजारे तृतीय छग्गर राम साहू को स्थान मिला। कुर्सी दौड़ में पुनीत राम वर्मा को पहला,भूषण बंजारे दूसरा एवं छग्गर राम साहू को तीसरा स्थान मिला। इस दौरान समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक आशा शुक्ला,जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, टेसुलाल धुरंधर,सहित विभाग के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी गण,नगर के वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल के आदेशानुसार ध्वज वंदन आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी प्रसाद देसाई के निर्देशन में अरूण ताम्रकार प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल के आदेशानुसार ध्वज वंदन कार्यक्रम अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार में आहुत की गई। कार्यक्रम में ध्वजारोहण पश्चात ध्वजगीत, राष्ट्रीयगीत, राष्ट्रीयगान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेष ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल संतोश यादव, कांग्रेस सेवादल ब्लाक अध्यक्ष दिगम्बर साहू, जिला मीडिया प्रभारी हरिषंकर सेन, पार्षदगण बलौदाबाजार डिगेष्वरी रविन्द्र नामदेव, गौतम ठेठवार, गोल्डी मरैया, गोविंद पात्रे, क्रांती दिगम्बर साहू, एल्डरमेन सुखदेव साहू, मनोज प्रजापति, रवि यादव, जतीराम साहू, संतोश यादव, राजू यादव, सरिता साहू, कृष्णा साहू कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नपा उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा के आकस्मिक निधन पर नगर पालिका कार्यालय में शोक सभा का आयोजन कर शर्मा के तस्वीर के समक्ष मौन रखते हुये पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। प्रकाश शर्मा नगर पालिका में वर्ष 2000 से 2005 एवं 2005 से 2010 तक पार्षद एवं 2015 से 2020 व वर्तमान में उपाध्यक्ष पद पर आसीन थे। प्रकाश शर्मा, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद शर्मा के ज्येष्ठ भ्राता थे, इनके निधन को अपूर्णिय क्षति मानते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल ने शोक व्यक्त कर जीवन वृत्त पर चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किये व दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्षद कमल टण्डन, जितेन्द्र महाले, मुगल किशोर साहू, गणेश राम पाड़े, अमित वर्मा, आनंद राठौर, राजेश यादव, सुरेन्द्र सोनी, तुलसी राम यादव, शतेन्द्र सिन्हा,



प्रसुन शर्मा, भूवनेश्वर साहू, कृष्णकांत कुर्रे, अंजनी भारद्वाज, कमल भारद्वाज, कर्मचारीगण उपभियंता राकेश कुमार सोनी, जय वर्मा, रामनरेश मतावले, कृष्णा गेण्डरे, नंद किशोर नेताम, गुरूदत्त तिवारी, रजनीश मिश्रा, संजय साहू, धनेश पटेल, टिकेन्द्र द्विवेदी, हितेश वर्मा, विजय पाड़े, अश्वनी तिवारी, सुनीता साहू, इंदू साहू, सुभाषिनी शेन्द्रे सहित नगर पालिका के कर्मचारीगण व मणिकंचन केन्द्र की महिलाएं उपस्थित थे।

## अध्यक्ष ढेलू निषाद के नेतृत्व में निषाद समाज ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत

**लवन ।** छतीसगढ़ निषाद समाज महासमुन्द ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का महासमुन्द आगमन पर निषाद समाज की ओर से मलेरिया आपिस के सामने स्वागत टेंट लगा कर समाज के अध्यक्ष ढेलू निषाद महासचिव नंद कुमार निषाद के नेतृत्व में महासमुन्द निषाद समाज के पदाधिकारी समाजिक गणमान्य लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का भव्य स्वागत सम्मान किया, स्वागत करने के लिए निषाद समाज नदी परिक्षेत्र के अध्यक्ष राजेंद्र निषाद,12 पाली चिगरोद परिक्षेत्र अध्यक्ष भोला राम निषाद, छोटे खल्लारी खट्टी परिक्षेत्र अध्यक्ष सीता राम निषाद, कनेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष निल सिंग निषाद, सात पाली अध्यक्ष भुनेश्वर निषाद, बडग़ांव परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष निषाद, महासमुंद शहर महिला अध्यक्ष गायत्री निषाद, बिमचा मछली सुसाईटी अध्यक्ष सुकलू निषाद, दुलेश्वर निषाद, महासमुन्द शहर के पप्पू निषाद, राजेश निषाद, देव निषाद, चैती बाई निषाद, गैढ़ी बाई निषाद, माहेश्वरी बाई निषाद, दमयंती निषाद, सती निषाद, देवला निषाद, सुशीला निषाद, कोस्लया निषाद, मिलाप निषाद, दुर्गा निषाद, भक्त, निषाद मोती निषाद लेख राम निषाद, कन्हैया निषाद, बुधरू निषाद, राम किसुन निषाद, गंगू निषाद, राम साय निषाद, के साथ साथ भारत माता महिला कमांडो डुमरपाली ने भी सरपंच नंद कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# पीएटी की परीक्षा में 128 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

व्यापम द्वारा आयोजित पीएटी की प्रवेश परीक्षा यहां जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा में जिले के लिए पंजीकृत कुल 757 में से 629 परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर परीक्षा दी और 128 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गए । इस प्रकार अनुपस्थित विद्यार्थियों का प्रतिशत 17 था । परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में तीन केंद्र यथा दाऊ कल्याण सिंह कॉलेज, पंडित चक्रपाणि स्कूल और पंडित एलपी तिवारी हायर सेकंडरी स्कूल बनाये गए थे। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी आर.के.ध्रुव ने सभी केन्द्रों का अवलोकन कर व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने भी नकल अथवा अनुचित सामग्री को ध्यान में रखते हुये केन्द्रों का दौरा किया। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए परीक्षा शांतिपूर्ण और निरापद रूप से सम्पन्न हुई।

## आरक्षण नहीं, मेहनत ही सफलता की असली कुंजी होती : दिव्या

# बेटी दिवस पर महार समाज ने किया पीएससी में सफलता हासिल करने वाली बेटी दिव्या वैद्य का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

रविवार को बेटी दिवस पर महार समाज ने सीजी पीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली समाज की होनहार छात्रा दिव्या वैद्य का साल श्रीफल भेंट कर गरियामयी सम्मान किया। नगर के अंबेडकर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में महार समाज ने दिव्या को मिली सफलता के लिए उन्हे बधाई और शुभकामना दी। इस दौरान उनके माता पिता कल्पना वैद्य व राजेश वैद्य का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष पुन्नुलाल कुटारे ने की। विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके तथा गोविंद उइके थे। इसके पूर्व कार्यकम में पहुँचते ही दिव्या एवं उनके माता पिता का पुष्पमाला से जोशीला स्वागत भी किया गया। ज्ञात हो कि हाल में ही जारी सीजी पीएससी 2019 के परीक्षा के परिणाम में नगर की दिव्या वैद्य ने 251 रैंक हासिल की। उन्हे भू-अभिलेख शाखा में सहायक अधीक्षक के पद पर नियुक्ति मिलेगी। दिव्या के चयन होने पर नगर और समाज में हर्ष व्याप्त है। रविवार को महार समाज ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सम्मान समारोह में दिव्या वैद्य ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरूजनों को देते हुए



उनका आभार जताया है। दिव्या ने कहा कि माता पिता ने हर कदम में उनका साथ दिया, आगे बढने प्रोत्साहित किया, गुरूजनो से बेहतर मार्गदर्शन मिला। यही कारण है कि वह आज इस मुकाम तक पहुच सकी। दिव्या ने कहा कि समाज से मिले सम्मान से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। वह अभी रूकेगी नही और आगे बढ़ेगी। उन्होने कहा कि आपके बच्चे का जिस फिल्ड में मन लगता उसे उस फिल्ड में आगे बढ़ाए वे निश्चित सफल होंगे। एक सवाल के जबाव में दिव्या ने कहा कि आरक्षण का आधार गरीबी होना चाहिए। हालाकि आगे बढ़ने के लिए आरक्षण से ज्यादा मेहतन जरूरी है।

समारोह में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने कहा कि दिव्या शुरू से ही मेहनती और बहुप्रतिभाशाली रही। खेल के क्षेत्र मे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आज कड़ी मेहनत से पीएससी की कठिन परीक्षा में सफलता हासिल की हैं जो समाज के अन्य बच्चो के लिए प्रेरणादायक है। उन्होने दिव्या से कहा कि वे समाज के बच्चो को सफल होने के लिए मार्गदर्शन दे। समाज के लोगो से भी अपील कि वे बच्चो के पढ़ाई में ध्यान दे और आगे बढ़ने प्रेरित करे। समाज के सुजीत कुटारे ने कहा कि दिव्या ने अपने मेहनत से समाज और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। गोविंद उइके ने कहा कि दिव्या ने समाज का मान ब?ाया है उन्हे एक जिम्मेदार पद मिला है। निखिल सुस्माकर ने कहा कि दिव्या आज समाज के अन्य युवतियों के लिए वह प्रेरणादायी बनी है। समाज अध्यक्ष पुन्नुलाल कुटारे ने ऐसे कार्यकम से प्रतिभावान छात्रों का हौसला बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन ने किया।

इस अवसर प्रमुख रूप से कमला कुटारे, भगवंत कुटारे, संजीव सोनटेके, नंदकुमार रामटेके, मुकुंद कुटारे, बलवंत सुखदेवे, जितेश सुखदेवे, नागेश गजभिए, राजेन्द्र कुटारे, गिरधर गजभिए, गोरेलाल, चंद्रिका गणवीर, देवकी मेश्राम, अंजली लोन्हारे, हंशा कुटारे, मेघा सुखदेवे, अंजु कुटारे, जमुना गजभिए, पुर्णिमा गणवीर, प्रीती गणवीर, उमा कुटारे, आशा गजभिए, कोमल सुस्माकर, उर्मिला गजभिए, प्रतिभा सुखदेवे, सरिता उईके, जय कुटारे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## संसदीय सचिव का पारम्परिक तरीके से हुआ क्षेत्र भ्रमण में स्वागत

# भविष्य में हार्टिकल्चर कालेज किसानों के लिए नई दिशा तय करेगा : यू.डी. मिंज

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





सोमवार को संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू डी मिंज जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान ग्राम घटमुंडा बनकोम्बो नारायणपुर महुआटोली में लोगों से रूबरू हुए जगह जगह संसदीय सचिव का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। महिलाओं ने आरती उतार कर स्वागत किया।

सभी ग्रामीणों ने समस्या बताई सभी पर तत्काल उचित निर्णय कर समाधान करने की बात कही। जनसंपर्क के दौरान रानीकोम्बो में 4 महिलाओं को राष्ट्रीय परिवार सहायता अंतर्गत 20- 20 हजार का चेक वितरण विधायक के द्वारा वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिवयू डी मिंज ने रानीकोम्बो की में जनसभा ओर सेंदरीमुंडा फुटबॉल मैच उद्घाटन के कार्यक्रम के दौरान कहा कि आपके आशीर्वाद से आज आपके बीच मे रहकर काम कर रहा हुं। पूर्व संसदीय सचिव को याद करते हुए कहा कि उनके समय मे भी बहुत काम हुए है। नहर का निर्माण भी उनके द्वारा ही करवाया गया। कॉलेज को बताया बड़ी उपलब्धि यहां हार्टिकल्चर कालेज इस क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्व रखता है। जशपुर जिले में हार्टिकल्चर कालेज खुलने से बहुत संभावना बढ़ गई है। हम कृषि पद्धति पुराने ढंग से करते आ रहे। अब कालेज खुलने से नए पद्धति से काम करेंगे। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल किसानों के लिए बड़ी-बड़ी योजना लागू कर रहे हैं। पूर्व संसदीय सचिव लक्ष्मण राम के मार्गदर्शन से जशपुर जिला में सभांग का पहला हार्टिकल्चर कालेज नारायणपुर में खुला है जो इस क्षेत्र के लिए बड़ा सौभाग्य है। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने फरवरी 2020 में यहाँ कालेज की सौगात दी। जशपुर जिला बहुत सुंदर है।

### खिलाड़ियों को प्रशिक्षण आवश्यक

सेंदरीमुंडा में फुटबॉल मैच के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया बाजे गाजे के साथ मंच पर ले गए, विधायक द्वारा टॉस कर मैच का शुभारंभ किया, उन्होंने कहा स्वस्थ जीवन के लिए खेल महत्वपूर्ण है, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नही है, सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण मिल जाए तो ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## सरकार अंजाम के लिए तैयार रहे : सांसद गोमती साय



**जशपुर।** दिव्यांग केंद्र में बच्चियों के साथ घटित हुई छेड़छाड़ एवं रेप कांड पर रायगढ़ सांसद गोमती साय ने कहा कि जशपुर में खनिज न्यास योजना से संचालित सरकारी संस्थान में दिव्यांग असहाय बच्चियों के साथ छेड़छाड़ एवं रेप जैसा घृणित दुर्घटना घटित हो जाती है। इस प्रकार की घटना सरकारी संस्थान में एक दिन में अचानक नहीं हो सकती। जब तक बड़े अधिकारियों का सह नही मिलता तब तक छोटे कर्मचारी अपनी हद पार नही करते। इस घटना में शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की कर्तव्यहीनता एवं लापरवाही स्पष्ट दिखाई दे रही है। जशपुर के इस घटना के जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध सरकार तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। अन्यथा अपने अंजाम के लिए तैयार रहें। सांसद साय ने कहा कि आरोपी जेल में है, अधीक्षक सस्पेंड हो गए ,कार्रवाई चल रही है यह विषय ही नहीं है। विषय यह है कि ऐसी घटना घटित ही नही होनी चाहिए। जब जिले के सबसे संवेदनशील शासकीय संस्थान में दिव्यांग बेटियां सुरक्षित नही है तो सरकार की व्यवस्था कैसी है इसे समझा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बालिका छात्रावासों में पुरूष कर्मचारियों की नियुक्ति न हो। व बालिका छात्रावासों की सतत निगरानी होनी चाहिए। साथ ही सभी छात्रावासी में सीसीटीवी टीवी लगाना चाहिए।

## सचिव संघ ने सीईओ शीतल बंसल को दी बिदाई और नवनियुक्त सीईओ केके डहरिया का किया स्वागत



पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत गरियाबंद में 13 महिने जनपद में सीईओ के पद पर रही डिप्टी कलेक्टर शीतल बंसल के छुरा एसडीएम बनाए जाने के बाद शनिवार को उनकी विदाई तथा नये सीईओ केके डहरिया का स्वागत समारोह सचिव और सरपंच संघ आयोजित किया । इस अवसर पर जनपद सीईओ रही शीतल बंसल ने अपने 13 महीने के कार्यकाल में जनपद के कर्मचारियों से मिले सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। एक एक कर्मचारियों का नाम लेकर उन्होंने सभी की खूबियां गिनाई नये सीईओ को कौन कर्मचारी किस कार्य में माहिर है इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा गरियाबंद मे काम करना बिल्कुल अलग अनुभव था बहुत कुछ सिखने को मिला यहां के कर्मचारी टीम भावना के साथ अच्छा कार्य कर रहे थे तभी गरियाबंद जनपद को पुरस्कार मिला । पदभार ग्रहण कर नये सीईओ केके डहरिया ने इस अवसर पर कर्मचारियों से शासकीय कार्यो मे पुरा सहयोग देने की बात कही। गरीब आदिवासियों को रोजगार के नये साधन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने की बात कही उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था अच्छी रहे यह सुनिश्चित करवाएंगे। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने सीईओ रही डिप्टी कलेक्टर शीतल बंसल के व्यवहार की प्रशंसा की और कहा कि इनके कार्यकाल मे जनपद को दो दो पुरस्कार मिले जो उल्लेखनीय है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडिशनल सीईओ मदनलाल पैकरा, मनरेगा पीईओ रीना ध्रवे, सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव, अभिमन्यु ध्रूव, सचिव संघ अध्यक्ष अनुज ठाकुर, होरीलाल शर्मा, तीजू चौहान, दिलीप खरे, शत्रुघन साहू, कीर्तन बघेल, लोकसिह यादव, गोपाल सिन्हा, निशा पटेल, सुभांगी उपाध्याय, कंचन नायक, सरपंच सोहन ध्रुव, भुपेन्द्र घ्रुव, मोतीराम दीवान, मुकेश बिसेन, दिनेश ध्रुव, जानकी ध्रुव सहित सरपंच सचिव और जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यापर्ण किया गया



पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्र के सजग प्रहरी व सच्चे राष्ट्रभक्त के रूप में भारतवासियों के प्रेरणा स्रोत रहे हैं. राष्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले पं. दीनदयाल का यह उद्देश्य था कि वे अपने राष्ट्र भारत को सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षिक क्षेत्रों में बुलंदियों तक पहुंचा देख सकें.

उक्ताशय के उद्गार पं. दीनदयाल जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश्वर मिश्रा ने व्यक्त किये. वार्ड क्र. 9 में शंकर मंदिर के नजदीक आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यापर्ण कर किया गया. इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आकाश दुआ ने अपने उद्बोधन में कहा कि पं. दीनदयाल एक ऐसी राजनीतिक विचारधारा के सूत्रधार एवं समर्थक थे जिनमें राष्ट्र भक्ति की भावना कूट कूट कर भरी थी. राजनीति में कथनी और करनी में अंतर ना रखने वाले इस महापुरूष ने भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी आस्था बनाये रखी. भाजपा मंडल महामंत्री रामचरित द्विवेदी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्र निर्माण के कुशल शिल्पियों में से एक रहे हैं. व्यक्तिगत जीवन तथा राजनीति में भी सिद्धांत और व्यवहार में समानता रखने वाले इस महान भारतीय ने भारतीय राजनीति को जो दिया है वह अकल्पनीय है. ये भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे हैं. उन्होंने भारत के सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुये देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी. इस अवसर पर उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन रामधुन जायसवाल ने किया. उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को पं. दीनदयाल उपाध्याय से प्रेरणा लेकर कार्य करने की आवश्यकता है. इस अवसर पर पूर्व पार्षद उर्मिला जायसवाल, हरि मिश्रा, इकबाल सिंह, रूखमणि कश्यप, मानमती, अंकित भोजवानी, जितेन्द्र कश्यप, वीरू शुक्ला, कुश सर्राफ , हर्ष चौहान, रोहित, मोहित रैकवार, सुजल रैकवार, आलोक ताम्रकार, सुमित सोनी समेत काफी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## खम्हारपाली में दो दिवसीय पीसीएस लीग ड्युज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पीसीएस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज खम्हारपाली में शनिवार को हुआ। ड्युज गेंद से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फुल्झर क्रिकेट संघ की चार टीम भाग ले रही है। चारों टीमों पीसीएस इलेवन नार्थ, साउथ, ईस्ट?, वेस्ट के बीच लीग मैच खेला जा रहा है। फुल्झर? क्रिकेट संघ की एकेडमी समिति द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं पीसीएस के सलाहकार डॉ सोमनाथ पांडे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच भोथलडीह आर एस अजगर थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में पीसीएस उपाध्यक्ष शैलेश साहू, सचिव सुनील साहू, सलाहकार युधिष्ठिर साहू आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री पांडे ने सभी खिलाड़ियों से मन लगाकर अपनी प्रतिभा निखारने की अपील की। उन्होंने पीसीएस को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया सरपंच श्री अजगर ने पीसीएस के कार्य कलापों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू ने खम्हारपाली खेल मैदान को स्व? संदीप साहू खेल मैदान के नाम से किये जाने की घोषणा की। पीसीएस एकेडमी के संयोजक गिरजाशंकर स्वर्णकार ने बताया कि इस तरह का आयोजन चलते रहेगा। इन्हें अधिक से अधिक ड्युज प्रतियोगिताओं में ले जाने की कोशिश की जा रही है।



मैच के प्रारंभ में जनपद सदस्य हेमसागर नायक तथा आरटीओ अधिकारी शैलेन्द्र टंडन ने मैदान में पूजा पाठ कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। शेष लीग मैच आगामी शनिवार रविवार को बारडोली बसना में खेला जायेगा। विगत कुछ सालों से पीसीएस ने खिलाड़ियों को ड्युज गेंद से खेलने हेतु प्रेरित किया है। इसी के तहत 60 खिलाड़ियों का पंजीयन कर उन्हें खेलने और सीखने का प्रर्याप्त अवसर दिया जा रहा है। इस अवसर पर पीसीएस सलाहकार युधिष्ठिर साहू, संयुक्त सचिव चुड़ामणि साहू, एकेडमी के सह-संयोजक उमाशंकर भोई, प्रशासक भीमेश्वर साहू, मालिकराम पटेल, नीरदास? मानिकपुरी, दुखीश्याम भोई, कमलेश चौधरी, नंदकुमार साव, कामेश्वर सोनी, शिवेंद्र साहू, अनिल साहू अंपायर जितेन्द्र साहू, अजय भोई आदि उपस्थित थे।

### पौधा रोपण कर लिया संकल्प

स्पर्धा के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा सोमनाथ पांडे ने अपने साथ लाये? अशोक के पौधों का मैदानके तीनों ओर खिलाड़ियों के साथ रोपण किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष पौधा रोपण करने हेतु प्रेरित किया। इसको बचाने के लिए भी संकल्प लेने हेतु कहा?

## नारी शक्ति चित्रोतपला समिति द्वारा तीज उत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नारी शक्ति चितत्रोत्पला समिति का तीज उत्सव का कार्यक्रम वरिष्ठ संरक्षिकाओ रामकुमारी सोनी, यशोदा , इंदिरा सोनी , सरस्वती सोनी उर्मिला , सावित्री सोनी के आतिथ्य में संपन्न हुआ सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा गणेश जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया गया सुशीला सोनी एवं जीवन सोनी द्वारा कुमकुम टीका लगा कर श्रीफल से अतिथियों का स्वागत किया गया माधुरी सोनी द्वारा गणेश जी की वंदना प्रस्तुत की गई ममता सोनी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया।

पुष्पलता सोनी और शकुंतला द्वारा अतिथियों के स्वागत में गीत गाया गया तत्पश्चात समिति के के सदस्यों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें श्रद्धा , अनुपमा , वैशाली एवं नीता के द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य नेभाव विभोर कर दिया वहीं शिखा दिव्या, ज्योति , रोशनी , विनीता द्वारा सामूहिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया संरक्षिका एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से शकुंतला लक्ष्मीकांत सोनी को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया । इस कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के गणमान्य महिलाए बच्चे उपस्थित थे कार्यक्रम से राकुमारी श्रीहरि प्रसाद सोनी द्वारा 2100रु एवं सरस्वती मोतीलाल सोनी द्वारा 501रु की राशिसमिती में सहयोग व प्रतिभगियो को पुरस्कृत करने के लिए प्रदान की गई कार्यक्रम का संचालन माधुरी सोनी एवं ज्योति द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अनुपमा सोनी व धन्यवाद ज्ञापन श्रद्धा सोनी द्वारा किया गया।

## खरसिया एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव के अस्थि कलश को पुष्पांजलि

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के दिग्गज युवा भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक स्व.युद्धवीर सिंह जूदेव की अस्थि कलश यात्रा 26 सितंबर को जांजगीर-चांपा जिले में पहुंची, जहां शक्ति खरसिया एवं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने इस अस्थि कलश को अपनी पुष्पांजलि दी तो वही शक्ति विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल के नेतृत्व में नगर मंडल शक्ति के महामंत्री अमन डालमिया, नगर पालिका शक्ति के नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव,भाजपा किसान मोर्चा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह ठाकुर, भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति नगर मंडल के पूर्व पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के जांजगीर-चांपा जिले के महामंत्री चिराग अग्रवाल लल्ली सहित अधिवक्ता चितरंजय पटेल भी शामिल हुए,तथा इस दौरान खरसिया विधानसभा क्षेत्र से भी भाजपा नेता अतुल शर्मा, विजय शर्मा, उमाशंकर शर्मा, जयप्रकाश डनसेना, कमल पिंटू जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर जुदेव जी के अस्थि कलश को पुष्पांजलि दी, अस्थि कलश यात्रा सुबह 9:00 बजे भदरी चौक पहुंची, जहां से यह यात्रा भांटा, तौलीपाली, करापाली, अड़भार होते हुए चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए देर शाम 6:00 बजे चंद्रपुर पहुंचेगी, वहीं दूसरी ओर चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के भी विभिन्न मंडलों के पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस अस्थि विसर्जन यात्रा में पहुंचकर अपनी पुष्पांजलि दी।

## सरकार भी बेटियों को प्रोत्साहन देने के लिए चला रही विभिन्न योजनाएं

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन बेटियों को प्रोत्साहन देने चला रही विभिन्न कार्यक्रम : राजकुमार

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



दुनिया में अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस के रूप में बेटियों के महत्व पर लोगो ने विभिन्न माध्यमों से अपनी अभी भावनाएं प्रस्तुत की हैं, तो वहीं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के मुखिया अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गोयल नेपाल, महामंत्री अधिवक्ता प्रदीप कुमार सराफ कोलकाता, कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया सहित सम्मेलन के सभी पदाधिकारी/ सदस्यों ने भी इस अवसर पर बेटी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आज अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन में भी राष्ट्रीय स्तर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ की स्थापना कर इसकी राष्ट्रीय संयोजक के रूप में दिल्ली के गाजियाबाद की डॉ.सपना बंसल को जिम्मेदारी देकर इस क्षेत्र में विभिन्न कार्य करने प्रारंभ किए हैं।

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ द्वारा विगत दिनों ही बेटियों के महत्व पर डॉ श्रीमती सपना बंसल के मार्गदर्शन में वर्चुअल सेमिनार का भी आयोजन किया गया तथा बेटियों को लेकर जहां अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार द्वारा समय-समय पर सेमिनार, वर्चुअल मीटिंग तथा अप्रत्यक्ष रूप से भी अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन कर इस कार्य को गति दी जा रही है, तथा इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल एवं बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ श्रीमती सपना बंसल कहती हैं कि आज सरकारे भी बेटियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं तथा कार्य कर रही हैं।

चाहे केंद्र की सरकार हो या कि राज्य की सरकार हो अपने- अपने स्तर पर सभी सरकारे बेटियों की सुरक्षा, बेटियों की शिक्षा एवं बेटियों को कैसे सशक्त बनाकर उन्हें अपना सुनहरा भविष्य निर्माण करने की ओर प्रेरित किया जाए इस दिशा में कार्य किया जा रहा है, एवं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा भी अपनी विभिन्न प्रांतीय जिला एवं स्थानीय इकाइयों के माध्यम से भी कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर बेटियों के महत्व तथा विगत समय से चली आ रही कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को भी समाप्त करने की दिशा में अनूठी पहल की गई है, डॉ श्रीमती सपना बंसल कहती हैं कि आज इंसान जागरूक हो गया है, तथा पहले लोग घरों में बेटे के जन्म पर आतिशबाजी करते थे, एवं बेटियों के जन्म पर इतनी खुशियां नहीं मना पाते थे किंतु आज समय परिवर्तनशील है तथा लोग बेटियों के जन्म पर धूमधाम के साथ इसे बड़ी खुशी के रूप में मना रहे हैं,तथा आज जिस तरह से पूरे भारत देश में विवाह योग्य बच्चों के संबंध के दौरान बेटियों की कमी प्रत्यक्ष रूप से एक परेशानी बनी हुई है, तो वही वैवाहिक परिचय सम्मेलन के आयोजनो के दौरान भी देखा जाता है कि सम्मेलनों में बेटियां कम और बेटों की संख्या ज्यादा होती है, तो कहीं ना कहीं आगे हमें अपनी इन त्रुटियों को सुधारते हुए बेटियों को भी ससम्मान इस संसार में आने का अवसर देना होगा तथा अपने मन में बेटियों के प्रति भी उतनी ही भावना रखनी होगी जितना कि हम अपने बेटों को सम्मान देते है।

वहीं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार ने भी अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस के इस मौके पर लोगों से आग्रह किया है कि वे बेटियों को सम्मान दें।

## कर्मचारियो को एकजुट होकर कार्य करने दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा 30 सितंबर 2021 को पढ़ना लिखना अभियान के तहत प्रौढ़ शिक्षार्थियों के आकलन के लिए होने वाले महा परीक्षा अभियान की तैयारी के संबंध में जिले के विकासखंड अकलतरा, जैजैपुर, नवागढ़, शक्ति के विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड परियोजना अधिकारी स्रोत व्यक्ति सहायक ग्रेड 3 का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट जांजगीर सभागार में उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी संतोष कुमार कश्यप के द्वारा महा परीक्षा में सभी शिक्षार्थियों को सम्मिलित करने के पूर्व परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था वातावरण निर्माण एवं अन्य आवश्यक तैयारी योजनाबद्ध तरीके से आवश्यक प्रपत्र को समय पर भरने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । जिला रिसोर्स पर्सन भुवनेश्वर जायसवाल एवं सुश्री उमा यादव के द्वारा महा परीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए पीपीटी के माध्यम से केंद्र वार शिक्षार्थियों की सूची भरना केंद्र वार शिक्षार्थी पर्ची बांटना उपस्थिति पत्रक अंकतालिका पंजीयन फार्म तथा पोर्टल में अपलोड करना सिखाया गया। परीक्षाफल पत्रक भरना डाइट प्राचार्य श्रीमती सविता राजपूत ने महापरीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारी को एकजुट होकर कार्य करने की अपील की बैठक में पुष्पेंद्र कुमार कश्यप,नीरा साहू, सुनील पटेल शिव शंकर यादव विश्व कांत यादव सनत मिरी अविनाश पटेल कुमारी प्रतिभा रत्नाकर गणेशी बाई यादव उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# तालिबान को मान्यता

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतभेद

**अफगानिस्तान** के भविष्य पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका तथा चीन समर्थकों में विभाजन की स्थिति है जिसे निर्णय करना है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता दी जाए या नहीं। इस मामले में चीन की लफ्फाजी जारी है। अमेरिका के पास संख्याबल है। महासभा तेजी से देशों के एक ऐसे मंच में बदलती जा रही है जिनको तालिबान पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करना है तथा यह चुनना है कि वे किस पक्ष में हैं। अंततः महासभा को एक निर्णय पर पहुंचना है। यह चाहे जो हो, पर सर्वसम्मति से नहीं होगा तथा समूह से प्रभावित होगा। चीन-रूस-पाकिस्तान धुरी ने जल्दी से एक समूह बनाया है।

हालांकि, रूस यह कह कर सही पक्ष में खड़े होने का प्रदर्शन कर रहा है कि तालिबान की अंतरिम सरकार को मान्यता देने में उस समय तक जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए जब तक तालिबान अपने आश्वासनों का सम्मान नहीं करते हैं। लेकिन यथार्थ में वह चाहता है कि इस धुरी को अफगानिस्तान में प्रभाव डालने वाली शक्ति के रूप में दुनिया स्वीकार कर ले। चीन इसे अपने तथा अमेरिका के बीच इच्छाशक्ति के टकराव की तरह देख रहा है। वह चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र संस्थायें तालिबान के खिलाफ सारे प्रतिबंध उठा लें तथा अमेरिका अफगानिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार जारी कर दे जिसे उसने फ्रीज कर दिया है। पाकिस्तान आगे बढ़ कर एक रोडमैप की मांग कर रहा है जिसका अर्थ सीधे अंतरिम सरकार को मान्यता देना है। इस धुरी के सदस्य तालिबान तथा पर्व सरकार के राजनेताओं से मिलने काबुल जा चुके हैं तथा वे आतंकवाद पर लगाम लगाने एवं समावेशी सरकार बनाने की मांग कर रहे हैं।

अमेरिकन समूह भी यही मांग कर रहा है। पी-5 या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में महासभा से भी अधिक विभाजन है। फ्रांस वर्तमान समय में आंकुस पनडुब्बी प्रकरण से नाराज है और उसे चीन व रूस के खिलाफ अमेरिका व ब्रिटेन के साथ खड़े होने में परेशानी हो रही है। स्थाई सदस्यों के कठोर दृष्टिकोण को देखते हुए यह बाकी दुनिया की क्षमता पर निर्भर है कि वह मान्यता के निर्णय पर बाकी दुनिया को एक बहुसंख्यक निर्णय की ओर ले जाए। जहां तक धुरी के समर्थन या तालिबान के भीतर अंतर्निहित वैचारिक टकराव का सवाल है, तालिबान ने अब तक अपने द्वारा पहले किए अत्याचारों पर कोई पश्चाताप नहीं किया है जिससे वह दुनिया की नजरों में अविश्वसनीय बना हुआ है। उसे अपनी मान्यता प्राप्त होने तक थोड़ी नरमी दिखाने की भी चिन्ता नहीं है। वे अपना प्रतिगामी धार्मिक एजेंडा लागू करने के मामले पर आगे बढ़ने का इरादा स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने महिलाओं के साथ व्यवहार तथा अंतरिम सरकार में उनकी अनुपस्थिति के बारे में दुनिया की राय को अनदेखा किया है। वहां धार्मिक पुलिस एक बार फिर सामने आ गई है जो इस्लामी कानून लागू करवा रही है। उन लोगों को रक्षा व खुफिया मंत्रालयों में रखा गया है जो पहले गुंआतानामो जेल में बंद थे। धार्मिक पुलिस के पूर्व प्रमुख ने हत्याओं व हाथ-पैर काटने की सजा वापस लाने की मांग की है। ऐसे में देखना होगा कि तालिबान की वर्तमान जिद का क्या कारण है। उनका विश्वास है कि मानवीय सहायता देने वाली वैश्विक संस्थायें अफगानिस्तान के लोगों को भूख से मरने नहीं देंगी, भले ही वे उसकी सरकार को मान्यता न दें। तालिबान इस बारे में प्रतीक्षा करने का खेल खेल रहे हैं।

# गुजरात में परिवर्तन की प्रक्रिया

## दूसरे स्थानों की तुलना में गुजरात के नौजवान जातिवाद के बजाय राज्य में आधुनिक योजनाओं, प्रगति तथा गुणवत्तापूर्ण सामाजिक व आर्थिक विकास के पक्ष में हैं।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



भारत का परम्परागत विवेक कर्तव्यों को ब्रह्मा, विष्णु व महेश में बांटता है जो आवश्यकतानुसार स्रष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। कोई अकेला देवता ये सारे काम नहीं कर सकता है, भले ही वह चाहे जितना शक्तिशाली ही क्यों न हो। लेकिन जनता एक मंत्री या मुख्यमंत्री से उम्मीद करती है कि वह चुनावों में विजय प्राप्त करे, सरकार का संचालन करे, मंत्रियों की निगरानी करे, सभी विधायकों पर नजर रखे तथा फिर चुनाव जीते। गुजरात के मामले में मुख्यमंत्री को इस बात का श्रेय नहीं दिया जा रहा है कि उन्होंने 2017 का चुनाव जीता, बल्कि इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की शक्ति पर जीता चुनाव बताया जा रहा है। यह पुराना विश्वास है कि निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री को अगले चुनाव तक पद पर रहना चाहिए जो सामान्यतः पांच साल बाद होता है। यहां तक कि अक्सर अमेरिकन राष्ट्रपति भी अपना चार साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाते हैं। राजनेता वर्ग में पक्का विश्वास है कि भूपेंद्र भाई की छोटी सी कंपनी ने साबरमती रिवर फ्रंट का निर्माण किया है जिससे अहमदाबाद का सौंदर्य बढ़ गया है। दूसरा विश्वास यह है कि उन्होंने अहमदाबाद की बस रैपिड ट्रांजिट व्यवस्था भी बनाई है जो अन्य शहरों की तुलना में ऐसी योजना बेहतर तरीके से संचालित कर रही है, जबकि दूसरे शहरों में ऐसी योजनायें परवान नहीं चढ़ सकी हैं। इन उपलब्धियों के बाद से ही भूपेंद्र भाई भाजपा के दिमाग में ऐसी आधुनिक योजनाओं के निर्माता के रूप में थे जो बिल्कुल सटीक थीं तथा समय पर पूरी हुईं। वे लेउवा पटेल के बजाय कड़वा पटेल हैं। माना जाता है कि वे भगवान राम के पुत्रों लव व कुश के वंशज हैं और इसी कारण उनके नाम में 'ल' और 'क' है।

एक अन्य तथ्य पर भी लोगों का ध्यान नहीं जाता है जिसे अवसर कहते हैं। अधिकांश विधायक चुनाव जीतने पर मंत्री बनने की इच्छा रखते हैं, बशर्ते कि उनका संबंध चुनाव में सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी से हो। गुजरात में इन विधायकों की संख्या 182 है। जो विधायक इस स्थिति में नहीं आ पाते हैं, उनकी उम्मीदें आमतौर से टूट जाती हैं जब तक कि बड़े पैमाने पर कोई दलबदल न हो। यदि बहुमत वाली पार्टी में लगभग 100 विधायक हों तो 25 को मंत्री पद मिल सकता है, लेकिन ऐसे में बाकी 75 का क्या होगा। उनके पास स्वयं को आगे बढ़ाने का कोई अवसर नहीं होता है, बस वे एक विधायक बन कर रह जाते हैं जो अवसर की प्रतीक्षा कर सकता है। इसलिए यह उपयुक्त है कि सत्तारूढ़ पार्टी अपनी सरकार में परिवर्तन करती रहे। चूंकि सभी मंत्री सक्षम नहीं होते हैं, इसलिए उनमें परिवर्तन की जरूरत होती है।

यह सच है कि भारत की खास परिस्थितियों में अधिकांश पार्टियों को एक ओबीसी के स्थान पर समान प्रतिनिधित्व करने वाले ओबीसी को लाना पड़ता है। ऐसे में आमतौर से उसके कामकाज को अनदेखा करना पड़ता है। लेकिन अब समय बदल रहा है। आज के नौजवान जाति को उतनी प्राथमिकता नहीं देते हैं जितनी उनके पिता या बाबा देते थे। ये नौजवान जीवन में कुछ प्राप्त करना चाहते हैं। यदि समाज व अर्थव्यवस्था आगे नहीं बढ़ते हैं तो उनके पास भी आगे बढ़ने का अवसर बहुत सीमित होता है। इसका अर्थ है कि पेशों में गुणवत्तापूर्ण विकास तथा मात्रात्मक वृद्धि जरूरी है। नौजवान समझ गए हैं कि वे विकास की उम्मीद उस समय तक नहीं कर सकते हैं जब तक देश की राजनीति पर जाति का बंधन लगा हुआ है। यदि राजनीति नहीं बदलती है तो समाज में केवल राजनीति को ही बढ़ावा मिलेगा, अर्थव्यवस्था में प्रगति नहीं होगी तथा समाज गतिहीन बना रहेगा। यह स्थिति विनाशकारी हो सकती है। संक्षेप में कहा जाए तो यदि चुनाव जीतने की इच्छा रखने वाली पार्टी का नेता विकास नहीं कर सकता है तथा केवल यथास्थिति बनाए रखता है तो उसके बजाय दूसरी पार्टी चुनाव में अपने आप विजय प्राप्त कर सकती है।

> **कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है।**

उल्लेखनीय है कि गुजरात में आज तक तीसरी पार्टी को स्थान नहीं मिला है और यहां केवल कांग्रेस व भाजपा हैं। ऐसे में तीसरी शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले सभी लोग विफल रहे हैं। तीसरी पार्टी के रूप में उभरने का प्रयास करने वाले अंतिम व्यक्ति गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल थे जिनका देहान्त हो चुका है। लेकिन इस नई पार्टी से चुनाव जीतने वालों में केशूभाई अकेले थे। हालांकि, अगले विधानसभा चुनाव में तीन पार्टियां चुनाव में उतरेंगी जिनमें भाजपा व कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी-आप भी शामिल है। इस तिकोने मुकाबले से भाजपा की स्थिति बेहतर हो जाएगी। गुजरात ऐसा राज्य है जहां राजनीति पर अर्थव्यवस्था भारी पड़ती है। लेकिन कांग्रेस ने जातिवाद को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ऐसा खासकर उस समय हुआ जब माधवसिंह भाई सोलंकी मुख्यमंत्री थे। उसने यह रणनीति उत्तर प्रदेश और बिहार से ली थी। लेकिन इसके बावजूद गुजरात में कांग्रेस का पतन हुआ। कांग्रेस पार्टी ने कुछ चुनाव विभिन्न जातियों से गठजोड़ कर लड़े जिनमें खाम, यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी व मुसलमान शामिल हैं। कांग्रेस की दूसरी गलती उसका समाजवाद था जो गुजराती सोच से मेल नहीं खाता है। कांग्रेस कुछ साल तक सत्ता में इसलिए बनी रही क्योंकि उसका मुकाबला करने वाला कोई नहीं था।

उल्लेखनीय है कि गुजरात के सबसे कद्दावर नेताओं ने स्वयं को राज्य की सीमाओं तक सीमित रखने के बजाय स्वयं को देश की सेवा हेतु समर्पित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना करने के साथ ही शुद्धि की वैदिक अवधारणा या हिंदूवाद की ओर स्वैच्छिक वापसी को पुनर्जीवित किया। गांधीजी ने भले ही अहमदाबाद में कोछराब आश्रम की स्थापना की हो, पर वे कभी राज्य नेता के रूप में सीमित नहीं रहे। सरदार पटेल ने असाधारण रूप से देश के लिए काम किया तथा स्वतंत्रता के बाद पूरे देश को एकजुट किया। उस समय देश के पांच में से दो हिस्से ब्रिटिश भारत के बजाय देशी रियासतों के थे। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सेवा कर रहे हैं जिसके बारे में बहुत कुछ लिखा गया है और लिखा जाएगा।

लेकिन कुछ महीने पहले असम की तरह गुजरात की सरकार में परिवर्तन से स्पष्ट है कि भाजपा राजनीति को आधुनिक बनाने के लिए फैसले लेने से नहीं हिचकती है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन से जरा भी संकोच नहीं करती है। यह स्थिति कांग्रेस के एकदम उलट है जो एक पारिवारिक बिजनेस में बदल गई है और जहां केवल प्रशस्ति गायन करने वाले दरबारियों को ही सहन किया जा सकता है।

हाल ही में विधानसभा चुनाव से केवल चार महीने पहले कैप्टेन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे से सारी बातें स्पष्ट हो जाती हैं। नए आने वाले लोगों द्वारा उनका अपमान बहुत कुछ कह देता है। इससे पूरी तरह साफ हो जाता है कि एक समय महान पार्टी रही कांग्रेस आज केवल अपने सुदूर अतीत की छाया बन कर रह गई है जो कब का समाप्त हो गया है।

# स्थानीय विकास का महत्व

> **व्यवस्था तभी सही ढंग से काम कर सकती है जब एक सीमा तक मानकों में परिवर्तन किया जाए।**

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध सलाहकार हैं)



रिकार्ड रखना सिविल प्रशासन के कार्यों का अभिन्न अंग है। लेकिन भूमि रिकार्ड जैसे मामलों में अखिल भारतीय संदर्भ तलाशने में अधिकतर समस्या पैदा होती है। इसका कारण मापन की इकाई, एकड़, बीघा, आदि का होना है जिसे देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। जब संदर्भ की इकाई सीमित व स्थानीय प्रकृति की होती है तो ज्यादा समस्या नहीं होती है। लेकिन जब विभिन्न क्षेत्रों के बीच तुलना करनी जरूरी हो जाए तो समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है। यह समस्या का अंत नहीं है। भारत के कुछ हिस्सों, जैसे गोवा में भूमि स्वामित्व अभी पुर्तगाली संदर्भ व्यवस्था के अनुरूप ही चल रहा है। इससे भूमि के स्वामित्व का पता लगाना अपेक्षाकृत रूप से अधिक जटिल हो जाता है तथा इसका आधिकारिक स्वामी तय करने में कठिनाई होती है। इसलिए बिजनेस को ऐसी स्थितियों से निपटना पड़ता है जिसके बारे में उसके पास सही संदर्भात्मक सूचना नहीं होती है।

इससे भूमि विकास मुद्दों का अखिल-भारतीय पैटर्न जटिल तथा कभी-कभी अत्यधिक जटिल हो जाता है। यदि नियोजन से संबंधित उद्देश्यों के लिए इकाई के नामकरण का प्रायोगिक संदर्भ समान प्रकृति का न हो तो स्थानीय स्तर पर अपरिचित व गलत मानकों का प्रयोग होने लगता है। इसके कारण ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है जहां जमीनी यथार्थ तथा नियोजन हेतु मानकों के प्रयोग में विरोधाभास पैदा हो जाते हैं। इस कारण जहां सटीकता की तलाश हो, वहां भी किसी तरह काम चलाना पड़ता है। कभी-कभी इससे काम चल सकता है, लेकिन दूसरे अवसरों पर तात्कालिकता का एक तत्व हावी हो जाता है। महत्वपूर्ण बात है कि भूमि इकाइयों के परस्पर परिवर्तन का कोई शब्दकोष नहीं है। अतः इनकी कल्पना में कठिनाई पेश आती है।

ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक खास किस्म का नियोजन संभव हो पाता है तथा नियोजन की अन्य किस्मों को स्थानीय स्तर के लिए छोड़ दिया जाता है। इसका उदाहरण लघु सिंचाई का सांदर्भिक ढांचा है। प्रभावी रूप से यह काम अनेक क्षेत्रों में जारी है। लेकिन इन जटिलताओं से सिविल कर्मचारी के औपचारिक कौशल निर्माण में कमियां आ जाती हैं जिनके कारण वह व्यवस्था संचालन का काम शुरू करने के पहले ही समस्याओं में घिर जाता है। औसत भारतीय सिविल कर्मचारी स्मार्ट, सतर्क तथा यथार्थ पर गहराई से नजर रखने वाला होता है। इन गुणों के कारण वह रचनात्मक रूप से अनेक प्रकार के काम कर सकता है। चूंकि विकास नियोजन की एक महत्वाकांक्षा संदर्भ के ढांचों का मानकीकरण है, इसलिए भूमि इकाइयों और विविधता के इस मुद्दे को घटाने की जरूरत है ताकि इसे प्रबंधन योगय सीमा में लाया जा सके। इसकी शुरुआत मापक इकाइयों के एक प्रकार से समानीकरण से की जा सकती है। इनकी शुरुआत जिला स्तर से की जा सकती है। सौभाग्य से यह काम निकट अतीत में व्यावहारिक उद्देश्यों से शुरू हो गया है।




यह भारतीय प्रशासन की शक्ति है कि जहां स्थानीय स्तर पर समाधान खोजने होते हैं और जहां औपचारिक तरीके विफल हो जाते हैं वहां मूलभूत भारतीय खोजी प्रवृत्ति लागू होती है। इसलिए मानकों में लचीलापन बरतने की जरूरत है। यदि मानकों तथा आयामों में कुछ प्रतिशत का विचलन सहन किया जा सकता है तो व्यवस्था काम कर सकती है। अत्यधिक दृढ़ता के कारण समस्यायें पैदा हो सकती हैं। आर्थिक रूप से ज्यादा सफल गुजरात, केरल या कर्नाटक जैसे राज्यों में इस समस्या से निपटने का ज्यादा प्रभावी तरीका खोजा गया है। जो राज्य सीधे ब्रिटिश शासन के अंतर्गत आते थे वहां बाहर से लाई गई मापक इकाइयां लागू करने के बहुत गंभीर प्रयास हुए थे, अतः वहां सामाजिक यथार्थ तलाशने में प्रशासन को कठिनाई होती है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में प्रवेश के समय उत्सव मनाने के साथ ही राष्ट्रीय विकास के अनेक क्षेत्रों में यथार्थ को पहचानने का भी समय है जहां विश्लेषण, निवेश, आदि के मानकों में कुछ परिवर्तन जरूरी है। हमें यह सोचने की आवश्यकता है कि स्थानीय व क्षेत्रीय विकास प्रक्रियाओं को समुचित महत्व दिया जाए। भाषा व नस्ल की तुलना में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए ज्यादा गहन दृष्टिकोण तथा विश्लेषण की जरूरत है।

## फरमाया



**यदि** भाजपा सदस्य मुसलमानों को पसंद नहीं करते हैं तो उन्हें मुसलमानों द्वारा निर्मित मकान छोड़ देने चाहिए व बताना चाहिए कि मुस्लिम उनके लिए कैसे काम करते हैं।

– **राकेश टिकैत,** किसान नेता



**फ्रांस** और अमेरिका दोनों के ही भारत के साथ संबंध मजबूत करने में हित शामिल हैं। हम इसका पुरजोर समर्थन करते हैं।

– **एंटोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव



**3000** किलोग्राम हेरोइन का पकड़ा जाना अप्रत्याशित घटना है और भारत में मुक्त रूप से चल रहे बड़े आपराधिक गिरोह की ओर संकेत करता है।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सावधानी आवश्यक

**अफगानिस्तान** में तालिबान के सत्ता पर कब्जे को देखते हुए सरकार जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के विस्तार के खिलाफ सतर्कता बरत रही है। केन्द्र सरकार ने यहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की है। भारत की चिन्ता इस तथ्य से बढ़ गई है कि तालिबान ने विश्व समुदाय को यह आश्वासन नहीं दिया है कि वे अलकायदा जैसे आतंकी समूहों से अपने संबंध तोड़ रहे हैं तथा भारत के दुश्मन पाकिस्तान-आधारित आतंकी समूहों जैसे लश्करे तैयबा व जैशे मुहम्मद को शरण नहीं देंगे। तालिबान के सत्ता में पहुंचने से इन समूहों के हौसले बढ़ सकते हैं और वे हिंसक घटनाओं के लिए कश्मीर में लड़ाकू भेज सकते हैं। आतंकियों और उनके प्रायोजकों के लिए कोई जगह दूर नहीं है और इस संदर्भ में कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा जरूरी हो जाती है।ऐसा नहीं कि तालिबान से जुड़े हत्यारे कश्मीर में प्रवेश करना चाहेंगे, बल्कि वास्तव में पाकिस्तान अमेरिकी सैनिकों के चले जाने के बाद से अफगानिस्तान में पैदा स्थिति का लाभ उठा कर आतंकी समूहों को संरक्षण देकर उनको कश्मीर में अफगान क्षेत्र से प्रवेश कराना चाहेगा। अतः, भारत को सावधान रहना होगा।

– **नीलेश रंजन,** कानपुर

## उदार एवं प्रगतिशील है हिन्दुत्व

**आज** दुनिया के 90 प्रतिशत से अधिक हिंदू भारत में रहते हैं। इस प्रकार हिंदुत्व अपने इतिहास और व्यावहारिकता के कारण मुख्यतः भारत-केन्द्रित है। लेकिन हिन्दुत्व एक प्रगतिशील विचारधारा है, जिसका दृष्टिकोण हमेशा से उदार एवं सकारात्मक प्रकृति का रहा है। आखिरकार पश्चिमी देशों में हुई आतंकी घटनाओं में कोई हिंदू क्यों संलिप्त नहीं पाया गया है? आखिर कोई हिंदुत्व समूह बंदूक लहराने वाला नहीं है, जबकि मुस्लिम दुनिया में ऐसे समूहों की कोई कमी नहीं है? आखिर हिंदुत्व समूह 'समान नागरिक संहिता' की पैरवी क्यों करते हैं, जबकि दुनिया भर में इस्लामवादी 'शरीया' चाहते हैं? यदि हम वैश्विक दृष्टिकोण से अन्य विचारधाराओं की तुलना में हिंदुत्व पर गंभीर बहस करना चाहते हैं तो ऐसे अनेक आयाम हैं। लेकिन आयोजक ऐसी बहस से बचना चाहते हैं। दुर्भाग्य से हिंदुत्व के संरक्षक के रूप में देखे जाने वाले आरएसएस जैसे संगठन भी इस विमर्श से बचना चाहते हैं। ऐसे में इन विरोधाभासों पर विचार होना चाहिए कि कैसे खलीफत-समर्थक गांधीजी कैसे 'हिंदू देशभक्त' बन जाते हैं। इन मुद्दों पर एक सकारात्मक बहस होनी चाहिए।

– **अविनाश श्रीवास्तव,** वाराणसी

## समाधान की अनिवार्यता

**फसलें** पैदा करने के लिए परम्परागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग से पर्यावरण को भारी व स्थाई नुकसान हो रहा है। यह नुकसान मृदा की घटती गुणवत्ता है जिसका जलवायु पर विपरीत प्रभाव पड़ता है तथा ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती है। इस प्रकार एक ओर परंपरागत यूरिया जनसंख्या के लिए ज्यादा भोजन पैदा करने का काम करती है, वहीं दूसरी ओर यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है जो स्वस्थ जीवन की प्रमुख शर्त है। समुचित विकल्प के अभाव में दुनिया एक दुविधा में फंस गई है और हानिकारक परंपरागत यूरिया के अत्यधिक प्रयोग का समाधान तलाशने की जरूरत है।भूमि व जल संसाधनों की कमी तथा उनका क्षरण लगातार बढ़ती जनसंख्या के लिए भोजन, आजीविका व पोषण सुरक्षा की भारी चुनौती पेश करता है। इसलिए ऐसे समाधान की जरूरत है जो खाद्य उत्पादन की की समस्याओं के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने की समस्याओं का सामना कर सके। कुछ विकल्प सामने आए हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

– **देवेंद्र कौशिक,** मेरठ

# बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बने बलराम गुप्ता, संजय बैस बने जिला मंत्री, बधाइयों का लगा तांता

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com



नगर के महादेव भवन में विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं बजरंग दल की संयुक्त बैठक आयोजित हुई जहां विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके साथ ही विश्व हिंदू परिषद के कार्यों से विचारधारा से नवीन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया साथ ही महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में डौंडीलोहारा के बलराम गुप्ता को बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद का नवीन दायित्त्व देकर जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वही डौंडीलोहारा प्रखंड के लिए दुष्यन्त गिरी गोस्वामी को अध्यक्ष का दायित्त्व दिया गया। इस दौरान विहिप के प्रदेश उपाध्यक्ष सरल मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक विशाल राष्ट्र हुआ करता था पर कुछ लोगों ने भारत को धर्म के आधार पर बांट दिया और भारत जैसे संपन्न राष्ट्र के 15 टुकड़े हो गए और सभी अन्य राष्ट्र बने पर भारत को पूर्ण हिंदू राष्ट्र का दर्जा नहीं मिल पाया। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक राधेश्याम जलक्षत्री ने भी पदाधिकारियों को संबोधित किया और कहा कि हमे अपने दायित्वों को समझना है। कुछ ताकतें यहां हावी होकर देश को तोड़ना चाह रही है साथ ही हम कुछ कर पाए ना कर पाए हमे अपने हिंदुत्व और अपने राष्ट्र की रक्षा करना है। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला प्रचारक राधेश्याम जलक्षत्री, सरल मोदी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष विहिप, निर्मल साहू, तुलाराम संभागीय संगठन मंत्री किसान संघ रूपेंद्र सिन्हा, नंद कुमार साहू, प्रदेश सह मंत्री विहिप, प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष रविप्रकाश पांडे बालोद, उपाध्यक्ष राज सोनी बालोद, बंशीलाल रावटे कुसुमकसा, जिला मंत्री संजय बैस कुसुमकसा, सह मंत्री महेंद्र सोनवानी बालोद, विशाल साहू गुंडरदेही, दिनेश अग्रवाल डौण्डी, संयोजक- सतीश विश्वकर्मा बालोद, सह संयोजक उमेश सेन, नीलाम्बर साहू, जिला सयोजिक मातृ शक्ति सत्या साहू दल्लीराजहरा, जिला सत्संग प्रमुख मनोहर साहू डौंडीलोहारा, धर्म प्रसार प्रमुख धर्मेंद्र निषाद डौंडीलोहारा, धर्माचार्य प्रमुख नरोत्तम साहू, पुरोहित विनोद गिरी गोस्वामी, सेवा प्रमुख राधेश्याम सिन्हा, सामाजिक समरसता प्रमुख देवप्रसाद कुलदीप, गौ सेवा प्रमुख अजय यादव, मठ मन्दिर प्रमुख दिनेश्वर मिश्रा संबलपुर, विशेष संपर्क प्रमुख धीरज उपाध्याय बालोद के साथ आयाम बजरंग दल के गौ रक्षा प्रमुख शुभम साहू, अखाड़ा प्रमुख सन्नी ढीमर, विद्यार्थी प्रमुख शुभम दुबे को नवीन दायित्व दिया गया है। डौंडीलोहारा विश्व हिंदू परिषद (प्रखंड) की नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष दुष्यन्त गिरी गोस्वामी संबलपुर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद भंसाली डौण्डी लोहारा, उपाध्यक्ष कोमल दुग्गा करतुटोला, खूबलाल चंद्राकर बनगांव, ठाकुर राम सार्वा परसूली, नलीनी टेकाम जुंगेरा, प्रखंड मंत्री हेमंत देशमुख पारी, सह मंत्री कौशल शर्मा संबलपुर, लेखराम प्रीतम कापसी, संजीव वैष्णव डौण्डीलोहारा, मातृ शक्ति संयोजिका अनुराधा उपाध्याय, सह सयोजिका मीना तामूरिया, सत्संग प्रमुख करण देशमुख कोरगुड़ा व धर्म प्रसार प्रमुख देवव्रत देवांगन, अशोक निर्मलकर धर्माचार्य प्रमुख, संतोष तिवारी संजारी पुरोहित, सेवा प्रमुख टेकराम पटेल सम्बलपुर, सामाजिक समरसता प्रमुख कमल नारायण साहू कोसमी, गौ सेवा प्रमुख उत्तम यादव बर्रापारा संजारी, मठ मन्दिर प्रमुख अभिषेक वर्मा जाटादाहा, सहित जीवराखन कौमार्य, कौशलेष देवांगन, कुलेश्वर निषाद को नवीन दायित्व दिया गया है। इस बैठक में बालोद जिला के सुरेंद्र देशमुख, कमलेश सोनी, पदमा देवांगन, पुष्पलता बघेल, दानवीर साहू, योगेंद्र गांधी, टिकेश्वर सिन्हा, लीलेश्वर ठाकुर अर्जुन्दा, जितेन्द्र साहड़ा गुरुर, लूलार देशमुख, नेम पटेल, दिलीप कुमार बांडे, ओमप्रकाश साहू, खोमन देवांगन, चिमन देशमुख सहित अन्य विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के साथी मौजूद रहे।

# कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन करते 4 आरोपियों को चिल्पी पुलिस ने धर दबोचा

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ गाँजा एवं शराब के अवैध परिवहन एवं अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने निर्देशित किया गया था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी चिल्पी उप. निरीक्षक बृजेश सिन्हा के द्वारा चिल्पी थाना क्षेत्र के समस्त विश्वसनीय मुखबीर एवं आम जनों से मुलाकात कर क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने अपराधिक तत्वों पर सख्त उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रायपुर की ओर से एक महेन्द्रा जाईलो वाहन क्र. MH 12 चह 2284 में अवैध रूप से मादक पदार्थ गाँजा भरकर रायपुर की ओर से जबलपुर की ओर परिवहन करते ले जा रहा है, उक्त वाहन में बैठे व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही है, उक्त सूचना के सबंध में थाना प्रभारी द्वारा तत्काल जिले के वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर वरिष्ट अधिकारियों द्वारा सूचना की तस्दीकी हेतु नाकाबंदी पाईन्ट लगाकर वाहनों की चेंकिंग करने निर्देशित किया गया, जिस पर सहा. उप निरी. गोविन्द चन्द्रवंशी थाना चिल्पी एवं स्टाफ को रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवें रोड में नाकाबंदी पाईन्ट लगाया जाकर मार्गो में गुजर रहे वाहनों की चेकिंग कि गई कुछ समय पश्चात् मुखबीर द्वारा बताये गये जानकारी अनुसार एक महेन्द्रा जाईलो वाहन क्र. MH 12 KN 2284 में सवार व्यक्ति 01. अंकुश कुमार चन्द्राकर पिता कनक राम चन्द्राकर उम्र 32 वर्ष साकिन बसुला डबरी थाना बागबाहरा जिला महासमुन्द, 02.प्रेम शंकर साहू पिता भुनेश्वर साहू उम्र 43 वर्ष साकिन टेमरी थाना कोमाखान जिला महासमुद (छ.ग.), 03. टेकराम साहू पिता चन्द्रमोहन साहू उम्र 19 वर्ष साकिन रीछा पोस्ट बलखेडी बरहैटा तहसील गोरेगांव जिला नरसिहपुर (म.प्र.), 04.बलराम मांझी पिता हीरा सिंह मांझी उम्र 34 वर्ष साकिन कुरूमपुरी थाना लखना जिला नुवापाडा ओडिसा से पुछताछ करने पर जबलपुर, नरसिंहपुर मध्यप्रदेश की ओर जाना बताया तथा वाहन की तलाशी लेने पर 01 एक महिन्द्रा जाईलो वाहन क्र. MH 12 चह 2284 की पीछे सीट बगल के नीचे छुपा कर मादक पदार्थ गाँजा रखा हुआ पाया गया जिसके सबंध में वाहन सवार व्यक्ति से पुछने पर उक्त गाँजा उडिसा से नरसिंहपुर म.प्र. बिक्री करने एवं अवैध रूप से धन अर्जित किये जाने हेतु ले जाना बताया गया। जिस पर आरोपियों के विरुद्ध थाना चिल्पी में अपराध पंजीबद्ध कर उक्त आरोपीगण से 08 पैकेट खाखी रंग के टेप से लिपटा हुआ।

# कोरोना महामारी आपदा को अवसर में किया तब्दील, भोजन से ज्यादा अन्य व्यय पर बंदरबाट

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



| क्र. | शिविर/भवन का नाम | व्यक्तियों की संख्या | भोजन पर व्यय | पेयजल व्यवस्था | चिकित्सा सुविधा पर व्यय | आवास पर व्यय | अन्य पर व्यय | योग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | आ.बालिका छात्रावास रेंगाखार कला | 22 | 26400 | 11000 | — | 10000 | 8000 | 55400 | |
| 2 | आ.बालक छात्रावास | 18 | 21600 | 10000 | — | 9000 | 7000 | 52600 | |
| 3 | आ.कन्या आश्रम | 19 | 22800 | 10000 | — | 10000 | 8500 | 51300 | |
| 4 | स्कूल भवन | 70 | 63000 | 32000 | — | 20000 | 26000 | 141000 | |
| 5 | क्लस्टर भवन | 14 | 18480 | 9000 | — | 8000 | 6000 | 41480 | |
| 6 | पंचायत भवन | 06 | 10080 | 5000 | — | 3000 | 3500 | 21580 | |
| 7 | — योग — | 149 | | | | | | 363360 | |

कुल राशि– 363360.00/– रू. (अक्षरी में तीन लाख तीरसठ हजार [illegible])

विकासखंड बोड़ला के वनांचल ग्राम पंचायत रेंगाखार कला में कोविड-19 के दौरान राहत शिविर शासन के द्वारा बनाया गया था जिसमें ग्राम पंचायत को संचालन एजेंसी नियुक्त किया गया था संचालन एजेंसी के द्वारा आपदा को अवसर के रूप में तब्दील करते हुए जरूरत से ज्यादा राशि का व्यय करते हुए बंदरबांट किया गया है जिससे साबित होता है कि उन पर उच्चाधिकारियों का छत्रछाया रहा होगा कोरोनावायरस के दौरान प्रवासी मजदूरों के लिए भोजन आवास, पेयजल चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था में राशि खर्च किया गया है।जो गलत है। यह कार्यालय ग्राम पंचायत रेंगाखर कलां जनपद पंचायत बोदला जिला कबीरधाम के ज्ञापन क्रमांक 09 /ग्रा प /कोरोना/2020 दिनांक 23-09-2020 से साबित होता है।

**पेयजल के नाम पर हजारों की ब्यय**

संचालन एजेंसी ग्राम पंचायत रेंगाखार कला के सरपंच एवं सचिव के द्वारा बनाए गए राहत शिविरों में आदिवासी बालिका छात्रावास रेंगाखार कला जहां पर 22 प्रवासी मजदूर रुके हुए थे उनके लिए भोजन पर 26400 रुपए पेयजल पर ?11000 आवास पर 10000 एवं अन्य व्याय 8000 रुपए सहित कुल रकम ?55000 व्यय किया जाना संचालन एजेंसी के द्वारा दर्शाया गया है जबकि छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं के लिए पानी एवं बिस्तर की व्यवस्था रहता है, वही आदिवासी बालक छात्रावास में प्रवासी मजदूरों की संख्या 18, भोजन पर 21600 रुपए, पेयजल पर 10,000 रुपए ,आवास पर 9000 रुपए अन्य व्यय 7000 कूल ?52600 तथा आदिवासी कन्या आश्रम में प्रवासी मजदूर 19 के लिए भोजन पर 22800 पेयजल पर 10,000 आवास पर 10000 पर अन्य व्यय 8500 कुल 51300? व्यय किया गया है संचालन एजेंसी के द्वारा भोजन से अधिक राशि पेयजल, आवास एवं अन्य व्यय के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट करते हुए सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। इसी प्रकार राहत शिविर स्कूल भवन में 70 मजदूरों के लिए कुल राशि 141000, क्लस्टर भवन में 14 मजदूरों के लिए 41480 रु , ग्राम पंचायत भवन में 06 मजदूरों के लिए 21580 व्यय किया गया हैं । कुल मिलाकर 06 राहत शिविरों में 149 प्रवासी मजदूरों पर 363360 रुपये व्यय किया गया हैं।

**भोजन से ज्यादा अन्य व्यय पर खर्च**

संचालन एजेंसी ग्राम पंचायत रेंगाखार कला के सरपंच - सचिव के द्वारा कुल 6 राहत शिविरों में 149 प्रवासी मजदूरों के लिए भोजन से ज्यादा अन्य व्यय पर राशि व्यय किया गया है जो समझ से परे है इससे यह साबित होता है कि पंचायत परिवार कोरोना को अवसर में तब्दील करने के में कोई कसर नहीं छोड़े हैं।

**नियमित निरीक्षण का अभाव**

कोविड-19 महामारी के दौरान जिले के अंतिम छोर स्थित समस्त ग्राम पंचायतों को प्रवासी मजदूरों के जिले में प्रवेश के दौरान उन्हें रोककर निर्धारित समय के लिए राहत शिविरों पर रोक कर रखा जाता था।

# लंगूरों की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, 8 अक्टूबर तक रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के ग्राम कोठार में लंगूरों की हत्या के मामले में शामिल तीन ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने 8 अक्टूबर तक रिमांड पर देकर जेल भेज दिया। लंगूरों को मारने में उपयोग किए गए सभी आवश्यक समान को जब्त लिया गया है। कवर्धा वन मंडल और जलवायु परिवर्तन विभाग की टीम ने यह कार्यवाही की। कबीरधाम जिले के वन मण्डलाधिकारी दिलराज प्रभाकर ने बताया कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वन मंडल के जांच दल के द्वारा विश्वसनीय सूत्रों और मुखबिर के आधार पर कोठार ग्राम पंचायत के कोठार गांव जाकर लंगूरों की हुई हत्या बाबत जांच की गई। मौके पर एक मादा लंगूर मृतक और एक नर बच्चा लंगूर घायल अवस्था में वन अमला को प्राप्त हुए थे। तत्पश्चात गांव में खोजने पर मुखबिर की सूचना के आधार पर सियाराम यादव के घर के पिछले हिस्से में खुदाई में एक लंगूर का शव बरामद किया गया था। विस्तृत रूप से हुए जांच पड़ताल एवं अपराध की विवेचना के आधार पर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वन मंडल द्वारा कार्यवाही की गई।

**दर्ज की गई प्राथमिक अपराधरिपोर्ट पी.ओ.आर**

19 सितंबर को पी.ओ.आर. क्रमांक 13750/18 मुख्य अभियुक्त शिकारी मंगतू वल्द पतंग पारधी, उम्र 52 वर्ष, ग्राम लघान, थाना पिपरिया एवं लखन वल्द तुलसीराम पारधी, उम्र 45 वर्ष, ग्राम दामापुर, थाना कुंडा के नाम जारी कर कार्यवाही की गई। उसी प्रकार पी.ओ.आर. क्रमांक 13750/19 सियाराम यादव वल्द बावा राम यादव, उम्र 42 वर्ष, ग्राम कोठार के नाम से जारी की गई। इन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिन्हें न्यायालय ने 8 अक्टूबर तक रिमांड पर देकर जेल भेज दिया।

**वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत इन धाराओं में हुई कार्यवाही**

2(16), (35), (37), 9, 35(6), 39(1) (अ), (ब), (द), 39(3) (अ), (स), 50, 51 तथा 52

**क्या है सजा का प्रावधान**

आरोप सिद्ध होने पर हो सकती है 3 से 7 साल की जेल या अर्थदंड या दोनों वन मण्डलाधिकारी दिलराज प्रभाकर ने बताया कि कवर्धा वन मंडल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है कि वन क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाएं, सजग रहें, अपने अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में इस प्रकार की वन्य प्राणियों के प्रति होने वाली घटनाओं पर सूक्ष्मता पूर्वक नजर रखें। जांच पड़ताल करते रहें तथा सूचना मिलने पर अपराधी के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही करें। आम नागरिकों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार सहित उनका सहयोग लेते हुए भविष्य में वन अपराधों एवं वन्य प्राणियों के शिकार हो पर नियंत्रण करना सुनिश्चित करें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने 86 हजार परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किया जायेगा

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित**

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता मे जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे बताया गया कि बेमेतरा जिले को वर्ष 2021-22 के लिए 85977 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे 263 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 180 एकल ग्राम योजना से पूर्ण किया जाना है। 31 अगस्त 2021 के पश्चात् प्राप्त 22 योजनाओं की लागत 2209.62 लाख रुपये के प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। अभी तक 263 रेट्रोफिटिंग योजना के अंतर्गत 53071 एफएचटीसी एवं 65 एकल ग्राम योजना के अंतर्गत 5386 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में से 254 रेट्रोफिटिंग योजना एवं 65 एकल ग्राम योजना की निविदा जारी की गई है तथा अभी तक 114 निविदाओं के ग्राम 167 के 167 रेट्रोफिटिंग योजना, 62 ग्राम के 65 योजना में कुल 31849 एफएचटीसी हेतु राशि 79.91 करोड़ के कार्यादेश जारी किये गये है। शेष निविदा प्रक्रियाधीन है। कुल 18 निविदाओं के दर प्राप्त किये गये। जिसे समिति में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गई। उपरोक्त प्राप्त दरों से समिति अवगत हुई एवं समिति द्वारा 15 प्रतिशत से अधिक एस.ओ.आर. दर पर प्राप्त 04 निविदा दर को अस्वीकृत किया गया एवं पुनः निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। शेष 14 निविदाओं के दरों को समिति द्वारा स्वीकृत किया जाकर अनुमोदन किया गया। सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि जिले में कुल 1221 शालाओं में से 480, 988 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 704, 21 आश्रमों में से 9 तथा 151 स्वास्थ्य केन्द्रों में से 78 में रनिंग वाटर की व्यवस्था है। शेष केन्द्रों में 15वें वित्त आयोग की राशि से रिनंग वाटर की व्यवस्था की जानी है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा को 15वें वित्त आयोग की राशि से कार्य पूर्ण करने हेतु आग्रह किया गया तथा यदि 15वें वित्त आयोग की राशि कम पड़ती है, तो समिति की अनुशंसा पर जल जीवन मिशन की राशि से पूर्ण करने हेतु समिति द्वारा निर्णय लिया गया है। समिति द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा से स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम शाला, स्वास्थ्य केन्द्रों में रनिंग वाटर का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने बाबत् निर्णय लिया गया।

# जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए कोविड टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी

**बालोद।** कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत 28 सितम्बर 2021 को जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति यों का टीकाकरण किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ एस.के. सोनी ने बताया कि विकासखंड बालोद अंतर्गत टाउन हॉल बालोद, प्राथ.स्वा.केन्द्र लाटाबोड़, प्राथ.स्वा.केन्द्र ज.सांकरा, प्राथ.स्वा.केन्द्र पीपरछेड़ी, ग्राम पंचायत भोथली, घुमका, तरौद, जुंगेरा, मुजगहन, औराभांठा, हथौद, बरही, नर्रा, जमरूवा, सामुदायिक भवन पाररास, ग्राम पंचायत झलमला, अरौद, नेवारीकला, उमरादाह, चिचबोड़, निपानी, भे. नवागांव, खैरवाही, बो?की व ग्राम पंचायत हर्राठेमा, विकासखंड डौण्डी अंतर्गत् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आमाडुला, ग्राम अकोला, अवारी, तुमड़ीसुर, गुजरा, जबकसा, चिहरो, मंगलतराई, वार्ड नंबर 25 बुद्धविहार दल्लीराजहरा, बीएसपी अस्पताल दल्लीराजहरा, धोबेदण्ड, कोटागांव व बोरगांव, विकासखंड डौण्डीलोहारा अंतर्गत् सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डीलोहारा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी बंगला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुबचेरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसिदा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरेदा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कलंगपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनचिरई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरदी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माहुद बी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भरदाकला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलोदी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरसुनी, विकासखंड गुरूर अंतर्गत् सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरूर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अरमरीकला में टीकाकरण किया जाएगा।

# पिपरिया को पूर्ण तहसील का दर्जा देने के लिए मंत्री अकबर का आभार : महेंद्र कुंभकार

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पिपरिया नगर पंचायत अध्यक्ष महेंद्र कुंभकार ने पिपरिया नगर पंचायत को पूर्ण रूप से तहसील का दर्जा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवम केबिनेट मंत्री अकबर का आभार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने कहा की मैंने लगातार तहसील की मांग नगर वासियों के हित के लिए किया इस मांग को देखते हुए ,विकास को गति मिलेगी और नगर वासियों के साथ साथ आस पास के सभी आमजनो को राहत मिलेगी इस मांग को मंत्री महोदय अकबर ने अहमियत देते हुए पूरा किया पिपरिया क्षेत्र के सभी जनता अकबर के कुशल नेतृत्व से काफी प्रभावित है अब आमजनों में यही चर्चा रहती है की निश्चित ही कांग्रेस सरकार गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के सपने को साकार कर रही है। महेंद्र कुंभकार नगर पंचायत अध्यक्ष ने आगे कहा की कवर्धा विधानसभा के पूरे जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारी की उपस्थिति में केवल पिपरिया को तहसील बनाने की मांग अकबर भैय्या मुख्यमंत्री बघेल के सामने रखे तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। जिस पर मुख्यमंत्री ने अकबर भैय्या की मांग पर मुहर लगाकर पिपरिया को उपतहसील से तहसील की घोषणा की ,मेरे लिए बहुत गौरवांनित पल था, मेरे पहले कार्यकाल में उपतहसील बना वह मेरे दूसरे नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में तहसील। मेरे पहले कार्यकाल में जो पिपरिया नगर पंचायत बना जिसका मुझे पहला नगर पंचायत अध्यक्ष बनने का गौरव मिला उसी नगर पंचायत में अपना दूसरा नगर पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल चला रहा हूं, इतनी बड़ी खुशी देने के लिए मुख्यमंत्री बघेल, केबिनेट मंत्री अकबर का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार और केबिनेट मंत्री अकबर जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है आने वाले दिनों में अभी और जनता के हित में अनेक जनकल्याण कारी योजनाएं लागू होंगी साथ साथ ही साथ उन्होंने कहा की मैं पिपरिया नगर पंचायत और पिपरिया तहसील के क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

**छ, ग,शालेय शिक्षक संघ की जिला बैठक सम्पन्न, क्रमोन्नति, पदोन्नति, पुरानी पेंशन, खुला स्थानांतरण की मांग**

# शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं व संगठन विस्तार की बनी रणनीति

पायनियर संवाददाता ‹ थानखमरिया
www.dailypioneer.com




छ.ग. शालेय शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक जिला मुख्यालय के प्रमुख प्राथमिक शाला में जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र चंद्रवंशी के नेतृत्व व प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई, बैठक में शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं व मांगो के निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा कर आगामी रणनीति बनाई गई, जिसमे शिक्षक संवर्ग की महंगाई भत्ता, समयमान वेतन, परिक्षावधि व निम्न से उच्च पद की लंबित एरियर्स राशि का भुगतान, पुरानी पेंशन बहाली, लंबित मेडिकल व अर्जित अवकाश का भुगतान ,सेवा पुस्तिका का नियमित संधारण, खुला स्थानान्तरण, संस्था प्रमुख पदों पर पदोन्नति, वेतन विसंगति, उच्च शिक्षा प्राप्त करने व पी,एच,डी, करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने,मातृत्व अवकाश स्वीकृति, रिक्त संस्था प्रमुख के पदों पर पदोन्नति देने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में संघ की सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई, संगठन विस्तार व सदस्यता अभियान हेतु आगामी रणनीति तैयार की गई, सहसपुर लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश जोशी ने कहा कि संगठन का ब्लॉक एवं जिले का बैठक सतत दो-तीन महीने में होने चाहिए जिससे संगठन की सक्रियता में वृद्धि होगी एवं शिक्षक साथियों के विचारों का आदान-प्रदान होगा तथा आगामी माह में सभी ब्लॉक मुख्यालयों में बैठक तथा सभी संकुलों में संकुल अध्यक्ष नियुक्त करने की योजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षक संवर्ग के हित मे शासन के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा, पूर्व सेवा के आधार पर क्रमोन्नति, पदोन्नति दी जाए,पुरानी पेंशन बहाल किया जाए, खुला स्थानान्तरण नीति लागू हो, प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत ने कहा कि संघ शिक्षकों के हित की लड़ाई लड़ने हमेशा तैयार है,शिक्षक अपने कर्तव्यों व दायित्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करे, बैठक में जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी,प्रदेश प्रवक्ता गजराज सिंह राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष बोड़ला संजय जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया मोहन राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष कवर्धा अमित मिश्रा,ब्लॉक अध्यक्ष लोहारा राकेश जोशी, जिला पदाधिकारीगण मुन्नवर बेग,विष्णु कौशिक,राजेश तिवारी, लक्ष्मी नारायण बंजारा, कर्नल तिवारी,भानु राजपूत, सुनील मागरे, सूरज पाली, दिनेश बर्वे,ब्लॉक पदाधिकारी देवानंद त्रिपाठी, यशवंत कौशिक ,दौलत सिंह बैस, तारकेश्वर कौशिक, रेवाराम साहू,नरेंद्र चंद्रवंशी, खिलेंद्र साहू, शरद वर्मा, रामकुमार वर्मा, जगजीवन हठीले, सतीश निषाद, रामाश्रय शर्मा, अशोक निषाद, कुंजबिहारी हठीले, खुलेश्वर कौशिक, मनीराम धुर्वे, भीषण वर्मा, गुनेश सोनी, टिकेश्वर साहू, के साथ अनेक शिक्षक उपस्थित हुए।

# राजीव गांधी न्याय योजना में उद्यानिकी फसल शामिल, 9 हजार प्रति एकड़ अनुदान

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश सरकार ने अब राजीव गांधी न्याय योजना में उद्यानिकी फसलों को शामिल कर लिया है। उद्यानिकी खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 9 हजार रूपये अब अनुदान मिलेगा। धान के बदले पौध रोपण करने वाले किसानों को 10 हजार प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि शासन से तीन साल तक मिलेगी। पड़ताल में जानकारी मिली कि धान की खेती अभी तक किसान अधिक कर रहे थे। धान की खेती में किसानों को पानी की अधिक जरूरत होती है, वहीं श्रम अधिक है। सोसाइटियों पर खाद बीज के लिये लाइन लगानी पड़ती है। दिसम्बर और जनवरी माह में धान उपार्जन के लिये किसानों को टोकन से लेकर तौल कराने में फजिहत झेलनी पड़ती है। प्रदेश सरकार की ओर से समर्थन मूल्य पर ही किसानों को पैसा मिलता है। ऐसे में किसानों की आय में वृद्धि अधिक नहीं हो पाती है। इस परम्परागत खेती से किसानों को मुक्ति दिलाने के लिये अब उद्यानिकी फसलों पर जोर दिया जा रहा है। उद्यानिकी खेती करने में किसानों को अधिक मुनाफा होगा। कम पानी में फसल तैयार हो जाती है। बाजार भाव की दर से किसान अपनी फसल बेच लेते हैं। इस खेती को बढ़ावा देने के लिये उद्यान विभाग के माध्यम से किसानों को सब्जी एवं पौधे बांटे जाते हैं। किसानों को सब्जी स्टोर कर रखने के लिये पैक हाउस एवं अन्य अनुदान पर बनाया जा रहा है। धान की खेती की तरह उद्यानिकी की खेती को भी प्रदेश सरकार ने राजीव गांधी न्याय योजना में शामिल कर लिया है। राजीव गांधी न्याय योजना में शामिल होने पर किसानों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी। ऐसे में किसानों को अधिक से अधिक लाभ होगा। उद्यानिकी फसलों में टमाटर, बैगन, बरबट्टी, करेला, कद्दू वर्गीय, फलदार, वानिकी पौध रोपण पर किसानों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उद्यानिकी फसल लगाने वाले किसानों को हर साल 9 हजार प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदेश सरकार राजीव गांधी न्याय योजना में देगी। वर्ष 2020-21 में जिस रकबे में धान की खेती किये थे और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया था।

# समय सीमा की बैठक, बालिका आश्रम और छात्रावासों का होगा औचक निरीक्षण

■ संचालन में लापरवाही पाये जाने पर होगी कड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले में विकास और निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत ने कहा है कि शासन द्वारा अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) क्षेत्र के अंतर्गत जिले के ग्राम जल्दा, साम्हरधसान, बहावुड, बोकरा कच्छार और बाकल को व्यवस्थापित किया गया है। उन्होंने विस्थापित इन गांवों में ग्रामीणों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पानी, बिजली, सड़क, स्वस्थ्य आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और व्यवस्थापित ग्रामीणों की समस्यों को प्राथमिकता एवं संवेदनषीलता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिये।



इसी तरह उन्होने आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित बालक एवं बालिका आश्रम तथा छात्रावासों में उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में की गई व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि बालिका आश्रम और छात्रावासों का औंचक निरीक्षण किया जाएगा। बालिका आश्रम तथा छात्रावासों के संचालन में लापरवाही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बालिका आश्रम तथा छात्रावासों के औंचक निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय महिला अधिकारी को नामांकित करने और तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्रो का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रो के संचालन में किसी भी प्रकार के लापरवाही और उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। इस संबंध में उन्होने मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. त्रिलोकी नाथ महिंग्लेश्वर को कड़े और सख्त निर्देश दिये। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में एक-एक इंच भूमि का बड़ा महत्व होता है। इस हेतु नगरीय क्षेत्रों की भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में उन्होने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। इसी क्रम में उन्होंने अविवादित नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों की समीक्षा की और उन्होंने लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना की प्रगति की समीक्षा की और गोठान समिति तथा महिला स्व सहायता समूहो को की गई भुगतान के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवष्यक निर्देष दिये। इसी तरह उन्होने जाति प्रमाण पत्र की प्रगति, गोठानों एवं चारागाहों में सोलर पंप तथा फेसिंग की स्थापना, बारदानों की एकत्रीकरण, 102 महतारी एक्सप्रेस और 108 एम्बुलेंस के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवष्यक निर्देष दिये। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक डी. आर आंचला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनील सोनी, अपर कलेक्टर राजेश नशीने, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिहर सिंह को कार्य में उपस्थित होने नोटिस जारी

**मुंगेली।** कृषि विभाग के उपसंचालक द्वारा कार्य में उपस्थित होने हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिहर सिंह उदय लेख किया गया है, जारी लेख में कहा गया है की श्री हरिहर सिंह उदय द्वारा 06 मई 2019 से दो दिवस का आवेदन प्रस्तुत किया गया था, तब से आज दिनांक तक उपस्थित नही हुए, ना ही उनके द्वारा किसी प्रकार की पत्राचार करने की जरूरत समझा गया, इससे स्पष्ट होता है कि उन्हें शासकीय कार्यों के प्रति रूचि नही है, क्यो न छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के सहायक नियम 7 के तहत कार्यवाही करते हुए, सेवा समाप्त किया जाय । अतः निर्देशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के अन्दर कार्य पर उपस्थित हो अन्यथा यह समझा जाएगा, कि आपको शासकीय नौकरी की आवश्यकता नहीं है।

### गृह निर्माण मंडल में चल रहा बाबूराज

**रायगढ़।** जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल याने हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में बीते कई दिनों से बाबूराज का बोल बाला है और यहां उनके इशारे बिना फाईल से एक कागज भी नही हिलता। इतना ही नही इस बाबूराज के चलते हाउसिंग बोर्ड के कई बड़े काम लटके हुए हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार इस कार्यालय में कार्यरत कई बाबू वर्षो से एक ही टेबल में जमे हैं और वहां काम करने वाले ठेकेदार को धौंस दिखाकर विकास संबंधी कार्यो को भी रोकने में सफल हो जाते हैं। एक ठेकेदार ने अपना नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि इस कार्यालय में एक सब एसडीओ तो 2012 से अभी तक पदस्थ है और उसके उपर लड़की छेड़छाड का आरोप लगने के बाद भी कोई कार्रवाई नही होनें से यहां उस एसडीओ सहित सभी बाबूओं के हौसलें बुलंद हैं उस ठेकेदार का यह भी कहना है कि कोई भी कालोनी के निर्माण कार्य या उसके विकास संबंधी कार्यो को अगर ठेकेदार पूरा कर देते हैं तो छोटे से छोटे रोडे लगाकर काम को भी प्रभावित करते हैं।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के संचालन समिति की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में विकास खण्ड लोरमी के ग्राम बंधवा में संचालित एकलव्य आदर्ष आवासीय विद्यालय के संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर वसंत ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के सुचारू संचालन हेतु संचालन समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित नहीं होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और उन्होंने संचालन समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर वसंत ने एकलव्य विद्यालय में शिक्षण सत्र 2021-22 में कक्षा 6वीं में प्रवेश की कार्यवाही तथा कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं कक्षाओं में रिक्त सीट पर लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होंने विद्यालय में ऑफलाइन (10वीं कक्षा) में उपस्थित एवं शिक्षण व्यवस्था, सीबीएसई पाठ्यकम से पढाई की प्रगति, भारत सरकार के पोर्टल पर शिक्षकों की एमईएस एंट्री की प्रगति, विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था, छात्रावास में कर्मचारियों की उपस्थिति, गणवेश सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त शिल्पा सांय, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### असंगठित और निर्माण श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन प्रारंभ

**मुंगेली।** श्रम पदाधिकारी ने बताया की भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित श्रमिकों जिसमें निर्माण श्रमिक भी शामिल है, के पंजीयन हेतु ई-श्रम पोर्टल प्रारंभ किया गया है। असंगठित एवं निर्माण श्रमिक जैसे काम वाली बाई, कुक, सफाई कर्मचारी, रेजा, कुली, रिक्शा चालक, पेंटर, इलेक्ट्रीशियन, खेतीहर मजदूर आदि श्रमिक जिसकी आयु 16 से 59 वर्ष हो, अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नं. ले जाकर अपने नजदीकी च्वाइस सेंटर में ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन करा सकते है।

## कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर जनभागीदारी निधि से होगी संचालित

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

जनभागीदारी प्रबंधन समिति शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के शिक्षा सत्र 2021-22 का प्रथम बैठक 24.सितं. को महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें नैक मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय का सौंदरीकरण, गार्डनिंग, ऑडिटोरियम साज-सज्जा हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। राज्य शासन द्वारा वैल्यू ऐडेड रोजगार परक कोर्स संचालित करने के लिए सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर का कोर्स जनभागीदारी निधि से संचालित करने का निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 की वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुरारी लाल यादव के समक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति की ओर से कार्यरत कर्मचारियों



द्वारा मासिक मानदेय में वृद्धि की मांग को भी ध्वनिमत से पारित कर मानदेय वृद्धि की गई। सुबोध शुक्ला द्वारा छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय में इनवर्टर की मांग को प्रबंधन समिति ने ध्वनिमत से पारित किया गया है। इस बैठक में जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुरारी लाल यादव, उद्योगपति सदस्य सुबोध शुक्ला तथा सहायक प्राध्यापक डॉ जी सी भारद्वाज, डॉ सी बी खूंटे, प्रो उत्तरा निराला, प्रभारी प्राध्यापक जनभागीदारी डॉ एस के कश्यप उपस्थित रहे।

## लैलूंगा के बहुचर्चित मर्डर मिस्ट्री का खुलासा

■ 6 युवकों ने दिया घटना को अंजाम, नगदी 80 हजार बरामद

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के थाना लैलूंगा क्षेत्र अन्तर्गत 22 एवं 23 सितम्बर की मध्य रात्रिन पत्थलगांव रोड़ में निवासरत एलडरमेन एवं व्यववासी मदन मित्तल एवं उनकी पत्नी अंजू मित्तल की निर्मम हत्या की गुत्थी को रायगढ़ पुलिस द्वारा पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर, रेंज बिलासपुर रतनलाल डांगी एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीना के मार्गदर्शन पर घटना के तीनों दिनों बाद सुलझा लिया गया है। घटना को अंजाम देने वाले विधि के साथ संघर्षरत 04 बालक व 01 बालिग आरोपी अक्षय प्रधान को रिमांड पर भेजा जा रहा है, घटना को कुल 06 लोगों द्वारा मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया गया है। इनसे चोरी में प्राप्त नकदी से खर्च के बाद शेष करीब 80,000 रूपये नकद बरामद किया गया है, इनका एक साथी अभी भी फरार है, जिसके पास से



मित्तल दम्पत्ति के मकान से चोरी हुआ बैग व कुछ और नकदी बरामद होने की सम्भावना है, फरार आरोपी की सघन पतासाजी में पुलिस की विशेष टीम लगी हुई है। ज्ञात हो कि 22 एवं 23 सितंबर की दरम्यिानी रात अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी की नियत से लैलूंगा निवासी मदन मित्तल के घर के पीछे का दरवाजा के ऊपर रोशनदान के जाली को काट कर घर अंदर घुसकर मदन कुमार अग्रवाल (55 वर्ष) एवं उनकी पत्नी अंजूदेवी अग्रवाल (54 वर्ष) का गला दबाकर हत्या कर चोरी किये जाने की घटना सामने आई थी, घटना की रिपोर्ट मृतक के परिचित प्रदीप कुमार अग्रवाल (49 साल) निवासी लैलूंगा द्वारा दर्ज कराया जिस पर 23 सितंबर को अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 457,380,302 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी, एडशिनल एसपी, एसडीओपी धरमजयगढ़, धरमजयगढ़ अनुविभाग के सभी थाना, चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी चक्रधरनगर, फारेंसिक व सायबर टीम, ट्रेकर डॉग मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कन्ट्रोल रूम को पाइंट देकर सम्पूर्ण जिले की नाकेबंदी कर संदिग्धों की सघन पतासाजी का निर्देश दिया गया। घटना की गंभीरता को लेकर दोपहर सड़क मार्ग से रेंज आईजीपी रतनलाल डांगी भी घटनास्थल पहुंचे। रेंज आईजी द्वारा भी घटनास्थल एवं आसपास क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जांच टीम को दिया गया तथा मृतको के वारिसानों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से मिलकर अतिशीघ्र आरोपियों के पकड़े जाने का विश्वास दिलाया गया।

## आदिवासी महिला को सूदखोर महिला कर रही परेशान

**रायगढ़।** ब्याज में दोगुना पैसा लेने के बाद भी हस्ताक्षरयुक्त चेक व स्टांप पेपर वापस नही करने से परेशान एक आदिवासी महिला ने सुदखोर महिला के खिलाफ अनुसूचित जाति कल्याण रायगढ़ थाने में एक लिखित शिकायत करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। कोतरा रोड़ रामबाग के पीछे रहने वाली जानकी सिदार ने अपने लिखित आवेदन में अनुसचित जाति कल्याण थाने के प्रभारी को अपनी शिकायत में लिखा है कि वह एक आदिवासी महिला है और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संबलपुरी में बतौर शासकीय कर्मचारी काम कर रही हैं। घर में पैसे की आवश्यकता पड़ने पर उसने अपनी सहेली अनिता सारथी के बताए अनुसार काजल सलूजा से परिचय कराने के बाद बतौर ब्याज 50 हजार रूपए की रकम ली थी और इस 50 हजार रकम के बदले काजल सलूजा ने हस्ताक्षर किये बगैर चेक व एक स्टांप भी लिया। बातचीत के दौरान काजल सलूजा ने पीड़ित जानकी सिदार को यह कहा था कि वह लायसेंस के माध्यम से ब्याज का व्यापार करती है और 20 प्रतिशत के हिसाब से उसे ली गई रकम वापस करनी पड़ेगी। आदिवासी महिला ने बताया कि इस पूरे ब्याज के व्यापार में काजल सलूजा ने सलूजा टायपिंग से स्टांप खरीदने के बाद लिखा पढ़ी करवाई और 50 हजार के बदले प्रतिमाह 10 हजार रूपए ब्याज की शर्त उसमें लिखी गई।

## सामुदायिक भवन तोड़कर कराया जा रहा मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान का निर्माण

पायनियर संवाददाता < कोटा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत में पदस्थ सी एम ओ सागर राज आए दिन अपने जनविरोधी निर्णयों से सुर्खियों में बनी रहती है। जिससे उन्हें आम जनता के विरोध का सामना भी करना पड़ता है। कोटा नगर के के मुख्य मार्ग में वार्ड नं छ में सामुदायिक भवन स्थित है ।कोटा नगर पंचायत सी एम ओ एवं अध्यक्ष ने सरकार की नई योजना मुख्यमंत्री सस्ती दवा योजना के लिए सामुदायिक भवन को ही तोड़कर दुकान निर्माण के आदेश दे दिए । जब वार्डवासियों को इसकी भनक लगी तो लोगो ने दुकान निर्माण का पुरजोर विरोध किया एवं निर्माण ना रोके जाने पर शासन एव प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस सामुदायिक में ही वार्डवासियों के सामाजिक कार्य इसी सामुदायिक भवन में होते है। बिना वार्ड वासियों की सहमति से दुकान निर्माण किए जाने से वार्ड वासी खासा आक्रोशित है । इस पूरे मसले पर जब वार्ड पार्षद प्रतिनिधि एवं ब्लाक कांग्रेस



कमेटी के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित से बात की गई तो उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री सस्ती दवा योजना के लिए मुझे सामुदायिक भवन में अस्थाई दुकान खोलने की जानकारी मुझे दी गई थी पर पूर्ण दुकान के लिए मैंने मना कर दिया है। इस पूरे मसले पर जब नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक से उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सस्ती दवा योजना के लिए सामुदायिक भवन का चयन किया था परतुं वार्ड वासियो के विरोध के कारण निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है।वही इस विवाद पर जब कोटा नगर पंचायत की सी एम सो सागर राज से फोन पर सम्पर्क किया गया तो आदतन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जांजगीर-चांपा जिला इकाई ने नगर मंडल के सहयोग से किया शक्ति में रक्तदान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला इकाई जांजगीर चांपा द्वारा भाजपा नगर मंडल शक्ति के सहयोग से स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सभागार में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन आयुष्मान ब्लड बैंक चांपा के सहयोग से किया गया,जिसमें काफी संख्या में शहर सहित आसपास के क्षेत्र के रक्त दाताओं ने उपस्थित होकर अपना रक्तदान किया,इस दौरान चांपा सेवा संस्थान के सक्रिय सदस्य एवं जिला भाजपा महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने भी 81 वा रक्तदान किया, कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों में भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश के सह संयोजक श्री कश्यप जी, जांजगीर चांपा जिले के चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुरेश कुमार देवांगन, भाजपा जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल,व्यवस्थापक अधिवक्ता चितरंजन पटेल, भाजपा शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू, भाजपा नगर मंडल महामंत्री अमन डालमिया, राम नरेश यादव,महिला मोर्चा शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती पुष्पेंनदरी कसेरा, जिला कार्यसमिति सदस्य प्रदीप गुप्ता, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल टुककु, भाजयुमो शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष अंकित अग्रवाल एवं पूर्व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संजय कश्यप तथा कार्यक्रम के संयोजक राजीव अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अतिथि प्राध्यापक तीन सूत्रीय मांग को लेकर आज रायपुर बूढ़ा तालाब के पास बैठेंगे धरना में

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शासन व्दारा प्रदेश के शासकीय महाविघालयों में सहायक प्राध्यापक एवं प्रोफेसर के रिक्त पदों के विरूध्द अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्ति कर अध्यापन कार्य कराया जाता है। अतिथि प्राध्यापक रंगनाथ यादव ने बताया कि शासन द्वारा विगत दस वर्षों से अतिथि प्रध्यापकों को प्रति पीरियड़ केवल 200 रूपए की दर से प्रतिदिन अधिकतम चार पीरियड का 800 रूपए मानदेय भुगतान किया जाता है उन्हे आवकाश की कोई पात्रता नहीं है शासकीय आवकाश में भी उनका वेतन काट लिया जाता है जिसके कारण अतिथि प्राध्यापकों को प्रति माह औसतन 17000 रुपए ही वेतन प्राप्त होता है जो महाविघालय के चपरासी से भी कम है।

अतिथि प्राध्यापकों की सेवा अवधि भी प्रति वर्ष 6-7 माह की होती है और शेष समय वे मौसमी बेरोजगारों की तरह बेकार रहते हैं और जब उनके स्थान पर कोई नियमित प्राध्यापक आ जाते हैं तब महाविघालय के प्राचार्य व्दारा उस अतिथि प्राध्यापक की सेवा सामाप्त कर दी जाती है जिसके कारण उस अतिथि प्राध्यापक का भविष्य चौपट हो जा रहा है । महाविघालयों में ऐसे कई अतिथि प्राध्यपक है जो शासन के व्यवस्था के तहत अध्यापन कार्य कराते कराते उस आयु सीमा को पार कर गये है जो शासकीय सेवा में भर्ती हेतु शासन व्दारा निर्धारित है और अब उनके पास इस सेवा को छोड़ कर अन्य कोई विकल्प नही है ।

शिक्षण सत्र 2021- 22 के लिए भी प्रदेश के सभी महाविघालयों में छात्रों का प्रवेश चुका है और शासन व्दारा 2 अगस्त से स्नातकोतर तथा 16 अगस्त से स्नातक काक्षाओं के लिए छात्रों की 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ ऑफलाईन क्लास की अनुमति प्रदान कर दिए हैं लेकिन अभी तक अतिथि प्राध्यापकों को सेवा में नहीं लिया गया है । इन सब परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश के हम सभी अतिथि प्राध्यापक काफी नाराज है और वे शासन का ध्यान आकृष्ट कराने अपने तीन सूत्रीय मांग शीघ्र नियुक्ति के साथ पूर्णकालिक अवधि तक सेवा, एकमुस्त मासिक वेतनमान तथा अतिथि प्राध्यापकों की 65 वर्ष की आयु तक जाब सुरक्षित की मांग को लेकर 28 सितम्बर को रायपुर बूढ़ा तालाब के पास धरना प्रर्दशन पर बैठेंगे जिसमें शासन के नीति के विरोध में रैली और मूडंन कार्यक्रम भी शामिल है।

## इंटक श्रमिक मजदूर महासम्मेलन 24 अक्टूबर को

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस छतीसगढ़ कार्य समिति की बैठक 26 सितंबर 2021 को सम्पन हुई। जिसमे छत्तीसगढ़ इंटक कांग्रेस के सभी विंग के प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश जिला पदाधिकारी सम्मलित हुए। इंटक प्रदेश कार्य समिति की बैठक में 24 अक्टूबर 2021 को प्रदेश स्तरीय विशाल श्रमिक मजदूर महासम्मेलन इंटक राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद मंत्री चन्द्रशेखर दुबे ददाई बाबा की उपस्थिति में आयोजित करने का निर्णय लिया गया । इंटक प्रदेशाध्यक्ष दीपक दुबे एवं पदाधिकारीयो ने प्रेस वार्ता में कहा कि विशाल मजदूर महा सम्मेलन 24 अक्टूबर को रायपुर में होगी जिसके लिए पूर्व मंत्री सांसद इंटक राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे



23 अक्टूबर को रायपुर आ रहे है उनके आगमन पर भव्य स्वागत एयरपोर्ट से राजीव भवन तक प्रदेश भर से पहुचे इंटक पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ द्वारा की जाएगी राजीव भवन में झीरम घाटी के शहीदों को इंटक राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे एवं दूसरे दिन 24 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ इंटक द्वारा आयोजित विशाल श्रमिक मजदूर महासम्मेलन में सम्मिलित होंगे श्रमिक सम्मेलन में एसईसीएल, एनटीपीसी, सीएसबी, भिलाई स्टील प्लांट , एनएमडीसी, बाल्को एलुमिनियम प्लांट सहित प्राइवेट सेक्टर के स्टील, पावर एवं खनन छेत्र में कार्यरत श्रमिक शकर कारखाना के श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी भाग लेंगे साथ ही एफसीआई, वेयरहाउस के हमाल, बिजली विभाग के मेंटेनेंस ठेका श्रमिक - सब स्टेशन के कर्मचारी, प्रायवेट हास्पिटल के कर्मचारी व सरकार के 102 एवं 108 में कार्यरत कर्मचारी, स्कूल के कर्मचारी व असंगठित छेत्र में कार्यरत श्रमिक, बड़े छोटे वाहन चालक साथी हजारो की संख्या में सामिल होंगे । दुबे ने बताया कि वर्तमान सरकार श्रमिक मजदूर किसान के हित में अनेकों क्रांतिकारी निर्णय लिए है।

## नारी शक्ति चित्रोतपला समिति ने तीज उत्सव मनाया

**शिवरीनारायण।** नारी शक्ति चितत्रोत्पला समिति का तीज उत्सव का कार्यक्रम वरिष्ठ संरक्षिकाओं रामकुमारी सोनी, यशोदा, इंदिरा सोनी, सरस्वती सोनी उर्मिला, सावित्री सोनी के आतिथ्य में संपन्न हुआ सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा गणेश की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया गया सुशीला सोनी एवं जीवन सोनी द्वारा कुमकुम टीका लगा कर श्रीफल से अतिथियों का स्वागत किया गया माधुरी



सोनी द्वारा गणेश जी की वंदना प्रस्तुत की गई ममता सोनी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। पुष्पलता सोनी और शकुंतला द्वारा अतिथियों के स्वागत में गीत गाया गया तत्पश्चात समिति के के सदस्यों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें श्रद्धा, अनुपमा, वैशाली एवं नीता के द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य नेभाव विभोर कर दिया वहीं शिखा दिव्या, ज्योति, रोशनी, विनीता द्वारा सामूहिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया संरक्षिका एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से शकुंतला लक्ष्मीकांत सोनी को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया । इस कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के गणमान्य महिलाए बच्चे उपस्थित थे कार्यक्रम से राकुमारी श्रीहरि प्रसाद सोनी द्वारा 2100रु एवं सरस्वती मोतीलाल सोनी द्वारा 501रु की राशिसमिती में सहयोग व प्रतिभगियों को पुरस्कृत करने के लिए प्रदान की गई।

## आरसीसी के तहत ग्राम-पंचायतों के सरपंच-सचिवों करारोपण-अधिकारी पर है लाखों का बकाया

पायनियर संवाददाता < करगीरोड कोटा
www.dailypioneer.com

कोटा-जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में आरसीसी की राशि वसुली के लिए पूर्व में वर्तमान जिला-पंचायत सीईओ के द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है..ग्राम-पंचायतों के सरपंच-सचिवों पर लाखों कि वसूली बकाया है जिसकी रिकवरी के लिए कोटा एसडीएम-कार्यालय से बकायादारों को नोटिस भी जारी की गई है, पिछली बार कुछ बकायादारों को एसडीएम-कार्यालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद वसूली में तेजी आई थी..देखना होगा कि इस बार भी केवल नोटिस ही जारी होती है, या फिर बकायादारों पर गिरफ्तारी-वारंट की तलवार लटकती है, जुलाई-2020 की



स्थिति में कोटा जनपद के ग्राम-पंचायतों में आरसीसी के तहत 61-लाख 66-हजार की राशि वसूली बकाया है, सरपंच-सचिवों के साथ कोटा-जनपद पंचायत के एक-करारोपण-अधिकारी पर भी 2010 से लाखों की राशि बकाया है, जो कि ग्राम-पंचायत के पंचायत सचिव रहने के दौरान वित्तीय-अनियमितता की गई थी पर आश्चर्य-वाली बात यह है, कि इस बारे में जब मुख्य कार्यपालन-अधिकारी कोटा जनपद-पंचायत से सूचना के अधिकार से मिले जवाब के अनुसार उक्त-करारोपण-अधिकारी के द्वारा वित्तीय-अनियमितता के जवाब में निरंक लिखा गया- जब निरंक है, तो आरसीसी की बकाया राशि मे उक्त करारोपण-अधिकारी का नाम क्यों अंकित किया गया है-फिर क्यो उक्त-करारोपण-अधिकारी द्वारा अपने मासिक वेतन से मासिक-किस्त के रूप कोटा जनपद पंचायत को राशि अदा किया जा रहा है-उसके अलावा उक्त-करारोपण-अधिकारी के वर्तमान प्रभार वाले समस्त ग्राम-पंचायतों के ऑडिट-रिपोर्ट में भी ऑडिटर के द्वारा वित्तीय-अनियमितता की आपत्ति दर्ज कराई गई है। शिकायत-वित्तीय-अनियमितता के बावजूद उक्त करारोपण-अधिकारी अंगद कि पाँव तरह पिछले कई वर्षों से कोटा-जनपद पंचायत में जमा बैठा हुआ है-क्यों-क्या किसी तरह का कोई सेटिंग है-? या फिर किसी का वरदाहस्त मिला हुआ है।

# कृषि कानून के खिलाफ किसानों के भारत बंद को मिला व्यवसायियों का समर्थन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

कृषि कानून के खिलाफ किसानों का भारत बंद को लेकर छत्तीसगढ़िया किसान, मजदूर संघ ने भाटापारा बंद का आव्हान किया था। नगर में बंद का असर देखने को मिला।

सुबह मुख्य बाजार, कृषि उपज मंडी और हॉटल स्वस्फूर्त बंद रहा। सड़क किनारे ठेले-खोमचे लगाने वाले कुछ व्यवसायियों ने दुकानें खोली थीं, लेकिन बाद में दुकानें बंद कर दीं। सड़क पर किसान नेता निकले और लोगों से दुकानें बंद करने और किसानों के पक्ष में इस बंद को समर्थन देने की अपील की। कृषि कानूनों के विरोध में चल रहे आंदोलन में भारत बंद को व्यापारियों का पूर्ण समर्थन मिला है। शहरों में सभी छोटी-बड़ी दुकानें व्यापारियों ने स्वयं ही बंद रखीं।

बंद का आयोजन छत्तीसगढ़िया किसान, मजदूर संघ के संयोजक कुबेर यदु, प्रभारी नरेन्द्र वर्मा, नीलकंठ ध्रुव, आरपी वर्मा, रंजित वर्मा, सुंदरलाल साहू, एमआर ध्रुव, चंद्रकांत साहू, बीरेन्द्र साहू, रामचरण साहू, उदय साहू आदि शामिल रहें।



## पिछले दस महीनों से जारी है किसान आंदोलन

तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली मे विभिन्न बॉर्डर्स पर पिछले दस महीनों से किसानों का आंदोलन जारी है. पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि के किसान सरकार से कृषि कानूनों को रद्द करने और एमएसपी पर कानून बनाने की मांग कर रहे हैं।

## कांग्रेस ने किया भारत बंद का समर्थन

सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा और किसान संगठन के भारत बंद का कांग्रेस ने समर्थन किया है. कांग्रेसी नेता रमेश यदु, रामबिलास साहू, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, मनहरण वर्मा, अमर मंडावी, गिरीश परप्यानी, शेख गुलाम, प्रेम वर्मा, डॉ बसंत भृगु, सुरेन्द्र यदु, शैलेंद्र अहिरवार, मेवलाल बघेल, मनीष पंजवानी, महेन्द्र साहू, संतोष सोनी, गिरीश चावड़ा संजय बघेल, लोकेश शर्मा आदि ने समर्थन देने आए।

# ऊपर से नीचे तक कार्यवाई हो : यूडी मिंज



**जशपुर।** जिला मुख्यालय जशपुर स्थित समर्थ दिव्यांग आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में दिव्यांग बच्चियों के साथ हुई छेड़छाड़ और रेप की घटना के मामले में छग शासन में संसदीय सचिव व कुनकुरी विधायक यू डी मिंज ने कहा कि यह बहुत ही गम्भीर वारदात है और विभाग के जिम्मेदार उपर से नीचे तक के अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कुछ कार्रवाई इस मामले में हुई हैं लेकिन यह बहुत ही गम्भीर मामला है और इस मामले में ऊपर से नीचे तक के अधिकारियों की जवाबदारी तय हो और उनके विरुद्ध भी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा है कि इस बेहद दुखद घटना के संबंध में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से बात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है जो भी घटना घटित हुई है वह बहुत ही गंभीर अधिकारियों की गैर जिम्मेदार व्यवहार के कारण हुई है और उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# सहारा कंपनी से मानहानि की राशि 70 लाख रूपये दिलाने के नाम पर ठगी

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



सहारा कंपनी से मानहानि की राशि 70 लाख रूपये दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह की मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने में मनेंद्रगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है थाना प्रभारी सचिन सिंह की टीम ने इस धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी युवती को दिल्ली से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया जिसने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) के अधिकारी बन कर प्रार्थी से की 13 लाख 78 हजार 100 रूपये की ठगी की थी। आरोपी के पास से 09 नग मोबाईल, 09 नग एटीएम कार्ड,02 नग आधार कार्ड,01 नग पैन कार्ड जप्त किया गया है। प्रार्थी विजय कुमार वर्मा पिता रामकृपाल वर्मा उम्र 58 वर्ष निवासी आमाखेरवा थाना मनेन्द्रगढ ने थाना मनेन्द्रगढ आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक दिन उसे अंजली नामक महिला का फोन आया जिसने सहारा कपंनी में आपका पैसा जमा है कहकर बातचीत शुरू की व खुद को (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) हैदराबाद का अधिकारी बताया। चूंकि वर्मा का पहले से सहारा में पैसा जमा था इसलिये वे उनकी बातो में आकर लगातार बात करते रहे। इसके अलावा 06 लोग अंजली शर्मा, उल्लास मधुकर, रघुवीर सिंह, एस0के0 मदन, अर्चना मल्होत्रा ने सहारा कपंनी से 70 लाख रूपये का क्लेम दिलाने के नाम से उनसे 13 लाख 78 हजार 100 रूपये क्लेम व अन्य प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट पर थाना मनेन्द्रगढ में अपराध क्रमांक 307/2020 धारा 420 भा0द0वि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा लगातार पुराने व अनसूलझे मामलो की मानिटरिंग की जा रही थी। लगातार मामले की निकाल हेतु प्रयास किये जा रहे थे। इसी आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं एसडीओपी मनेन्द्रगढ राकेश कुमार कुर्रे के निर्देश मे टीम गठित की गई तथा इस मामले की विवेचना हेतु तकनीक विश्लेषण तथा बैंक ट्रांकजेक्टश की डिटेल प्राप्त कर एक कार्य योजना तैयार की गई। प्रार्थी द्वारा बात किये गये नम्बर जो घटना के बाद बंद हो गए थे तथा प्रार्थी जिस अकाउंट मे पैसा डाला था उस अकाउंट को भी वेरीफाई किया गया। इन्ही आधार पर थाना मनेन्द्रगढ एवं सायबर सेल संयुक्त टीम द्वारा दिल्ली में कैम्प कर आरोपियो को पता साजी की जा रही थी.उसी दौरान आरोपिया नैना सिंह पिता अशोक कुमार सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी अशोक नगर मंडोली दिल्ली को घेरा बंदी कर पकडा गया।

# बेहतर जीवन के नारे के साथ केंद्र सरकार नें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत की

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन के नारे के साथ केंद्र सरकार नें 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में एक सामाजिक कल्याण योजना-प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत की है। इसी योजना के तहत, हितग्राहियों को सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है .मुझे विश्वास है कि इससे हितग्राही परिवारों का जीवन स्तर सुधरेगा। उक्त आशय के उद्गार नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 11 के वरिष्ठ पार्षद सरजू यादव ने गैस सिलेंडर वितरण के दौरान कही। इस मौके पर हितग्राहियों के साथ ही साथ वार्ड के लोग काफी संख्या में मौजूद थे। इस मौके पर वार्ड पार्षद सरजू यादव ने कहा कि यह योजना एक धुँआरहित ग्रामीण भारत की परिकल्पना करती है और जरूरतमंद परिवारों, विशेषकर गरीबी रेखा से नीचे रह रही महिलाओं को रियायती एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है। योजना से एलपीजी के उपयोग में वृद्धि होगी और स्वास्थ्य संबंधी विकार, वायु प्रदूषण एवं वनों की कटाई को कम करने में मदद मिलेगी। यादव ने कहा कि इसी कड़ी में आज प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 14 हितग्राही अत्यंत गरीब परिवार के जिनको इस योजना का लाभ दिलाए गया है यह परिवार वार्ड परिसीमन में मेरे वार्ड में जुड़े हैं जिन्हें यह योजना का लाभ मेरे द्वारा दिलाया गया।

# श्रम विभाग के अंतर्गत विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों को मिल रही मदद

**अब तक 3 लाख 85 हजार की आर्थिक सहायता और सामग्री वितरण**

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com



जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों की सहायता की जा रही है। इसी कडी में श्रम विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता राशि योजना के तहत पंजीकृत प्रवासी श्रमिक विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम बुंदेली निवासी नैनतारा के निधन पर उनके उत्तराधिकारी पति इन्द्रजीत को एक लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

श्रम पदाधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत 256 पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता राशि योजना में 2 श्रमिकों को 2 लाख रुपये एवं भगिनी प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत में एक श्रमिक को 5 हजार रुपय की राशि हस्तांतरित की गई है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के अंतर्गत 582 पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों में असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना में 15 श्रमिकों को 1 लाख 50 हजार, ठेका श्रमिक घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना में 3 श्रमिकों को 30 हजार रुपये की सहायता की गई है। इसी कड़ी में कचरा बीनने वाले श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के अंतर्गत 2 श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण किट तथा मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार सायकल सहायता योजना में एक श्रमिक को सायकल प्रदाय कर सहायता की गई है।

# सुजीत ने किया रक्तदान



**सरायपाली।** अनेक बीमारियों से जूझ रहे पीड़ित जरूरतमंद के जीवन को बचाने नगर के युवा सुजीत बंसल के द्वारा लगभग 35 बार अपना रक्त दान देकर गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को नव जीवन प्रदान करने का सेवाभावी कार्य किया है. उन्हों बतया की यदि किसी भी व्यक्ति को मेरे रक्तदान से जीवन प्राप्त होता है तो मुझे अपार खुशी महसूस होती है। मैं नव युवकों से अपील करता हूँ कि वे आगे बढ़कर जरूरतमंदो को रक्तदान कर नव जीवन प्रदान करें।

# विभिन्न कक्षाओं में सीट की कमी से अनेक छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं

**सरायपाली।** स्व राजा वीरेन्द्र सिंह शा महाविद्यालय सरायपाली में विभिन्न कक्षाओं में सीट की कमी की वजह से अनेक छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं मिल पाता था जिस कारण वे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते थे इस बात की जानकारी वन विकास निगम के अध्यक्ष बसना विधायक राजा देवेंद्र बहादुर सिंह व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सरायपाली विधायक किस्मत लाल नन्द के प्रयास से सीट में वृद्धि की गई है देवेन्द्र बहादुर सिंह व किस्मत लाल नन्द ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल का आभार व्यक्त किया है बी ए में 180 से बढ़ कर 200 सीट वृद्धि 20 सीट बी एस सी (विज्ञान) 115 से10 सीट बढ़ कर 125 बी एस सी (गणित)20 से बढ़ कर 30 वृद्धि 10 सीट बी एस सी (कंप्यूटर साइंस) 25 से बढ़ कर 35 वृद्धि10 सीटछात्र छात्राओं के हिट को ध्यान रखते हुए विभिन्न कक्षाओं में सीट बढ़ाये जाने पर महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के सदस्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उच्च शिक्षा मंत्री माउमेश पटेल मा राजा देवेंद्र बहादुर सिंहमा किस्मत लाल नन्दका आभार व्यक्त किया है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 146/2021-2022
वार्ड का नाम - श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र. 23** वार्ड स्थित भवन / भूमि **23/105 मारूति कुंज** RPR812 A-326 जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजेश अग्रवाल पिता स्व. महावीर अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती जितेश कुमार पिता सुरेश कुमार मित्तल एवं सुरेश कुमार अग्रवाल पिता स्व. बारूमल अग्रवाल** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Phon No. 0771-2971574 Email ID-eocghbzone5@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलौरा,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन क्र-77, श्री राजेश मेश्राम पिता श्री जनार्दन मेश्राम** पताः- **85, जनता कॉलोनी, पुराना राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने** में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Phon No. 0771-2971574 Email ID-eocghbzone5@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलौरा,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन क्र-78, श्रीमती ममता मेश्राम पति श्री राजेश मेश्राम,** पताः- **85, जनता कॉलोनी, पुराना राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने** में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Phon No. 0771-2971574 Email ID-eocghbzone5@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलौरा,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन क्र-136, (1) श्रीमती इंदिरा बोरकर पति स्व. श्री पी. एन. बोरकर,** पताः- **बुद्ध विहार के पास, पो. रविग्राम रायपुर (छ.ग.) द्वारा मु. आम श्री राजेश मेश्राम पिता श्री जनार्दन मेश्राम,** पताः- **85, जनता कॉलोनी, पुराना राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) (2) श्रीमती ममता मेश्राम पति श्री राजेश मेश्राम,** पताः- **85, जनता कॉलोनी, पुराना राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने** में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Phon No. 0771-2971574 Email ID-eocghbzone5@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलौरा,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन क्र-137, श्री राजेश मेश्राम पिता श्री जनार्दन मेश्राम** पताः- **85, जनता कॉलोनी, पुराना राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)** के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने** में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-04, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित 23 एम.आई.जी. भवन योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **एम.आई.जी.-172 सेक्टर-3** में **श्रीमती अनुसुईया देवी क्षत्री पति श्री जी. एस. क्षत्री** को आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 17.09.2002 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 15.09.2009 को हो जाने के कारण वारिस (पुत्र) **श्री उमेश सिंह क्षत्री पिता श्री जी. एस. क्षत्री** द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों (पुत्री श्रीमती भारती सिंह पति श्री मनीष सिंह) की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड **श्री उमेश सिंह क्षत्री पिता श्री जी.एस.क्षत्री** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर
**सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर, रायपुर



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर में निर्मित 32 जुनि.एम.आई.जी. के अंतर्गत, भवनों/भूखण्डों में से भवन/भूखण्ड क्रमांक **जुनि. एम.आई.जी.-125 सेक्टर-4** में **श्रीमती किरण कश्यप पति श्री सुनील कुमार कश्यप** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 19.06.2017 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

आबंटी उक्त भवन/भूखण्ड के विक्रय हेतु दिनांक 08.09.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन/भूखण्ड **श्री संतोष कुमार पिता श्री रामेश्वर प्रसाद** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था इत्यादि को उक्त भवन/ भूखण्ड के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, कबीर नगर, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 139/2021-2022
वार्ड का नाम - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र.-59

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 स्थित भवन / भूमि क्र. **59/53 ईश्वर नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री तीरथराज मिश्रा पिता श्री बेचन लाल मिश्रा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री मोहन लाल मिश्रा पिता श्री बेचन लाल मिश्रा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 140/2021-2022
वार्ड का नाम - मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र.-59

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 स्थित भवन / भूमि क्र. **59/53/B-503 रॉयल टॉवर** जो कि निगम अभिलेख में **श्री गुलशन कुमार जैन पिता श्री विमलेश जैन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री निखिल केडिया पिता स्व. श्री प्रदीप केडिया** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 141/2021-2022
वार्ड का नाम - श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 स्थित भवन / भूमि क्र. **61/63/R/1144 ढेबर सिटी होम्स मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **श्री इरफान अली पिता स्व. श्री अकबर अली** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती मंगला श्रीवास्तव पति श्री विश्वनाथ श्रीवास्तव** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर



एनएमडीसी
NMDC

**एन एम डी सी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम)**
बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्पलेक्स, किन्दुल-494556, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)
ग्रामः आयरनओर, फैक्स : 07857-255226, 255227, 255225, CIN - L13100TG1958GOI001674

क्र.बी.आई.ओ.एम.किरन्दुल/कॉम्प/सिविल/**2510**/2021
दिनांक : 26.09.2021

**//प्रेस अधिसूचना//**

बीआईओएम, किरंदुल काम्पलेक्स, किरन्दुल निम्नलिखित कार्यों के लिए सीपीडब्ल्यूडी, राज्य पीडब्ल्यूडी, सार्वजनिक उपक्रम, रेलवे अथवा एम.ई.एस. में पंजीकृत, वित्तीयरूप से सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों से दो बिड प्रणाली में मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। निविदा दस्तावेजों को निम्नलिखित वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | बयाना राशि जमा | समाति अवधि (माह में) | निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अवधि | निविदा प्रस्तुति की नियत तिथि | निविदा खुलने की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डिपोसिट-11 बी में Y जंक्शन से ह्यड्रेंट पाइंट तक बिटुमिनस अप्रोच रोड निर्माण का कार्य। | रु. 48.81 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना जमा राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को सम्मिलित कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 01.11.2021 को 15.00 बजे तक | 01.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 2. | प्रशिक्षण संस्थान किरंदुल के द्वितीय तल में भडार कक्ष, डाइनिंग और मॉडल कक्ष का निर्माण कार्य। | रु. 46.72 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 01.11.2021 को 15.00 बजे तक | 01.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 3. | डिपोस्टि-11 बी के मोड़ 8 और 6 के मध्य में डम्पर प्लेटफार्म और रिटैनिंग वॉल के ढलान संरक्षण हेतु आरसीसी कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | रु. 71.08 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 02.11.2021 को 15.00 बजे तक | 02.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 4. | किरंदुल के लोडिंग प्लांट में कार्यशाला का निर्माण कार्य। | रु. 33.04 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 02.11.2021 को 15.00 बजे तक | 02.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 5. | डिपोस्टि-14 के सर्विस सेंटर के छत के चादर का प्रतिस्थापन और संरचनात्मक पेंटिंग का कार्य। | रु. 74.04 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 05.11.2021 को 15.00 बजे तक | 05.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 6. | किरंदुल के उत्कल समाज और महाराष्ट्र भवन के नवीनीकरण का कार्य | रु. 49.55 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 05.11.2021 को 15.00 बजे तक | 05.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 7. | टाइप- IV/TS (फेज-1) क्वाटर के समीप टाइप-III क्वाटर हेतु 32 नग कार पार्किंग शेड का निर्माण कार्य। | रु. 61.89 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 12 (बारह माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 06.11.2021 को 15.00 बजे तक | 06.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 8. | किरंदुल के अतिथि गृह के पीछे 04 (चार) चालक कक्ष और रसोईघर का निर्माण कार्य। | रु. 63.12 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 12 (बारह माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 06.11.2021 को 15.00 बजे तक | 06.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 9. | आंबेडकर भवन किरंदुल में खुला हॉल का निर्माण कार्य। | रु. 32.88 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 07.11.2021 को 15.00 बजे तक | 07.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 10. | किरंदुल नाले के साथ रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य। | रु. 50.82 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 06 (छह माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 07.11.2021 को 15.00 बजे तक | 07.11.2021 को 15.30 बजे तक |
| 11. | किरंदुल के 614 कन्वेयर के 525 रोलर के समीप डोजर क्रॉस ओवर का निर्माण कार्य | रु. 67.60 लाख (जीएसटी सम्मिलित कर) | टी पी एफ के फार्म-सी के अनुसार निविदा कर्ता को बिड सिक्योरिटी / बयाना राशि के स्थान पर बिड सिक्योरिटी डिक्लरेशन (बी एस डी) प्रस्तुत करना होगा। | 09 (नौ माह) (वर्षा ऋतु को छोड़कर) | 01.10.2021 से 31.10.2021 16.00 बजे तक | 07.11.2021 को 15.00 बजे तक | 07.11.2021 को 15.30 बजे तक |

निविदा आमंत्रण सूचना, पूर्व पात्रता की शर्तें, अन्य निविदा शर्तों तथा पूर्ण पता व विवरण आदि के लिए निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे हमारी वेब साइट **www.nmdc.co.in** को देखें। शुद्धिपत्र और परिशिष्ट केवल एन.एम.डी.सी. वेबसाईट पर ही उपलब्ध किए जाएंगे। भावी निविदाकर्ता शुद्धिपत्र और परिशिष्ट यदि कोई हो तो उसे देखने हेतु समय समय पर हमारी एन.एम.डी.सी. वेबसाईट को देखें।

एन.एम.डी.सी. लिमिटेड के लिये एवं पक्ष में

**अधिशासी निदेशक**
बी.आई.ओ.एम., किरन्दुल काम्प्लेक्स

# भाजयुमो मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब महामंत्री बनने की भागदौड़, एक दो दिन में घोषणा होने की उम्मीद

## उत्तर मंडल में गिने चुने नाम, दक्षिण में दावेदारों की फौज

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति होने के बाद अब मंडल कार्यकारिणी की घोषणा का इन्तजार कार्यकर्ता कर रहे हैं । शहर के प्रमुख उत्तर व् दक्षिण मंडल के महामंत्री पद को लेकर घमासान मचा हुआ है । जहाँ एक ओर भाजयुमो उत्तर मंडल में महामंत्री पद के लिए दावेदारों की संख्या कम है वहीँ दक्षिण में इस पद के लिए दावेदारों की भरमार है लेकिन अब कौन इस पद पर काबिज हो पायेगा ये समय के गर्भ में है । गौरतलब है कि दोनों ही मंडलों में दो दो महामंत्री के पद पर नियुक्तियां की जानी हैं लेकिन उत्तर व् दक्षिण भाजयुमो मंडल अध्यक्ष किसी भी प्रकार का कोई रिस्क नहीं लेना चाहेंगे और उन्हीं लोगों को यह प्रमुख पद दिया जाएगा जो विपक्ष के हिसाब से क्रायक्रमों में प्रमुख रूप से सहभागिता निभाएं व् जिनके पास युवाओं की अच्छी टीम हो । ज्ञात हो कि भारतीय जनता युवा मोर्चा में नियमों के हिसाब से जिला की तर्ज पर मंडल स्तर पर भी केवल पैंतीस वर्ष तक के युवाओं को ही पद से नवाजा जाना है उस हिसाब से संगठन के सक्रीय युवाओं ने मजबूती से अपनी दावेदारी पेश की है ।

### उत्तर मंडल में दावेदार कम





भारतीय जनता युवा मोर्चा के उत्तर मंडल में महामंत्री पद के दावेदारों की संख्या कम नजर आती है। इस मंडल में प्रमुख रूप से महामंत्री पद के लिए तीन नाम उभर कर सामने आये हैं जिसमे अंशुल श्रीवास्तव , अमन जयसवाल व् आदित्य पराते का नाम प्रमुख है । अंशुल श्रीवास्तव पिछले बार भी कार्यकारिणी में मंत्री पद का निर्वहन कर चुके हैं और अमन जायसवाल भी पिछली कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष जैसे महत्त्वपूर्ण पद पद पर रह चुके हैं । आदित्य पराते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में मत्त्वपूर्ण पद पर रहे हैं । तीनों ही नाम सांगठनिक रूप से मजबूत हैं और युवाओं के अच्छी टीम भी इनके पास है इसलिए इन्हीं नामों पर फै सला होने की संभावनाएं ज्यादा हैं ।

### दक्षिण मंडल में दावेदारों की फौज








भाजयुमो उत्तर मंडल में महामंत्री पद के लिए जितने कम नाम हैं उतने ही ज्यादा दावेदार भाजयुमो दक्षिण मंडल में हैं। महामंत्री के मात्र दो पद के लिए इस मंडल में तक़रीबन सात दावेदारों ने प्रमुखता से अपनी दावेदारी पेश की है जिसमे रवि साहू , आशीष जैन , अभिषेक पांडेय , साहिल गोलछा , अरविन्द बैद, प्रह्लाद सिन्हा व् हिमांशु सोनवानी हैं । रवि साहू पिछले कार्यकाल में भी मंत्री पद का दायित्व सम्हाल चुके हैं । युवाओं की अच्छी टीम व् संगठन का तजुर्बा उन्हें इस पद पर काबिज कर सकता है । आशीष जैन भी पहले जिला कार्यकारिणीं में रह चुके हैं और लम्बे समय से संगठन में सक्रीय हैं । अभिषेक पांडेय व् साहिल गोलछा ने भी महामंत्री पद के लिए अपना जोर लगाया है और दोनों ही संगठन में लम्बे समय से सक्रीय भी हैं जिसका फायदा उन्हें मिल सकता है । इसी तरह अरविन्द बैद , प्रह्लाद सिन्हा व् हिमांशु सोनवानी भी महामंत्री की दौड़ में शामिल हैं । अरविन्द को संगठन का लंबा अनुभव है जबकि प्रह्लाद व् हिमांशुं भी अखिल संगठन का काम कर चुके हैं । अब इतने नामों में से दो किन नामों का चयन होगा यह एक दो दिन में ही साफ़ हो जाएगा ।

# खैरागढ़ में विकासखण्ड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रदर्शनी संपन्न



■ शिक्षा में नवाचार से ही कोविड के नुकसान की भरपाई संभव : देवव्रत

पायनियर संवाददाता खैरागढ़
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के दिशानिर्देश अनुसार समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ में विकासखण्ड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम, विद्यार्थी विकास सूचकांक व वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में खैरागढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत स्थित विभिन्न 40 संकुलों से माध्यमिक शालाओं ने हिस्सा लिया । प्रदर्शनी में बच्चो के लिए उपयोगी कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक देवव्रत सिंह उपस्थित रहे, अध्यक्षता यशोदा वर्मा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रबल खत्री, नीलाम्बर वर्मा, डाइट प्राचार्या तारिणी सिंह, बीईओ महेश भुआर्य, उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लाक के 40 संकुल समन्वयक व प्रतिभागी शिक्षक, शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि देवव्रत सिंह ने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा कि हम सभी को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए । शिक्षा में नवाचार के द्वारा ही कोविड काल मे हुए नुकसान की भरपाई संभव है। साथ ही उन्होंने कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन कर इस आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

## दो लाख की चोरी हुई बकरियां बरामद आरोपी फरार

**राजनांदगांव।** थाना घुमका के अंतर्गत ग्राम खैरझिटी में बड़ी संख्या में बकरियों की चोरी की सूचना पर धारा 457,380 भादवि के मामले में अपराध कायम कर जांच की जा रही थी। पुलिस तमाम संदेहियों पर नजर रखकर अज्ञात आरोपी की तलाश में लगी हुई थी कि मुखबिर की सूचना पर खैरझिटी खार के एक फार्महाउस में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर दबिश दी गई। यहाँ चोरी किये गए 16 नग बकरा-बकरी (कीमत लगभग दो लाख रूपये) को खैरझिटी खार स्थित फार्म हाउस से बरामद किया गया।

# चिचोला के डोंगरगढ़ मोड़ पास बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com



डोंगरगढ़ मोड़ के पास बाइक सवार को अज्ञात कार ने टक्कर मारी दी जिससे युवक की मौत हो गई है। मिली जानकारी अनुसार पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र में डोंगरगढ़ तिराहा चौक महिन्द्रा टैक्टर शो रूम के पास मध्यरात्रि के करीब राजनांदगांव की ओर से आ रही अज्ञात कार ने अपने स्वयं की बाइक क्रमांक सीजी 08 एए 0470 में सवार युवक पीयुष कुमार ठाकुर पिता नजरू राम ठाकुर निवासी ग्राम रामपुर (खातुटोला) को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक की सर में गंभीर चोट लगने से घायल हो गया जिसे डायल 112 चिचोला की कर्मचारियों की मदद से तत्काल छुरिया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां बीएमओ डॉक्टर ऐश्वर्या ने युवक की जांच किया गया जिसके बाद युवक पीयूष कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। मृत युवक की शव को डायल 112 के कर्मचारियों ने मरचूरी रख कर मृतक के परिजनों को सुचना किया गया है। पुलिस चौकी चिचोला में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

# 20 घंटे बाद 200 मीटर की दूरी पर मिला मनीष का शव

■ रविवार की दोपहर बांकल एनीकट में नहाते वक्त बह गया था

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कबड्डी खिलाड़ी मनीष कंवर नामक युवक तुमड़ीबोड़ इलाके में बांकल एनीकट में नहाते वक्त बह गया था जिसका शव घटना स्थल से 200 मीटर की दूरी पर सोमवार की सुबह बरामद कर लिया गया । घटना रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुँच गई थी देर शाम तक युवक की खोजबीन जारी रही और रात को रेस्क्यू रोक दिया गया था लेकिन सोमवार की सुबह युवक का शव बरामद कर लिया गया ।घटना के बाद से ही लगातार गोताखोरों की टीम युवक की तलाश कर रही थी जिन्हें सोमवार की सुबह सफलता मिली। गौरतलब है कि जिले में लगातार युवक के बह जाने की यह दूसरी घटना है । एक दिन पूर्व भी धामनसरा में एक युवक बह गया था जिसकी लाश तक़रीबन तीस घंटे बाद बरामद हुई।एनीकट से दूर बहने की भी आशंका जताई गई है

हादसे के करीब घंटे भर बाद घटनास्थल में रेस्क्यू शुरू हुआ था । ऐसे में आशंका थी कि पानी के तेज बहाव के चलते मनीष बहकर कहीं

### प्रतियोगिता में ही शामिल हो कर लौट रहा था मनीष



तुमड़ीबोड़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खपरीकला में रहने वाला 26 वर्षीय मनीष कंवर अपने दोस्तों के साथ कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने ग्राम मड़ियान गया था। मड़ियान से ही प्रतियोगिता से लौटने के बाद वह बांकल-भानपुरी के बीच बने एनीकट में नहा रहा था और उसी दौरान यह घटना हुई।

### नहाते हुए आगे तक चला गया, संभल नहीं पाया

मनीष के दोस्तों ने बताया कि एनीकट में पानी का बहाव काफी तेज था। नहाते हुए मनीष अचानक तेज बहाव वाले हिस्से में चला गया। जिसके बाद खुद को संभाल नहीं सका और लापता हो गया। तत्काल घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। इसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस मनीष को खोजने का प्रयास शुरू किया।

# न्याय धर्म सभा प्रचारक का डोंगरगांव आगमन आज

■ डोंगरगांव नगर में सभा को संबोधित करेंगे डॉ काबरा

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



न्याय धर्म सभा हरिद्वार के राष्ट्रीय न्याय प्रचारक डॉ अशोक काबरा दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार 28 सितम्बर को संध्या 4 बजे डोंगरगांव नगर में धर्म सभा को संबोधित करेंगे। नगर में उक्त सभा स्थानीय संतकुटीर प्रांगण मटिया रोड में आयोजित है। न्याय धर्म सभा डोंगरगांव ने व्यापक तैयारी की है। आयोजन समिति मुताबिक उक्त न्याय धर्म सभा के माध्यम से विश्व में व्याप्त अशिक्षा, भुखमरी, बेरोजगारी, अन्याय, शोषण, भ्रष्ट आचरण व अनीतियों का समुचित समाधान प्रस्तुत करने वाली 111 न्याय प्रस्ताव संबंधी सँदेशो पर आधारित न्याय गोष्ठी परिचर्चा होगी। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ प्रभारी राकेश गगन भी उपस्थित रहेंगे। जानकारी मुताबिक दूसरे दिवस बुधवार 29 सितम्बर को श्रीकाबरा वनांचल क्षेत्र में देवगढ़ मारीं पटेली में न्याय धर्म सभा को संबोधित करेंगे।

# घुमका को पूर्ण तहसील निर्माण में राजनीतिक उठापटक शुरू

**राजनांदगांव।** घुमका को पूर्ण तहसील की मांग जोर पकड़ने से पहले ही इसमे राजनीति शुरू हो गई है। हालांकि पूर्ण तहसील निर्माण सेना के पदाधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि संगठन पूर्ण रूप से गैरराजनीतिक है और इसमे सभी दलों के कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं। बीते सप्ताह मांग पूरा करने घुमका बन्द का आयोजन था और अब संगठन की ओर से सोशल मीडिया और न्यूज पोर्टल में 1नवम्बर तक पूर्ण तहसील की घोषणा का अल्टीमेटम दिया गया है। बन्द के आयोजन में भाजपा के कुछ कार्यकताओं की सक्रियता और 1नवम्बर तक सरकार को चेतावनी के बाद सत्तापक्ष से जुड़े संगठन के नेताओं ने बयान जारी कर भाजपा पर तीखा हमला करते हुए 15 साल के कार्यकाल में नाकामी का आरोप लगाया है। घुमका में तमाम विकास कार्यों को कांग्रेस की उपलब्धि तक बताया गया है। हालांकि कांग्रेस के पदाधिकारियों के बयान में जारी कई विकास और निर्माण कार्य कार्य बीते 15साल के भाजपा शासनकाल में पूरा किया गया है। कांग्रेसियों की नाराजगी के मामले में समझा जा रहा है कि भाजपाइयों की मौजूदगी और अल्टीमेटम के बाद कांग्रेसी बिफरे हुए हैं। कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों के बयान जारी होने के बाद जोगी कांग्रेस के पदाधिकारी ने भी पलटवार किया है। तहसील निर्माण के लिये चल रहे अभियान में फिलहाल कांग्रेस और जोगी कांग्रेस के बीच तकरार से कयास लगाया जा रहा है कि पूरा मामला राजनीतिक वर्चस्व को लेकर हो सकता है पर तहसील निर्माण से जुड़े संगठन के कार्यकर्ताओं की मानें तो श्रेय किसी को भी मिले घुमका पूर्ण तहसील बनाना संगठन का मुख्य उद्देश्य है।

# छग को अपराध व लूट की संज्ञा के पहले स्वयं के कार्यकाल पर चिंतन करें डॉ. रमन : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस के प्रवक्ता रुपेश दुबे ने न्याय की बहार वाले छग राज्य को डॉक्टर रमन सिंह द्वारा बार-बार अपराध का गढ़ की संज्ञा देने वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि डॉ रमन सिंह स्वयं आत्म चिंतन करें कि उनके कार्यकाल में किस प्रकार से प्रशासनिक अधिकारी अपराध और आम जनता को मिलने वाले लाभ और सुविधा को लूटने का खुला खेल खेलते थे और उनको उनके नेतृत्ववाली भाजपा सरकार का संरक्षण प्राप्त था। छग से गुजरात, मप्र ,बिहार की तुलना करने पर यह सार्वजनिक करे कि इन राज्यों में किसकी सरकार है। प्रवक्ता दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में नान घोटाला, धान घोटाला, आश्रम छात्रावासों में बालिकाओं के साथ अनाचार, ऑखफोड़वा, नसबंदी कांड हुए। उनके स्वयं के ओएसडी अनाचार के आरोपी हैं। विकास की आड़ में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार कर शासकीय कोष को लूटने का कार्य भाजपा सरकार में हुआ वो जग जाहिर है। सबसे बड़ा आपराधिक कृत्य तो डॉ साहब के स्वयं के निर्वाचन जिले में हुआ। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हितग्राहियों को 12 हजार प्रोत्साहन राशि दिए जाने थे उस पर भी प्रशासनिक तंत्र ने साजिश कर योजना के विपरीत जिले के हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि ना देकर उन राशियों का गबन भी कर लिया और डॉ साहब मौन रहे। उन्होंने कहा कि अपराधियों के व्यक्तिगत आपराधिक मानसिकता से हुए अपराध पर प्रशासन को दोष देना डॉ साहब की हताशा का परिचायक है। भाजपा सरकार में प्रशासनिक अधिकारियों पर भाजपाई दबाव डालकर गलत कार्य करा साजिश पूर्ण खेल खेल कर प्रशासन का दुरुपयोग किया था जिसके चलते के कई शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी न्यायालय के चक्कर काटते घूम रहे हैं ।

## प्रभावित ने विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग की

# गुलाब चक्रवात का असर, दीवारों में दरारें आ गई, सभी घरेलू उपकरण बर्बाद

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




रविवार की दोपहर चक्रवात गुलाब की गरज से लोगों को काफी नुकसान हुआ है। शहर के कई स्थानों पर घरों के सारे बिजली उपकरण खराब हो गए हैं। ऐसा ही एक मामला मोतीपुर में सामने आया है। वार्ड नं. 23 सुभाष चौक के निवासी डॉ. शिवशंकर सिंह के घर के सारे इलेक्ट्रानिक उपकरण आसमानी बिजली के प्रभाव से खराब हो गए हैं। यही नहीं उनके घर की दीवारे में भी दरारे आ गई हैं। उन्होंने इलेक्ट्रानिक उपकरणों के खराब पर विद्युत विभाग से मुआवजे की मांग कर डाली है।

गौरतलब है कि बीते रविवार की दोपहर चक्रवात गुलाब के प्रभाव के चलते भारी गर्जना के साथ आसमानी बिजली का प्रकोप देखने को मिला। शहर के कई हिस्सों से विद्युत उपकरणों के खराब होने की खबरें सामने आई हैं। भवानी नगर, मोतीपुर सहित कई इलाकों में आसमानी बिजली के प्रभाव के चलते लोगों का बड़ा नुकसान हुआ है। घरों के टीवी, पंखे, एसी सहित सभी इलेक्ट्रानिक उपकरण बर्बाद हो गए हैं। डॉ. शिवशंकर सिंह के घर की हालत देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। न केवल उनके घरेलु उपकरण बबार्द हुए हैं बल्कि दीवारों में दरारें आ गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे भारी नुकसान हुआ है। जिसके चलते उन्होंने सीएसपीडीसीएल को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है।

# बेअसर रहा भारत बंद, रैली निकली




पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

किसान संघ के भारत बंद का आह्वान ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिला। कांग्रेस ने भी संघ के बंद आह्वान को समर्थन दिया था। छुरिया इलाके में खुद विधायक बंद को सफल बनाने सक्रिय रहीं। छुरिया में बंद का असर दिखा। वहीं मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी सहित अन्य स्थानों में बंद बेअसर रहा। इस बीच किसान संघ भारत बंद के आह्वान के बीच रैली निकाली। जिले के किसान नेताओं के अलावा कांग्रेस नेता भी इस रैली में शामिल हुए।

## क्विक न्यूज

### सूचना के अधिकार अधिनियम के संबंध में प्रशिक्षण 20 को

**बिलासपुर।** सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(8)(क)(ट) के तहत जिला स्तर पर पदस्थ जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देने के लिए मंथन सभाकक्ष कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर में 20 अक्टूबर 2021 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जिले में अब तक 1064.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में 1 जून से आज तक 1064.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख बिलासपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील में 1086.7 मि.मी., बिल्हा में 976.0 मि.मी., मस्तूरी में 1128.6 मि.मी., तखतपुर में 1084.2 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है। , कोटा तहसील में 1048.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### उधारी रुपए को मांगना महिला को पड़ा भारी

**बिलासपुर।** उधारी के रुपये वापस मांगने पर युवक ने महिला की पिटाई कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने पर उसने अपनी पत्नी को भी पीट-पीटकर घायल कर दिया और घर से निकालने की धमकी दी। हमले में घायल महिला ने कोटा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस पर पुलिस मामला दर्ज कर लिया है। रतनपुर के रेस्ट हाउस के पास रहने वाली राजकुमारी राजपूत एक फैंसी स्टोर चलाती हैं।

### शहर को स्मार्ट और बेजा कब्जा मुक्त करने निगम सख्त


# बेजा कब्जा हटाने निगम का अमला काफी अर्से बाद फिर हुआ सक्रिय

### शनिचरी रपटा के आगे कई पक्के अतिक्रमण तोड़े गए

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम के अमले की उदासीनता से शहर में बेजा कब्जा करने वालों की बा ढ सी आ गई है ।बाजार और मुख्य सड़कों पर ठेलों वालो के विचरण से ट्रैफिक भी बाधित होता है । बीते 5 साल के भीतर सड़को पर ठेले वालों की संख्या कई गुना बढ़ गया है । इन ठेले वालों का पुलिस के पास कोई रिकार्ड नहीं है । दूसरी ओर निर्माण कार्यो का मेटेरियल सड़को पर जमा रहता है लेकिन नगर निगम वाले कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। बेजा कब्जा वालों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वालो से निगम का अमला वसूली कर बेजा कब्जा को और बढ़ावा देते आ रहे है लेकिन लगता है अब अतिक्रमण पर निगम प्रशासन के अधिकारी कुछ गंभीर हुए हैं।

### अतिक्रमण हटाने के बाद चिन्हित स्थानों पर निगरानी जरूरी




### कार्रवाई के साथ सतत निगरानी भी जरूरी

अक्सर नगर निगम द्वारा कार्रवाई करने के बाद लोग बिना किसी डर के फिर से अतिक्रमण कर लेते है। जिससे कार्रवाई का कोई औचित्य ही नही रह जाता, सुबह निगम का अमला कार्रवाई करता है और टीम के जाते ही फिर से लोग अतिक्रमण करने लग जाते है। जिसे देखते हुए जहाँ जहाँ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर की जाती है वहाँ अतिक्रमण शाखा द्वारा निरंतर मोनिटरिंग की ज़रूरत है जिससे अतिक्रमण पर लगाम लग सके। कई मामलों में राजनैतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं हो पाती जिसका खामियाजा जनता भुगतती है और ट्रैफिक जाम की समस्याओं से आम जनता को जूझना पड़ता है। आगे नवरात्रि ,दीपावली जैसे त्योहार है और सड़कों पर दुकानों का अंबार लगेगा ऐसे में नगर निगम और ट्रैफिक विभाग के लिए यह चुनौती होगी।



एक तरफ जहां बिलासपुर शहर को स्मार्ट बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ शहर के मुख्य चौक चौराहों के साथ ही सड़क को घेर कर व्यवसाय करने वाले लोग नगर निगम के लिए आफत बनते जा रहे थे,जिसे देखते हुए नगर निगम कमिश्नर अजय कुमार त्रिपाठी ने जहाँ जहाँ अतिक्रमण हो चुका है ऐसी जगहों को चिन्हित कर नोटिस देने के बाद अतिक्रमण दस्ते को कार्यवाही करने आदेशित किया है। जिस पर लगातार अतिक्रमण शाखा द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है बिलासा चौक, नेहरू नगर, सिम्स अस्पताल, के अलावा विभिन्न चौक चौराहे में कार्यवाही की गई।निगम का अतिक्रमण दस्ता कार्रवाई तो करता है लेकिन दस्ते के जाते ही बेजा कब्जा फिर हो जाता है। शनिचरी बाजार की सड़क को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने और कोतवाली रोड की तरफ के ट्रैफिक को डायवर्ट करने के उद्देश्य से शनिचरी सड़क किनारे के फुटकर व्यापारियों और सब्जी बाजार को चांटीडीह में स्थानांतरित किया गया लेकिन शनिचरी बाजार से ट्रैफिक का दबाव कम नहीं हो पाया क्योंकि शनिचरी में सड़को पर दुकान लगना बंद नही हो पाया।

## फूड प्रोडक्ट की एजेंसी दिलाने का झांसा देकर ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** न्यु स्टार एग्रो फुड प्रा.लि. के प्रोपाइटर अनुज अग्रवाल द्वारा विभिन्न व्यापारियो को फूड प्रोडक्ट का सप्लाई करने, एजेंसी दिलाने के नाम से ऑनलाइन वेबसाइट में लगातार विज्ञापन प्रकाशित एवम प्रसारित कर रही थी इस बीच न्यू स्टार एग्रो के छग , मप्र प्रभारी लक्ष्य श्रीवास्तव के द्वारा बिलासपुर पहुँच कर प्रार्थी संजय चोपडा से एग्रीमेंट कराया गया, जिसके तहत प्रकरण के प्रार्थी संजय चोपडा पिता हरीचंद चोपडा के द्वारा 05 लाख डिपाजिट अनुज अग्रवाल को लक्ष्य श्रीवास्तव के कहने पर किया था। जिसके द्वारा सामान भेजने का अनुबंध हुआ और सामान न्यु स्टार एग्रो फुड प्रोसेसिंग कर मालिक के द्वारा भेजा गया जो सामान डेमेज था जो प्रार्थी के द्वारा बताया गया कि माल डेमेज है कि आप इस माल को वापस ले लो तब अनुज अग्रवाल सामान को वापस मंगाकर दुसरे संस्थान में भेजकर उसका पैसा अपने खाते में डलवा लिया और 05 लाख की धोखाधड़ी किया। इसी तरह एक अन्य व्यापारी से भी ऑनलाइन 2 लाख ट्रांसफर कराकर उसे न कोई फूड प्रोडक्ट दिया न ही कोई कमीशन प्रदाय किया। प्रकरण सदर में प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लेखबद्ध किया घटना स्थल का नजरी नक्शा तैयार किया गया है एवं प्रार्थी के पेश करने पर 07 लाख के चेक जो आरोपी अनुज अग्रवाल के द्वारा दिया गया।

### पकड़े गए आरोपी

अनुज अग्रवाल पिता स्व. रविंद्र अग्रवाल उम्र 43 वर्ष मुजफ्फरनगर, लक्ष्य श्रीवास्तव पिता अरविंद श्रीवास्तव उम्र 27 वर्ष ग्वालियर को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण के गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक कलीम खान, उपनिरीक्षक प्रभाकर तिवारी उप निरी0 सागर पाठक, सउनि शिव चंद्रा, अवधेश सिंह आर. दीपक उपाध्याय, आर मुकेश वर्मा, आर. नवीन एक्का, आर. धर्मेद्र साहू की प्रमुख भूमिका रही ।

## चक्रवाती तूफान गुलाब : रेल प्रशासन

**बिलासपुर।** 26 सितम्बर को भारत के उड़ीसा एवं विशाखापटनम के बीच में चक्रवाती तूफान गुलाब के फलस्वरूप रेल प्रशासन के द्वारा अनेक गाड़ियों को रद्द एवं परिवर्तित मार्ग से रवाना की गयी । इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से जाने वाली गाड़ी को रद्द किया गया । कोरबा से चलने वाली 08517 कोरबा- विशाखापटनम स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। उड़ीसा एवं विशाखापटनम के बीच में चक्रवाती तूफान गुलाब के फलस्वरूप रेल प्रशासन के द्वारा कुछ गाडियों को रद्द किया गया। भारत के उड़ीसा एवं विशाखापटनम के बीच में चक्रवाती तूफान गुलाब के फलस्वरूप रेल प्रशासन के द्वारा अनेक गाड़ियों को रद्द एवं परिवर्तित मार्ग से रवाना की गयी ।

## बिजनेस

# एमवे इंडिया पेश करता है न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस, विज्ञान और नई खोज का उदाहरण

**मुंबई।** देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस 1 को पेश करने के साथ विशेष आहार उपयोग हेतु भोजन की दुनिया (एफएसडीयू) में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस 1 खासतौर पर उन लोगों के लिए है जिनकी हड्डियां कमजोर है इसे संतुलित आहर के भाग के तौर पर लेना चाहिए। क्वेरसेटिन और जैविक रूप से प्राप्त मुलैठी के पेटेंट वानस्पतिक मिश्रण के साथ विटामिन डी3, विटामिन के 2 का इसका अनूठा मेल कमजोर हड्डियों वाले लोगों के लिए विकसित किया गया है। मुलैठी और क्रेरसेटिन अर्क का अपनी तरह का पेटेंटेड सामग्री मिश्रण हड्डियों के घनत्व और कोलेजन उत्पादन में सुधार करता है जो हड्डियों के निर्माण में सहयोग करते हैं। नए लॉन्चट और श्रेणी पर टिप्पहणी करते हुए, एमवे इंडिया के सीईओ, अंशु बुधराजा ने कहा, ''आज की जीवनशैली जो काफी हद तक घर के अंदर सीमित हो गई है उसके कारण दुनिया भर के उपभोक्ता,ओं को पोषण की कमियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मा पोषक तत्वों की कमी एक वैश्विक घटना है और इसके अपने स्वाास्थ्अत और आर्थिक परिणाम हैं। हालिया अध्ययनों से पता चला है कि भारत की 70 प्रतिशत से अधिक लोगों में विटामिन डी की कमी है। कमजोर हड्डी भी शारीरिक परिस्थितियों में से एक है, जो संभावित तौर पर विटामिन डी की कमी के कारण हो सकता है। पोषण क्षेत्र में एक एक वैश्विक नेतृत्वय के तौर पर, न्यूट्रीलाइट के माध्यम से लोगों को बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने के एमवे के सिद्धांत का उदाहरण पेश करते हुए, हमने सप्लीमेंट के लिए वनस्पति-आधारित दृष्टिकोण का बीड़ा उठाया है और सिद्ध किया है और ऐसा करना जारी रखेंगे। भारत में वयस्कों का विटामिन डी बाजार वर्तमान में 250 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है और समग्र पोषण श्रेणी की तुलना में दोहरे अंकों में तेजी से बढ़ रहा है। इस प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए और एफएसडीयू श्रेणी में मौजूदा उत्पाद के साथ, कमजोर हड्डियों वाले व्यक्तियों के लिए न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस1 को आहार के रूप में लॉन्च करते हुए, हमारा लक्ष्य 2025 तक 100 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न करना है। एफएसडीयू श्रेणी पर आगे बोलते हुए, उन्होंने कहा कि हमारे न्यूट्रीलाइट विटामिन सी और न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस कंपनी को आगे ले जाने में प्रमुख चालक होंगे और उम्मोद है कि कंपनी की पोषण श्रेणी में 10 प्रतिशत योगदान करेगी।

### बीएसएच होम अप्लायंसेस रायपुर में निशुल्क सर्विस कैंप का आयोजन करेगा

**रायपुर।** यूरोप का सबसे बड़ा होम अप्लायंसेस निर्माता एवं इस सेक्टर में दुनिया की अग्रणी कंपनियों में से एक, बीएसएच होम अप्लायंसेस रायपुर में 27 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2021 के बीच निशुल्क सर्विस कैंप का आयोजन करेगा। बीएसएच होम अप्लायंसेस के लिए निशुल्क सर्विस कैंप का यह दूसरा चरण है। बीएसएच के सर्विस आर्म्स को प्रमोट करने के उद्देश्य से ये कैंप 10 राज्यों - मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में लगाए जाएंगे। कैंप के पहले चरण का आयोजन भारत के 4 राज्यों - पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरला में किया गया था। इस चरण को बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली और बीएसएच को कैंप के दूसरे चरण से भी इसी तरह के रिस्पॉन्स की अपेक्षा है।

## सोशल मीडिया : उभरती महाशक्ति?

**पुणे।** एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट (एमआईटी-एसओजी) के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के चौथे दिन, जिसे भारतीय छात्र संसद या बीसीएस (भारतीय छात्र संसद) कहा जाता है, में सोशल मीडियाः द इमर्जिंग सुपरपावर पर कुछ मनोरंजक चर्चाएँ देखी गईं? एक तरफ सोशल मीडिया दर्शकों को रियल टाइम न्यूज और अपडेट दे रहा है तो दूसरी तरफ कुछ चुनिंदा लोगों के दुर्भावनापूर्ण एजेंडे का भी शिकार हो रहा है। सोशल मीडिया मूल्यों को जीवन के सभी क्षेत्रों के हितधारकों द्वारा परिभाषित करने की आवश्यकता है ताकि इसका सबसे रचनात्मक तरीके से उपयोग किया जा सके। सोशल मीडिया के कारण नौकरशाह, राजनेताही नही बल्कि और सभी सार्वजनिक हस्तियां अपने कार्यो के प्रति अधिक सतर्क हैं क्योंकि वे इन प्लेटफार्मों पर बड़े पैमाने पर जनता के प्रति जवाबदेह हैं। डॉ. जोस्के बंडर्स, निदेशक, प्रोफेसर बायोलॉजी एंड सोसाइटी, एचओडी डिपार्टमेंट ऑफबायोलॉजी एंड सोसाइटी, एथेना इंस्टीट्यूट, म्स्टर्डम विश्वविद्यालय (वीयू विश्वविद्यालय) सत्र के विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने कहा, एक अवसर या नवाचार के कई पहलू होते हैं, और हर प्रणाली दूसरे पर अत्यधिक निर्भर होती है। एक में परिवर्तन से दूसरे का परिणाम बदल जाता है। मेरा मानना है कि अगर सोशल मीडिया को महाशक्ति के रूप में उभरना है तो इसका रचनात्मक इस्तेमाल करना होगा। ज्ञान और प्रौद्योगिकी के एकीकरण का सही आशयमे एक साथ उपयोग किया जाना चाहिए। मेरा मानना है कि युवाओं के पास अवसरों की छतरी है, और इसलिए उनके लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए व्यावहारिक ज्ञान होना महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एन. संतोष हेगड़े, पूर्व न्यायाधीश, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल और पूर्व लोकायुक्त, कर्नाटक ने सामाजिक मूल्यों की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए।


## आयशर ने जगदलपुर में नई डीलरशिप का उद्घाटन किया

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में अपनी पहुंच का विस्तार किया वीईकमर्शियल वैहिकल्स की बिज़नेस यूनिट,आयशर ट्रक्स एवं बसेस ने एनएच-63, गीदम रोड, परपा पुलिस स्टेशन, जगदलपुर, जिला बस्तर, छत्तीसगढ़ में अपनी 3एस (सेल्स, सर्विस, एवं स्पेयर्स) डीलरशिप अजय ट्रकिंग का उद्घाटन किया। इस डीलरशिप में सर्वश्रेष्ठ ऑपरेटिंगस्टैंडर्ड, विशेष टूल्स, स्पेयर पार्ट्स और असेम्बली की पर्याप्त इन्वेंटरी तथा प्रशिक्षित टेक्नीशियनहोंगे, जोबेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करेंगे। वीईसीवी अपने नेटवर्क के विस्तार में भारीनिवेश कर रहा है। यह उद्घाटन हाल ही में राउरकेला, उड़ीसा में नई 3एस डीलरशिप शुरू होने के बाद किया गया है। इस अवसर पर रमेश राजगोपालन, सीनियर वाईसप्रेसिडेंट आफ्टर मार्केट एवं नेटवर्क डेवलपमेंट, वीईसीवी ने कहा, ''छत्तीसगढ़ ने खुद को भारत के सबसे तेजी से विकसितहोते हुए राज्यों में से एक के रूप में स्थापित कर लिया है। अजय ट्रकिंग उद्योगमें अग्रणी ट्रक व बसों की बिक्री व सर्विसिंग करेगा। इससे जगदलपुर में आयशरवाहनों की बढ़ती मांग पूरी होगी और हमारे ग्राहकों को वाहन के अपटाईम का भरोसामिलेगा।''आयशर के पास उत्पादों की सबसे विस्तृत श्रृंखला में से एक है। इन उत्पादों में4.9-55टीजीवीडब्लू ट्रक और 12-72 सीटर बस हैं। इन उत्पादों का उत्पादन आयशर के यूटेक6 प्लेटफॉर्म पर किया जाता है, जिसमें सबसे भरोसेमंद बीएस 6 इंजन टेक्नोलॉजी है और ये सर्वश्रेष्ठ माईलेज देते हैं। आयशर 100 प्रतिशत वाहनों में उन्नत टेलीमेटिक्स कनेक्ट करने वाला पहला ब्रांड है। यह टेक्नोलॉजी शानदार माईलेज एवं उद्योग के पहले आयशर अपटाईम सेंटर सपोर्ट के साथ बेहतर अपटाईम प्रदान करती है।

## बॉलीवुड


# 28 सितंबर को किसान-मजदूरों के बीच होगा डाक्यूमेंट्री फिल्म लाल जोहार का प्रदर्शन

**रायपुर।** देश के प्रसिद्ध श्रमिक नेता शंकर गुहा नियोगी के जीवन संघर्ष को लेकर निर्मित डाक्यूमेंट्री फिल्म लाल जोहार वैसे तो यू ट्यूब पर जारी कर दी गई हैं, लेकिन फिल्म का एक विशेष प्रदर्शन 28 सितंबर को लौह नगरी दल्ली राजहरा में होने जा रहा है। इस प्रदर्शन के दौरान फिल्म की टीम से जुड़े सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। ज्ञात हो कि 28 सितंबर 1991 को पूंजीपतियों और उनके गुंडों ने श्रमिक नेता शंकर गुहा की हत्या कर दी थीं। नियोगी को शहादत को 30 साल पूरे हो रहे हैं। उनकी स्मृति में निर्मित फिल्म लाल जोहार की इन दिनों खासी चर्चा कायम है। फिल्म का निर्माण व निर्देशन अपना मोर्चा डॉट कॉम के पत्रकार राजकुमार सोनी ने किया है। लगभग 45 मिनट की यह डाक्यूमेंट्री पूरे समय दर्शकों को बांधकर रखती हैं। फिल्म में नियोगी के आंदोलन से जुड़ी पृष्ठभूमि को बेहद सरल और कलात्मक ढंग से समझाया गया है। जबकि नियोगी के हत्या के बाद उपजे सवाल मन को बेचैन और उद्वेलित करते हैं। जो लोग भी शंकर गुहा नियोगी के कामकाज को जानते-समझते हैं...उनके लिए यह फिल्म एक दस्तावेज की तरह हैं। फिल्म में भिलाई के रंगकर्मी जय प्रकाश नायर, सुलेमान खान, अप्पला स्वामी, संतोष बंजारा, शंकर राव, राजेंद्र पेठे के अलावा राजहरा के कलाकार कुलदीप नोन्हारे, ईश्वर, गांधीराम और किशन ने काम किया है। बैकग्राउंड म्यूजिक पुष्पेंद्र साहू ने दिया है। फिल्म में कैमरे व सहायक निर्देशन की जिम्मेदारी तत्पुरुष सोनी ने संभाली है। फिल्म की शूटिंग दल्ली राजहरा व भिलाई में की गई हैं।




## शहनाज गिल की 'हौसला रख' का ट्रेलर आउट सिद्धार्थ शुक्ला को याद कर इमोशनल हुए फैंस





**मुंबई।** शहनाज गिल और दिलजीत गिल की अपकमिंग फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म 15 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। रिलीज के पहले फिल्म के पोस्टर से ही लोगों में एक्साइटमेंट बढ़ गया था, अब ट्रेलर भी आ चुका है। शहनाज के फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड हैं और ट्रेलर काफी पसंद कर रहे हैं।


फिल्म में दिलजीत और शहनाज गिल के साथ सोनम बजवा भी हैं। ट्रेलर में शहनाज काफी क्यूट नजर आ रही हैं। वहीं सिडनाज के फैंस फिल्म का ट्रेलर देख इमोशनल हो रहे हैं। फिल्म में दिलजीत को बच्चे नापसंद करने वाला बंदा दिखाया गया है लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर होता है। वह बच्चे के सिंगल पेरेंट बनकर उसे बड़ा करते हैं। इस दौरान उनके स्ट्रगल्स फनी ट्विस्ट के साथ दिखाए गए हैं। बच्चे का नाम भी हौसला

शहनाज गिल सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के सदमे से उबर नहीं पा रहीं, इस बीच उनके फैंस उन्हें फिर से काम पर वापस देखना चाहते हैं। उनकी पंजाबी फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में फिल्म शहनाज और दिलजीत के रोमांस से शुरू होती है। दोनों को बच्चे पसंद नहीं होते लेकिन शहनाज प्रेग्नेंट हो जाती हैं। इसके शहनाज दिलजीत को तलाक दे देती हैं। बच्चे की कस्टडी दिलजीत को मिल जाती है और वह उसे संभालते हुए काफी परेशान दिखते हैं। फिल्म में उन्हें लोग कई बार हौसला रखने की बात कहते हैं। इंट्रेस्टिंग बात ये है कि दिलजीत ने बच्चे का नाम भी हौसला रखा है। फिल्म में उनका बच्चा बड़ा भी हो जाता है और फिर सोनम बजवा की एंट्री होती है। उनका बेटा उनको लड़की पटाने के टिप्स भी देता है।

## सौ करोड़ रुपये की कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म थी डिस्को डांसर

**नयी दिल्ली।** अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की 1982 में रिलीज हुई फिल्म डिस्को डांसर दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म थी। उनकी नयी जीवनी में यह दावा किया गया है। राम कमल मुखर्जी ने मिथुन चक्रवतीः द दादा ऑफ बॉलीवुड में कहा है कि फिल्म ने शोले (1975) का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। साथ ही बंगाली अभिनेता को हिंदी फिल्म उद्योग के सुपरस्टारों की कतार में लाकर खड़ा कर दिया था। बब्बर सुभाष द्वारा निर्मित तथा निर्देशित डिस्को डांसर में मिथुन ने स्ट्रीट परफॉर्मर जिमी का किरदार निभाया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी, जिसके गीतों को विदेश में भी लोकप्रियता हासिल हुई थी।

मुखर्जी ने पुस्तक के एक अध्याय में फिल्म के बारे में लिखा है, फिल्म ने भारत को डिस्को की दुनिया से परिचित कराया और दर्शक तो बस दीवाने हो गए। मध्य एशिया, पूर्वी यूरोप, रूस, चीन, मध्य पूर्व, तुर्की, और पश्चिम और पूर्वी अफ्रीका सहित विभिन्न देशों में भी फिल्म को शानदार सफलता मिली। पत्रकार-लेखक मुखर्जी ने कहा, वास्तव में, डिस्को डांसर दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म थी। फिल्म का संगीत बहुत हिट हुआ था और इसने कई पुरस्कार जीते। डिस्को डांसर से प्रसिद्ध मिथुन-बप्पी लाहिड़ी की जोड़ी का उदय हुआ।



फिरदोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया, जिनमें से डांस डांस (1987), गुरु (1989), प्रेम प्रतिज्ञा (1989), दलाल (1993) सहित कई अन्य फिल्में सुपरहिट रहीं। रूपा पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित, जीवनी पिछले कुछ वर्षों में मिथुन (71) के प्रिंट और वीडियो साक्षात्कार तथा अभिनेता के परिवार के सदस्यों, निजी कर्मचारियों व साथियों के साथ लेखक की बातचीत पर आधारित है।

# डाक्टर की संदिग्ध मौत का राजफाश दोस्त व स्वजनों का बयान अलग-अलग

## पिता ने कहा-उसका परिवार की एक महिला के साथ संबंध था, जिसके चलते उसकी हत्या की गई

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com



मध्य प्रदेश उमरिया शहडोल के डाक्टर की मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतक डाक्टर के दोस्त अजय का बयान घर वालों ने सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस ने अब डाक्टर की खुदकुशी के मामले की जांच अलग-अलग एंगल पर शुरू कर दी है। वहीं, शार्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा। रविवार को गंज थाना पुलिस ने स्वजनों को शव सौंप दिया। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के उमरिया शहडोल निवासी डा. जितेंद्र विश्वकर्मा (38) की रायपुर के गंज थाना क्षेत्र स्थित संदीप होटल के कमरे संदिग्ध परिस्थिति में शुक्रवार को खुदकुशी कर ली थी। दोस्त अजय निषाद के घटना के समय जोमैटो वाले से खाना लेने के लिए होटल के नीचे गया था। 15 मिनट बीतने के बाद जब वह कमरे में आया तो डाक्टर जितेंद्र का कमरे के फंदे में लटक रहा था। इसके बाद सबको इसकी जानकारी दी गई। मगर, अब डाक्टर के स्वजनों के बयान के बाद मामला उलझता नजर आ रहा है। दोस्त ने शुरुआती पूछताछ में पुलिस को बताया था कि मृतक डाक्टर जितेंद्र विश्वकर्मा का घरेलू विवाद चल रहा था। इससे काफी परेशान था। वहीं स्वजनों ने सीधे तौर पर घरेलू विवाद से इंकार कर दिया है। स्वजन भी खुदकुशी ने आश्चर्य चकित हैं।

पुलिस मृतक के मोबाइल की पड़ताल शुरू कर दी है। सीडीआर के माध्यम से मृतक के मोबाइल की जानकारी निकाली जा रही। वहीं घटना के दौरान उससे पहले आखिरी किससे बात हुई थी, इसकी जानकारी निकाली जा रही।

### पिता ने कहा-जितेंद्र ने खुदकुशी नहीं की

डॉ. जितेंद्र विश्वकर्मा के पिता गोवर्धन विश्वकर्मा ने आरोप लगाया कि जितेंद्र ने खुदकुशी नहीं की, बल्कि यह हत्या है। उन्होंने कहा कि एक युवक के परिवार की महिला के साथ उसके संबंध थे। इसलिए योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई। मृतक के पिता गोवर्धन विश्वकर्मा ने बताया कि इससे पहले उनका परिवार अनूपपुर जिले के राजनगर में रहता था। वे राजनगर कालरी में नौकरी करते थे और उनका बेटा डॉ. जितेंद्र विश्वकर्मा वहीं डिस्पेंसरी चलाता था। यहीं जिले के एक युवक से डा. जितेंद्र की पहचान हुई और उसने परिवार की महिला का कई बार इलाज कराया था। इसी मेल-मुलाकात के दौरान डॉ. जितेंद्र के महिला से संबंध बन गए। उनका कहना है कि कुछ दिन पहले डा. जितेंद्र विश्वकर्मा के फोन पर महिला की बेटी का फोन आया था और वह जितेंद्र को धमका रही थी कि वह उनकी मां के साथ संबंध तोड़ ले। हालांकि, डॉ. जितेंद्र विश्वकर्मा ने उस युवती को समझाया था कि उनका उनकी मां के साथ किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं है। जितेंद्र पिछले एक साल से उमरिया जिले के महरोई में रहकर ही डिस्पेंसरी चला रहा था।

### पत्नी से नहीं था कोई विवाद

गोवर्धन विश्वकर्मा का कहना है कि कुछ समय पहले जितेंद्र को भोपाल ले जाकर हत्या की साजिश की गई थी। वहां कामयाबी नहीं मिली, तो उसे षडयंत्र कर रायपुर में ले जाया गया और होटल के कमरे में हत्या कर दी गई। इधर गंज पुलिस को पूछताछ में मृतक के दोस्त अजय निषाद ने बताया था कि पत्नी से घरेलू विवाद चल रहा है। इसी विवाद के कारण उन्होंने खुदकुशी की है। जबकि उनके पिता गोवर्धन विश्वकर्मा का कहना है कि डा. जितेंद्र का अपनी पत्नी से किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं था। पत्नी सुनीता विश्वकर्मा, उनकी पुत्री और स्वाति व पुत्र विनायक सभी के साथ डा. जितेंद्र महरोई में ही रह रहे थे।

# कलाकारों और साहित्यकारों ने संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत से रविवार को छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग से जुड़े कलाकारों और साहित्यकारों ने सौजन्य मुलकात की। कलाकारों और साहित्यकारों ने संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों और साहित्यकारों को दिए जाने वाले पेंशन योजना के लिए आय-सीमा में बढ़ोत्तरी किए जाने पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत और राज्य सरकार के प्रति आभार जताया।

साथ ही राज्य के कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों, टेक्नीशियनों व छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग से जड़े लोगों के लिए अवसर उपलब्ध कराने के लिए तैयार किए गए छत्तीसगढ़ फिल्म नीति 2021 के लिये भी कलाकारों ने मंत्री भगत को धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि संस्कृति विभाग द्वारा आर्थिक सहायता (पेंशन) योजना के तहत वर्ष 2007 से 60 वर्ष से अधिक एवं ख्यातिप्राप्त तथा आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों व साहित्यकारों को मासिक आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है।

### पेंशन के लिए आय-सीमा में बढ़ोत्तरी पर जताया आभार

इसके लिए पहले आय-सीमा परिवार के अकेले सदस्य के लिए 14 हजार 400 रूपए, दो सदस्यों के लिए 18 हजार रूपए तथा तीन या तीन से अधिक सदस्यों के लिए 24 हजार रूपए निर्धारित था, जिसे राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल और संस्कृति मंत्री के मार्गदर्शन में आय-सीमा में पांच गुणा बढ़ोत्तरी करते हुए परिवार के एकल सदस्य के लिए 72 हजार रूपए, दो सदस्यों के लिए एक लाख 44 हजार रूपए और तीन या तीन से अधिक सदस्यों के लिए दो लाख 16 हजार रूपए कर दिया है। इससे प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा कलाकारों और साहित्यकारों को इसका लाभ मिल सकेगा। कलाकार और साहित्यकारों में सर्वश्री अजय अग्रवाल, दिलीप षडंगी, प्रशांत ठाकर, तारिक खान, रियाज भाई और कुमार पंडित सहित अनेक साहित्यकार एवं कलाकार शामिल थे।

# भारत बंद पर किसानों के साथ हुए विभिन्न संगठन, जय स्तंभ चौक पर किया प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com

किसान संगठनों के भारत बंद का समर्थन में रायपुर के जय स्तंभ चौक में आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, ट्रेड यूनियन समेत विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन किया. इस दौरान मोदी सरकार से कृषि कानून को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन को लेकर धर्मराज महापात्रा ने कहा कि 10 महीने से किसान दिल्ली की सीमाओं पर डटे हुए हैं, लेकिन पीएम मोदी की सरकार उनकी मांगों को नहीं सुन रही. किसानों की जमीन हथियाने के लिए कारपोरेट खेती को आजादी दी गई. आवश्यक वस्तु अधिनियम की प्रक्रिया खत्म कर दी. देश की जनता के सामने खाद्यान्न का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि विद्युत कानून की वजह से चंद कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है. सरकार चर्चा करने के लिए तैयार नहीं है. ये किसान विरोधी काले कानून ला रहे है. संसद के अंदर पीएम मोदी ने बहुमत का दुरुपयोग किया, और अपने अहंकार और घमंड की वजह से देश की जनता को छलने का काम कर रहे हैं. ये लड़ाई बहुत लम्बे समय तक चलने वाली है।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना-ग्रामीण अर्थव्यवस्था हो रही सुदृढ़

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की खेती किसानी के प्रति उत्साह बढ़ा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में न्याय योजनाओं से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उनकी आर्थिक समृद्धि की राह खुल गयी है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान सहित अन्य फसलों का उचित मूल्य मिलने लगा है। राजीव गांधी न्याय योजना की सार्थकता और उसके जरिए होने वाले लाभ का परिणाम है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। किसानों के चेहरे पर खुशी है। उनका अत्मविश्वास बढ़ा है। युवा वर्ग भी कृषि की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड सक्ती के ग्राम सकरेलीकला निवासी राम प्रसाद पटेल ने बताया कि धान के अलावा अब उसे सब्जी-भाजी से भी अतिरिक्त आमदनी हो रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिले आदान सहायता की राशि से उसने सब्जी भाजी के लिए पंप सेट की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि उसकी 2.8 हेक्टेयर कृषि भूमि है। जिसमें उनके द्वारा विगत वर्ष धान की स्वर्णा किस्म की फसल लगायी गई थी। इसके लिए कृषि विभाग का मार्गदर्शन भी उन्हें मिला। पटेल विकासखण्ड एवं जिला स्तर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्पादन अच्छा हुआ और उनके द्वारा समर्थन मूल्य पर 104 क्विंटल धान की बिक्री किया गया। इससे उन्हें 1,94,272 रूपये प्राप्त हुआ। इसके अलावा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत आदान सहायता के रूप में 63 हजार रूपये अतिरिक्त प्राप्त हुआ। पटेल ने आगे बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिली राशि से रबी में सब्जी की खेती के लिए पंप सेट व अन्य सामग्री खरीदा है। सब्जी उत्पादन से भी उसे लाभ मिल रहा है। जिससे उन्होंने आगामी फसल के लिए धान बीज और पौध संरक्षण के लिए दवा की खरीदी की है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिले लाभ से आय का साधन बढ़ गया है। उन्होंने राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से किसानों की आय बढ़ गई है। खेती किसानी के प्रति किसानों का विश्वास बढ़ा है। युवा वर्ग भी कृषि के तरफ आकर्षित हो रहे है।

### राम प्रसाद की बढ़ी आमदनी, धान के अलावा सब्जी भाजी से मिल रहा लाभ

# पब-बार संचालकों को खुली छूट और सरकारी संरक्षण : जोगी कांग्रेस

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के युवा नेता निलेश चौहान ने नवा रायपुर स्थित वाणिज्यिक कर विभाग (आबकारी) जीएसटी भवन में छत्तीसगढ़ आबकारी आयुक्त निरंजन दास से मुलाक़ात कर विधानसभा स्थित अम्बुजा मॉल में देर रात तक चल रहे TMC और EDL पब का लाइसेंस निरस्त करने की माँग की है उन्होंने बताया कि आबकारी अधिनियम का उलाँघन करते हुए TMC और EDL के संचालक द्वारा देर रात तक ग्राहकों को बैठा कर शराब पिलाने का काम किया जाता है और बाहरी लोगों को देर रात तक शराब पार्सल कर बेची जा रही है, इतना ही नहीं 18 वर्ष से कम नबालिग लड़के-लड़कियों की उपस्थिति देखने को मिलती है। युवाओं का भविष्य बिगड़ने के अलावा इससे शहर का माहौल भी खराब हो रहा है और देश का भविष्य कहे जाने वाला युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। निलेश चौहान ने कहा आबकारी अधिनियम के तहत पब,क्लब और बार को दोपहर 12 बजे से 11 बजे रात तक चलाने का समय निर्धारित है, परंतु अंबुजा मॉल के EDL और TMC पब रात 11 बजे के बाद भी नियम का उल्लंघन करते हुए देर रात तक शराब पिलाने का काम कर रहा है। ऐसे में पब संचालक के विरुध कड़ी कार्यवाही करते हुए पब लाइसेंस को निरस्त करते हुए पब को सील करने की माँग आबकारी आयुक्त से की है और मॉल प्रबंधन और सिक्योरिटी पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए मॉल बंद होने जाने पर भी 11 बजे के बाद देर रात तक पब के ग्राहकों को प्रवेश करवाते है और ऐसे गैरकानूनी गतिविधि में शामिल रहते है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ -जे पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष संदीप यदु ने कहा राजधानी के वीआईपी रोड स्थित क्लब भी तय नियम का पालन नहीं करते हुए देर रात तक क्लब में बैठा कर शराब पिलाने का काम किया जाता है।

# पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चुने गए विशाल कुकरेजा



पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com

सिंधी समाज के वरिष्ठगणों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे सभी ने अपनी सहमति प्रदान कर यह निर्णय लिया कि युवा समाज सेवी विशाल कुकरेजा को पूज्य सिंधी पंचायत अमलीडीह के अध्यक्ष (मुखी) पद पर चुना गया एवं सर्व सहमति से युवा विंग के अध्यक्ष पद पर समाज सेवी प्रशांत राज गावरी को चुना गया। बैठक में सिंधी समाज के किशन शर्मा (महाराज), शंकरलाल वरनदानी, कैलाश चंदनानी, विष्णु सचदेव, राजकुमार भाटिया, अमरलाल जादवानी, संतोष लोहाना, अजीत चावला, मुरली आसवानी, नरेश नागदेव, मुरली गावरी, ताराचंद मेघजानी, सुरेश टहल्याणी,योगेश भाटिया,पवन हबलानी,निर्मल बसंतवानी, सोहन बजाज, अनिल नागवानी उपस्थित कैलाश चंदनानी, विष्णु सचदेव, राजकुमार भाटिया, अमरलाल जादवानी, संतोष लोहाना, अजीत चावला, मुरली आसवानी, नरेश नागदेव, मुरली गावरी, ताराचंद मेघजानी, सुरेश टहल्याणी, योगेश भाटिया, पवन हबलानी, निर्मल बसंतवानी, सोहन बजाज, अनिल नागवानी उपस्थित थे।

# इंजीनियरिंग की बजाय एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में बढ़ा रूझान

**रायपुर।** प्रदेश में इंजीनियरिंग की बजाय अब एग्रीकल्चर की पढ़ाई में छात्रों का अधिक रूझान देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों जहां इंजीनियरिंग 11,381 सीटों 10,035 छात्रों ने प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) की परीक्षा दी थी। यानी सीटों से भी कम बच्चे आए थे। वहीं प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) व प्री वेटनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीएटी) में 2,360 सीटों पर दाखिले के लिए 25,602 छात्र परीक्षा देने पहुंचे। यह रूझान साफ करता है कि अब एक बार फिर से बच्चे खेतों की तरफ अपनी जड़ों से जुड़ने के बारे में विचार कर रहे हैं। खेती-किसानी में नवाचार को अपनाकर कई लोगों ने मल्टीनेशनल कंपनी छोड़कर अपना स्टार्टअप भी शुरू किया है। इसका भी असर युवाओं पर पड़ा है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्रदेश में पीएटी की 2300 और पीवीएटी की 60 सीटों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा ली। इसके लिए राजधानी में 13 समेत राज्य में 175 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

# कलेक्टर ने सौंपा अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर सौरभ कुमार ने राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर रायपुर के स्थानांतरण होने पर उनका प्रभार जिले में पदस्थ अधिकारियों को सौपा हैं। इसके तहत सामान्य निर्वाचन/स्थानीय निर्वाचन का कार्य यू.एस अग्रवाल संयुक्त कलेक्टर को सौंपा गया है। इसी तरह अतुल विश्वकर्मा डिप्टी कलेक्टर को नगर दण्डाधिकारी कोतवाली/गोलबाजार/मौदहापारा/गंज का कार्य सौंपा गया है। डॉ. दिप्ती वर्मा डिप्टी कलेक्टर को नाजरात शाखा और भाडा नियंत्रण का दायित्व सौंपा गया है।

# 52 वर्षीय महिला को फेसबुक में दोस्ती पड़ी महंगी

**रायपुर।** डीडी नगर थाना क्षेत्र की 52 साल की शादीशुदा महिला को फेसबुक वाली दोस्ती भारी पड़ गई। एक युवक ने कई महीनों तक महिला से फेसबुक में चैटिंग की। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं, तो युवक रायपुर आ गया। महिला ने उससे मुलाकात की। महिला ने युवक को फोन भी गिफ्ट कर दिया। इसके बाद अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर युवक ने तीन लाख रुपए ऐंठ लिए। पैसे लेने के बाद महिला की बेटी और दामाद को तस्वीरें भेज दीं। यह जानकारी जब स्वजनों को लगी तो महिला ने थाने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपित युवक से वो बीते तीन सालों से फेसबुक पर बातें कर रही थी। आरोपित युवक सूरज चौरसिया अहमदाबाद का रहने वाला है। दोनों के बीच काफी दिनों तक बात होने लगी। युवक ने अपनी मीठी बातों में महिला को फंसा लिया। लाकडाउन में सूरज की नौकरी चली गई थी। ऐसे में उसने महिला से नौकरी लगवाने की मांग की और रायपुर में मिलने आ गया। इसके बाद महिला ने सूरज का रायपुर में रहने का इंतजाम करा दिया और नौकरी लगवाने की कोशिश करती रही। इस दौरान महिला भी सूरज से मिलने लगी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के बारहवें दिन-स्वच्छ स्टेशन परिसर थीम का आयोजन

पायनियर संवाददाता, रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2021 तक आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 27 सितम्बर 2021 को स्वच्छ स्टेशन परिसर थीम पर रायपुर रेल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडल के रायपुर, भिलाई पॉवर हाउस ,तिल्दा -नेवरा, दुर्ग स्टेशनो सहित अन्य स्टेशनों के सरकुलेटिंग एरिया, स्टेशनों के परिसरों को बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। रायपुर मंडल के स्टेशनों पर सरकुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म के साथ ही साथ पूरे स्टेशन परिसर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस दौरान सफाई में उपयोग होने वाली मशीनों, बाटल क्रशिंग मशीन की उपलब्धता, डस्टबीनों एवं सामानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। स्टेशन प्लेटफार्म को गंदगी एवं प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में कार्य किया गया। स्टेशन परिसर,प्लेटफार्म सामान्यतः ज्यादा गंदे होने वाले जगहों की साफसफाई की गई तथा कचरों का निष्पादन किया गया। इसमें स्टेशन परिसर, पटरी के किनारे उगे घास-झाड़ियों,प्लास्टिक कचरे,नालियों की साफसफाई की गई। जीरो वेस्ट कचरा मुक्त प्लेटफार्म और पटरी को लेकर अभियान चलाया गया।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN

NURSING PROGRAMME
B.Sc Nursing 4 years
Post Basic Bsc Nursing 2 years
M.Sc. Nursing 2 years
Medical Surgical Nsg.
Community Health Nsg.
Child Health Nsg.
Mental Health Nsg.

PARAMEDICAL PROGRAMME
Pathology technician 1 year
Operation theater tech. 1 year
X-Ray technician 1 year
Ortho and dresser tech. 1 year



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241000,4241057 | वेब: www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403